चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-241, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 18
कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बताई 17




## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमशः 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

### पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

**एटा, अमृत विचार :** नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है। जानकारी के मुताबिक गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ बेटी को गोली मार दी और शव को खेत में ले जाकर जला रहे थे। एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एएसपीधनंजय सिंह कुशवाह, डीएसपी सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। एएसपी ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई।

# बंगाल में हमले के बाद एनआईए टीम पर ही हो गई एफआईआर

## गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट-बदतमीजी का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी**

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।



### एनआईए ने कहा- हमला बिना उकसावे के हुआ

**नई दिल्ली।** एनआईए ने विस्फोट मामले में गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। एनआईए के प्रवक्ता ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था। ये एनआईए को रोकने का प्रयास था।

### जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता



**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

### एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। बनर्जी ने कहा कि कहा कि यह मिलीभगत जारी है। निर्वाचन आयोग चुप्पी साधकर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने दायित्वों की अनदेखी कर रहा है।

### गुंडों का बंगाल में काफी इलाकों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

# बंगाल में भ्रष्टाचार और खुली हिंसा की छूट चाहती है टीएमसी

**जलपाईगुड़ी (बंगाल), एजेंसी**



- चुनावी रैली में बोले मोदी संविधान की अवहेलना कर रही तृणमूल कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा की खुली छूट चाहती है, यही वजह है कि मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में हमलों का सामना करना पड़ता है। मोदी की टिप्पणी एक दिन पहले एनआईए की टीम पर शनिवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर हमले के बाद आई है। मोदी ने यहां चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार बंगाल में लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है। वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए टीएमसी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमले करवाती है, जब वे यहां काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस कानून और संविधान की अवहेलना कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का सिंडिकेट राज होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में स्थिति ऐसी है कि अदालत को विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। मोदी ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। संदेशखालि में जो हुआ, उसे देश ने देखा है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गरीबों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती को गिरफ्तार करने गई एनआईए पर भीड़ ने हमला किया था। भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। शहर की सत्र अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए उन्हें 10 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

## बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

**बाराबंकी।** बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों के शोर मचाने पर स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। कई थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड, सेना का बम डिस्पोजल दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीम ने ट्रेन की सभी बोगियों की तलाशी ली। टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# कानपुर देहात में आग से दो बच्चियां जिंदा जलीं, मां-बेटा गंभीर

**संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर देहात)**

- भूठादेव गांव में हादसा, आग से बच्चों को निकालने में झुलसी मां

**अमृत विचार :** मंगलपुर क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीण सभी को निकालकर झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को कानपुर के हैलट रेफर किया गया है।

सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव के सोनू नायक के रविवार सुबह काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) और अदिती (3) दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान घर में आग लग गई, जिससे महिला और तीनों बच्चे फंस गए। रीना ने बेटे गौरव को आग से निकाला और शोर मचाया। बेटियों को निकालने के लिए रीना घर में घुसी। ग्रामीण चारों को झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया। अदिती की मौत जिला अस्पताल में हो गई।

# बिजली विभाग पर 40 लाख हर्जाना

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- कानपुर देहात में महिला की करंट से मौत पर मुकरा था विभाग

**अमृत विचार :** कानपुर देहात में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। लापरवाही बिजली विभाग की रही लेकिन, पल्ला झाड़ लिया। मामले की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

भीकादेव बाजार, कहिन्जखरी, रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी नरेंद्र कुमार के मुताबिक 27 जून 2012 को आंधी से यूकेलिप्टस की डाल गिरने से एचटी लाइन टूट गई और एलटी लाइन पर जा गिरी। इससे घर पर करंट फैल गया और इंटवर्टर बंद करने के दौरान पत्नी की चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर बिजली विभाग ने हवाला दिया कि कनेक्शन मेन गेट के अंदर था। इससे गेट में करंट उतर आया और छूने से मौत हो गई। दूसरा तर्क दिया कि पेड़ की डाल टूटकर लाइन पर गिरी और वोल्टेल बढ़ गया। इसमें विभाग की जिम्मेदारी नहीं है।

इस पर नरेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। कहा, बिजली विभाग के दोनों तथ्यों से यह स्पष्ट है कि महिला की मौत आखिर करंट से हुई है और पेड़ की डाल से लाइन टूटी है। जो वन विभाग द्वारा समय पर क्यों नहीं छटवाई गई। आयोग ने लापरवाही मानते हुए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डिवीजन कानपुर देहात पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो घटना के दिन से 12 प्रतिशत अलग से ब्याज से साथ 30 दिन में देय होगा। नहीं तो 15 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

# हिन्दू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

**लखनऊ, विधि संवाददाता**

- हिन्दू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिन्दू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**ललित नारायण मिश्र हत्याकांड**

## हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने वैभव की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में दोषसिद्धि व आजीवन कारावास की सजा को चुनौती दी गई है।

**निपुण भारत मिशन** बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

# लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

**रविशंकर गुप्ता, लखनऊ**

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को प्रदेश के सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।



निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
**-कंचन वर्मा**, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

### आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।



## एक नजर

### पाठ्य-पुस्तक मिलने से बच्चों को मिलेगी सहूलियत




बच्चों को नि : शुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरित करतीं बीईओ।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सोहावल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय हरिबंधनपुर में पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रविता राव रहीं। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा सत्र के प्रारंभ में बच्चों को पाठ्य पुस्तक मिलने से पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रोहित शुक्ला, राजेंद्र कुमार तिवारी, इंद्रपाल उमाशंकर, सुनीता यादव, मालविका पांडे, सुप्रिया पाठक, प्रबंध समिति अध्यक्ष जगदीश वर्मा के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

# आग लगने से छप्पर नुमा 11 घर व सामान जला

## दंपति के हाथ झुलसे, पानी के लिए भटकती रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी

कुमारगंज (अयोध्या)

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर तहसील के सांसद आदर्श गांव तिंदौली के मजरे पूरे बीसा गांव और कटघरा गांव के मजरे धगापुर में रविवार दोपहर लगी भीषण आग में 11 छप्परनुमा घर और सारा सामान जलकर राख हो गया। सामान बचाने के प्रयास में दंपति के हाथ झुलस गए। यही नहीं सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पानी के अभाव में कुछ देर भटकती रही।

गांव तिंदौली के मजरे पूरे बीसा गांव निवासी राजेश कुमार पाल के छप्परनुमा घर से रविवार दोपहर अचानक आग की लपटें उठने लगी। पास पड़ोस के लोग जब तक आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचते तब तक हवा के चलते लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते लपटों ने पड़ोसी राममिलन, भानूकोरी, निहीलाल, राजेश कुमार, जगजीवन, लक्ष्मीप्रसाद, भैयाराम, सत्य कुमार रैदास, अवधेश कुमार रैदास, आदि के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया।



आग बुझाते ग्रामीण।



मौके पर पहुंचे मिल्कीपुर तहसीलदार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

आग पर काबू पाने में असफल रहे ग्रामीणों ने फोन पर इसकी सूचना कुमारगंज पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। कुमारगंज के एसआई अमित कुमार पांडे व कांस्टेबल अवधेश यादव ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुटे लेकिन तेज लपटों के सामने वो भी बेबस रहे। सूचना के करीब आधे घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी कुछ देर तक तो पानी के अभाव में इधर-उधर भटकती रही। बाद में कुछ दूर पर एक प्राइवेट इंजन की सहायता से किसी तरह पानी की व्यवस्था की गई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक सभी 10 घर और उसमें रखा का सारा सामान जलकर राख हो गया। सामान बचाने के प्रयास में सत्य कुमार रैदास व उसकी पत्नी शिव कुमारी के हाथ भी झुलस गये। पीड़ितों का कहना था कि अगर समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच जाती और पानी के लिए न भटकती तो उनका घर-सामान बच सकता था। खबर लिखे जाने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

### तहसीलदार ने दिए राशन उपलब्ध कराने के निर्देश

मौके पर पहुंचे मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने आपूर्ति अधिकारी मिल्कीपुर और तिंदौली गांव के कोटेदार ब्रह्मादीन यादव को मौके पर बुलाकर सभी अग्नि पीड़ितों को खाने-पीने के लिए राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट मिलने के बाद सभी अग्नि पीड़ितों को जल्द ही आपदा राहत कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### साहब! बेटी की शादी का सब सामान जल गया

अग्नि पीड़ितों में मिहीं लाल पुत्र भवानी भीख ने तहसीलदार को रोते-बिलखते हुए बताया कि साहब, मेरी 21 वर्षीया बेटी सावित्री की शादी 18 अप्रैल को शादी है। उसकी शादी के लिए काफी समय से सामान जुटा रहा था। इस आग से जुटाया गया सारा सामान और नकदी भी जलकर राख हो गई। बेटी की मिल्कीपुर तहसील के मीठे गांव से बारात आनी है, अब मैं क्या करूं। मौके पर मौजूद लोगों ने मदद का आश्वासन देकर उसकी हिम्मत बंधाई। वहीं मिल्कीपुर तहसील के कटघरा गांव के मजरे धगापुर में अनीता पुत्री राम जग के घर में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। घर में रखा सामान जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार तिवारी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता कुंवर बहादुर मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने तहसील प्रशासन से अबिलंब सभी अग्निपीडितों को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बाराबंकी हादसे में रूदौली के अयान की भी जान गई

**शुजागंज, अयोध्या । अमृत विचार :** अयोध्या-बाराबंकी सीमा पर घाघरा नदी पर शनिवार को हुए हादसे में रुदौली के ऐथर गांव के रहने वाले एक बालक की भी जान गई है। उसका शव रविवार को घर पहुंचते ही मातम छा गया। ऐथर गांव निवासी अफशान का 10 वर्षीय पुत्र अयान मौसा के यहां चिर्रा गांव गया था। साथियों के साथ वह भी नदी में नहाने चला गया था। गोताखोरों द्वारा शनिवार देर शाम शव बरामद किए जाने के बाद उसकी शिनाख्त हुई और परिवार को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पूरा परिवार घटनास्थल पर पहुंच गया। रविवार को जब उसका शव यहां गांव लाया गया तो सभी शोकाकुल हो गए। पिता अफशान और मां का रो-रो कर बुरा हाल है। बेहद गमगीन माहौल में मृतक बालक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

# उद्देश्य परक हो सोशल मीडिया का उपयोग : नंदी

अयोध्या कार्यालय



दीप जलाकर सोशल मीडिया कार्यशाला की शुरुआत करते मंत्री ।

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में ऐसे वातावरण का निर्माण करना है कि भ्रम फैलाने वाले दल अपने मकसद में विफल हों। हम सभी को उद्देश्य परक सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। ये बातें रविवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहीं। वह कौशलपुरी के एक लॉन में आयोजित सोशल मीडिया लोकसभा स्वयंसेवक सम्मेलन व कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने सोशल मीडिया स्वयंसेवकों को चुनाव को लेकर सक्रिय रहने के लिए कहा। तर्क के आधार पर, सभ्य भाषा व आचरण से सोशल मीडिया पर जवाब देने की बात कही। कहा कि 22 जनवरी को पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या पर थी। मुझे भी आने का मौका मिला। इंडी गठबंधन, ठगबंधन है, ऐसे ठगबंधन को जनता ने नकार दिया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर हमें हमेशा सार्थक भाषा का प्रयोग और अनुचित भाषाओं से बचना चाहिए। कार्यक्रम में बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी कृष्ण शास्त्री, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## एडीजे व सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर के 12 जजों का तबादला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले के सात अपर जिला जज और पांच सीनियर डिवीजन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायिक अधिकारियों का तबादला गैर जनपद हुआ है। पांच अपर जिला जज और इतने ही सिविल जज सीनियर डिवीजन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायिक अधिकारियों को अन्य जनपदों से जिले के लिए स्थानांतरित किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी सूची में स्थानांतरित सभी जजों को 15 अप्रैल तक अपना पदभार हस्तांतरित करना है। सूची के अनुसार जिले में कार्यरत अपर जिला जज यशपाल को हरदोई, शैलेंद्र सिंह यादव को उन्नाव, बृजेश कुमार सिंह व एकता सिंह को लखनऊ, अमित पांडेय को रायबरेली, अभिषेक बगड़िया को अलीगढ़ व कुलदीप को रामपुर स्थानांतरित किया गया है। अपर जिला जज स्तर के रवि कुमार गुप्ता लखनऊ से, निरुपमा विक्रम हरदोई से, शिवानी जायसवाल लखनऊ, अल्पना सक्सेना उन्नाव और अर्चना तिवारी को रायबरेली से जिले के लिए स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार सिविल जज सीनियर डिवीजन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर के भव्या तिवारी को उन्नाव, प्रशांत शुक्ला को अलीगढ़, आमिर सुहैल कौशांबी, पल्लवी सिंह मिर्जापुर और रिचा वर्मा को हरदोई जिले के लिए स्थानांतरित किया गया है। रायबरेली से सतीश कुमार मगन गाजियाबाद से, सुधांशु शेखर उपाध्याय हरदोई से, अंशु माली पांडेय, महेंद्र सिंह पासवान फतेहपुर से व मेरठ से विनोद शर्मा को जिले के लिए स्थानांतरित किया गया है।

# सोशल मीडिया पर लागू होगी आचार संहिता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता सोशल मीडिया पर भी लागू होगी। सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट डालने पर कार्रवाई हो सकती है तो इस पर विज्ञापन का खर्च भी प्रत्याशियों के खर्च में जोड़ा जाएगा।

चुनाव के दौरान ट्विटर, फेस बुक, यू ट्यूब, जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म का प्रयोग बहुत होता है, लेकिन चुनाव के दौरान पोस्ट डालने से पहले रिटर्निंग अफसर से अनुमित लेनी होगी। चुनाव आयोग ने इसको लेकर निर्देश जारी किया है। आयोग का मानना है कि सोशल मीडिया और बेबसाइट भी केबल टीवी और रेडियो की तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी बगैर अनुमति के सोशल मीडिया का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं कर सकते। बताया गया है कि सोशल मीडिया जैसे टविटर, फेसबुक, यू ट्यूब आदि पर कोई भी विज्ञापन देने के पहले इसका प्रमाणीकरण कराकर अनुमति ली जानी चाहिए। निर्वाचन विभाग के मुताबिक यह अनुमति मीडिया सर्टिफिकेशन ऑफ मॉनीटिरंग कमेटी देगी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही एमसीएमसी गठित कर दी जाती है। इस पर आन वाला खर्च उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को चुनाव खर्च में शामिल किया जाता है। इसमें सोशल मीडिया चलाने वाले कर्मचारियों को दिए जाने वाले पैसे भी शामिल होते हैं।

### नियम का करें पालन

बताया गया है कि सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं का जानी चाहिए जो अश्लील, भेदभावपूर्ण, धमकी देने वाली या परेशान करने वाली, व्यक्तिगत रूप से आक्रामक, अपमानजनक या अवैध हो। ऐसा होने पर कार्रवाई भी हो सकती है।

## सार-संक्षेप

### शार्ट सर्किट से 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



आग लगने से जली गेहूं की फसल।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैसौली में रविवार दोपहर बाद विद्युत शार्ट सर्किट से गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। करीब चालीस बीघा फसल आग की भेंट चढ़ गई। रविवार दोपहर 3 बजे ग्राम भैसौली में विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने से ग्राम भैसौली के मुशीर खान, हयात खान, नूरबानों आदि की 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान ओम प्रकाश यादव ने आग लगने की सूचना मवई पुलिस व फायर ब्रिगेड को दिया। मवई थानाध्यक्ष आशा शुक्ला, उपनिरीक्षक हैदर अली ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। बाद में पहुँची फायर ब्रिगेड की सहायता से पूरी तरह से आग बुझाई गई। मवई थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि लगभग 30 से 35 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है।

### महिलाओं ने किया सड़क चौड़ीकरण का विरोध



एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचीं पीड़ित महिलाएं।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल में रौनाही पड़ाव से ड्योढ़ी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आने वाली भवन स्वामी महिलाओं ने रविवार को विरोध जताया। उन्होंने एसडीएम सोहावल को ज्ञापन देकर चौड़ीकरण रोकने की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि शासन के निर्देशानुसार साढ़े सात मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण से पहले कोई सूचना या क्षतिपूर्ति मुआवजा नहीं दिया गया। इसके चलते लगभग 48 परिवार घर विहीन हो रहे हैं। जिसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। महिलाओं ने उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि ज्ञापन संबधित विभाग को भेजा जा रहा है। इनकी समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा।

### आपसी टकराव समाज के लिए घातक

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र से अमानीगंज ब्लॉक के रायपट्टी गांव में भारतीय क्षत्रिय समाज की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि छेदी सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छेदी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज इस समय छोटे-छोटे विवाद को लेकर आपस में टकराव की स्थिति में चल रहा है जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने क्षत्रिय समाज के लोगों का आह्वान किया कि सब लोग एकजुटता का परिचय दें। उपेंद्र सिंह व राकेश प्रताप सिंह ने भी क्षत्रिय समाज की एकता पर बल दिया। युवा नेता आनंद सिंह ने कहा कि क्षत्रिय वर्ग चाह ले तो जिसको चाहे सड़क से सदन तक पहुंचा सकता है। आयोजन राकेश प्रताप सिंह के संयोजन में किया गया। संचालन डॉ. अर्जुन सिंह ने किया। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सदस्य भगवान बक्श सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, शभूं सिंह आदि मौजूद रहे।

### बूथों पर होगी टिफिन बैठक, प्रबंधन पर होगा मंथन



चुनाव कार्यालय में बैठक लेते महानगर प्रभारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय पर महानगर चुनाव संचालन समिति व कोर कमेटी की बैठक रविवार को हुई। इसमें बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गई। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि कुल 20 कार्य हैं जिनकी चर्चा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन, शक्ति केंद्र व बूथ बैठक की में करनी है। इन्हीं कार्यों में टिफिन बैठक में उस बूथ में निवास करने वाले सभी पदाधिकारी को शामिल होना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ की बैठक में इस बात की चर्चा करनी है कि प्रत्येक वोटर को मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व तक पर्ची मिल जाए। बैठक में विधानसभा प्रभारी अशोक कसौधन, संयोजक रमापति पांडेय तिलक राम मौर्य, प्रतीक श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया आठवां वार्षिकोत्सव




वार्षिकोत्सव में स्मारिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल शिक्षा क्षेत्र लोहिया पुल स्थित भवदीय ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस का आठवां वार्षिकोत्सव रविवार को धूम से मनाया गया। इस अवसर पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को उत्साह वर्धन होता है। कॉलेज के सचिव अवधेश वर्मा ने संस्थान की जानकारी दी। प्रबंध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा ने कहा मां की गोद से सभ्यता जन्म लेती है और संस्कृत विस्तार पाती है। इससे पूर्व चेयरमैन पी एन वर्मा, निदेशक डॉ. संजय कुशवाहा, विधायक रामचंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ला सहित स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मोबाइल की दुकान पर विवाद के बाद हुई मारपीट

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बेनीगंज चौराहा स्थित एक मोबाइल मरम्मत की दुकान पर वाद-विवाद के बाद मारपीट हो गई। पीड़ित ने शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कुछ लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कराई जा रही है।



सपा कार्यालय पर रविवार शाम आयोजित रोजा इफ्तार में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

## सपा के रोजा इफ्तार में हुई अमन के लिए दुआ

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर रविवार देर शाम महानगर और जिला कमेटी के संयोजन में रोजा इफ्तार हुआ। कैंट टाटशाह मस्जिद के नायब इमाम मौलाना अब्दुल मुतीत ने रोजदारों को नमाज अदा कराई। मुल्क के अमन चैन के लिए सभी ने दुआएं मांगी। आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा रमजान का महीना इबादत का महीना है। इसमें सभी लोगों की दुआएँ कबूल होती है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव, प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मो. हलीम पप्पू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार ने किया प्रदर्शन सीएम-डीजी को भेजी शिकायत

तारुन, अयोध्या



पुलिस चौकी पर प्रदर्शन करते आक्रोशित लोगों को समझाती पुलिस।

**फॉलोअप**

**संदिग्ध हाल में पेड़ की डाल से लटका मिला था युवती का शव**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्यासपुर ग्रामसभा के पुरवे सकठपुर निवासी बीए अंतिम वर्ष की छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में रविवार को परिजनों व क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस चौकी पहुंच प्रदर्शन किया है। पुलिस ने समझा-बुझा और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए ऑनलाइन शिकायत मुख्यमंत्री, डीजीपी तथा राज्य महिला आयोग को भेजी है। पुलिस ने दो डाक्टरों के पैनल से छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

शनिवार की सुबह 10 बजे घर से गेंहू की फसल की कटाई करने के लिए तमसा नदी के किनारे स्थित अपने खेत पर गई छात्रा सोनी (20) पुत्री मलखान निषाद का शव उसके खेत स्थित एक पेड़ की डाल से उसके ही दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका मिला था। भैंस चराने के लिए खेत की ओर निकली विमलावती को सिवान में मौजूद गांव के बच्चों ने शव के लटके होने की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया था। रविवार को हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए ग्यासपुर पुलिस चौकी का घेराव किया गया। मृतका की मां का आरोप है कि पुत्री ने मठिया गांव निवासी युवक सनी की ओर से परेशान किये जाने की शिकायत की थी। वह उलाहना देने गई तो युवक ने पुत्री की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी थी। इसी के चलते उसने दो अन्य लोगों की मदद से हत्या पुत्री की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को डाल से लटका दिया। थाना अध्यक्ष ओपी राय का कहना है कि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

**हालात** बन रहा ओवरब्रिज, संकरे मार्ग से गुजारे जा रहे वाहन


# राजधानी जाना है तो घंटे भर पहले निकलिए

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रात में राजधानी लखनऊ जाना है तो कम से कम घंटे पहले घर से निकलिए। वजह रात में सहादतगंज पुराने ओवरब्रिज के पास जाम लग रहा है। यहां इंतजार करना पड़ेगा। यहां शनिवार रात 10 बजे के बाद लंबा जाम लगा। वाहनों की लंबी लाइन रही। करीब आधा घंटा लोग परेशान हुए। धीरे-धीरे करके वाहन आगे बढ़े तो जाम खुला।

सहादतगंज में एक लेन पर ओवरब्रिज पहले से है। इससे जुड़े सहादतगंज ओवरब्रिज के बगल दूसरे लेन पर भी अब ओवरब्रिज बनाने के लिए काम शुरू हो गया है। बड़ी मशीनें लगी हैं। खोदाई के साथ जमीन पर काम शुरू हो गया है। इस लेन पर खोदाई के कारण यहां भी वाहन सर्विस लेन से निकाले जा रहे है। लेन सकरी है। ऊबड़ खाबड़ भी है। देर शाम से भोर में यातायात दबाव बढ़ जाता है। बड़े वाहनों के साथ ट्राला ओर चार पहिया वाहन निकलते हैं। यहां यातायात को लेकर यहां कोई व्यवस्था नहीं दिखी। काम करने वाले लोगों का कहना है कि खोदाई के कारण वाहन सर्विस लेन से निकाले जा रहे हैं।

**सहादतगंज के पास रात में लग रहा जाम**



सहादतगंज ओवरब्रिज के पास लगा जाम। अमृत विचार

### अंडरपास से निकल जाम में फंस रहे वाहन

निर्माण के चलते शहर से जाने वाले वाहनों को सहादत अंडरपास के पास वाहनों को बढ़ई की पुरवा की तरफ मोड़ा जाता है। यहां अंडरपास से होकर यह वाहन सहादतगंज की निर्माणाधीन लेन पर पहुंचते है। यहां जाम में फंस जाते है। कई वाहन चालक यहीं से वाहन मोडने लगते हैं। इससे भी जाम लग जाता है।

### खराब है सर्विस लेन

सर्विस लेन खराब है। उबड़ खाबड़ है। मरम्मत को अधूरा कह सकते है। धूल उड़ती है लेकिन पर्याप्त पानी का छिड़काव नहीं दिखता। ऐसे में वाहनों से धूल भी उड़ रही है।

# अवैध संबंधों के चलते की गई थी अधेड़ की हत्या

अयोध्या कार्यालय

**फॉलोअप**

**एक बाल अपचारी समेत तीन गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म बाबा के सामने शारदापुरम कालोनी में अधेड़ ट्रक चालक की हत्या अवैध संबंध के चलते की गई थी। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है। एक बाल अपचारी समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

शनिवार की भोर नगर शारदापुरम कालोनी स्थित संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा के मकान में देवरिया जनपद के बरहज थाना क्षेत्र स्थित कटरिया निवासी ट्रक चालक 50 वर्षीय सदाशिव तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी की ईंट के अद्धे से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। मकान को देखरेख के लिए रौनाही थाना क्षेत्र निवासी एक अधेड़ महिला को दिया गया था। पुलिस ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से साक्ष्य संकलन कराया था। मामले में मृतक के भाई ट्रक चालक उमेश तिवारी हालपता कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज स्थित हंसनगर कॉलोनी निवासी ने देर रात तीन के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को नगर कोतवाली पुलिस ने फोरलेन बाईपास स्थित साईं दाता कुटिया के पास से रौनाही थाना क्षेत्र के पिरखौली निवासी किशन उर्फ़ गोपी किशन, एक बाल अपचारी व गोंडा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित मुड़ाडिहा निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है।

### विधवा के साथ लिव इन में था अधेड़

तहकीकात में यह बात सामने आई है कि मृतक इस मकान की देखरेख करने वाली अधेड़ विधवा महिला के साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। शुक्रवार की देर रात महिला के बेटे ने मृतक को अपनी मंदबुद्धि बहन के साथ आपत्तिजनक हाल में देख लिया था। इसके बाद उसरू से अपने भाई किशन उर्फ़ गोपी किशन को बुला लाया। शराब के नशे में वाद-विवाद के बाद बाल अपचारी, उसके भाई व मकान पर ही रहने वाले पवन कुमार ने सदाशिव तिवारी की हत्या कर दी। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि बाल अपचारी को बाल न्यायालय तथा अन्य को अदालत पर प्रस्तुत किया गया है।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646





**रोजा**

शिया
सहरी : 04.21 बजे
इफ्तार : 06.36 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### पीली ईंट से निर्माण पर ग्रामीण भड़के, काम बंद

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम खंड पिपरा में इंटरलॉकिंग निर्माण में पीली ईंट लगाए जाने का आरोप लगा रविवार दोपहर ग्रामीणों ने हंगामा कर निर्माण कार्य बंद करा दिया। शिकायत पर अधिकारी के मौके पर न आने पर ग्रामीण सोमनाथ, राम सुमिरन रावत, रामदीन, रमेश आदि ने हंगामा कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम ने बताया इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य में कुछ ईंट कम पड़ गई थीं। जिसे लेकर नाराजगी थी। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह ने अच्छी ईंट लगाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

# सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि चर गए भू-माफिया

- सीलिंग, बंजर और नालों तक पर अवैध प्लाटिंग कर विकसित कर दीं कॉलोनियां
- रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) में पंजीकृत एक भी प्रॉपर्टी डीलर नहीं
- अयोध्या विकास प्राधिकरण की अनदेखी लोगों पर पड़ रही भारी

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण की अनदेखी लोगों पर भारी पड़ रही है। पांच वर्षों में भू-माफिया सैकड़ों एकड़ कृषि, बंजर और सीलिंग की भूमि चर गए। नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की बाढ़ आ गई। यही नहीं रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) में एक भी प्रॉपर्टी डीलर पंजीकृत नहीं है।

गंभीर बात यह है कि रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा एक्ट यहां अभी प्रभावी ही नहीं किया जा सका है। इसी के चलते नगर क्षेत्र में कितने प्रॉपर्टी डीलर या बिल्डर है? प्राधिकरण के पास इसका पूरा ब्योरा ही नहीं है। बतौर प्लाटिंग ठेकेदार 150 ही प्राधिकरण में सूचीबद्ध है हैं। हकीकत यह है कि इससे तीन गुने से अधिक प्रॉपर्टी डीलर विनियम क्षेत्र में सक्रिय हैं। एक्ट के तहत प्रॉपर्टी डीलर का रेरा में पंजीकृत होना आवश्यक है। रेरा से अनापत्ति प्रमाणपत्र के बाद ही वो कॉलोनी बसाने के लिए प्लाटिंग का काम कर सकता है। जबकि यहां हो इसके उलट रहा है। बड़ी संख्या में कृषि योग्य, बंजर और सीलिंग की जमीन पर अवैध प्लाटिंग का धंधा किया जा रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र में भूमाफिया कृषि योग्य भूमि, सीलिंग, बंजर व नदी-नालों तक की जमीन को अवैध रूप से अपने-अपने रकबों में मिलाकर खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। हाल यह है कि खरीदारों को इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। इसके नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान है।


शहर से सटे मऊ यदुवंशपुर पलिया शाहबदी में फैली अवैध प्लाटिंग। अमृत विचार

### रेरा में ये है सजा का प्रावधान

रेरा अधिनियम की धारा 59 से 72 में अपराध, दंड और न्याय निर्णयन के संबंध में प्रावधान है। अधिनियम की धारा 59, 60 और 62 रेरा के तहत गैर-पंजीकरण के लिए प्रमोटरों और रियल स्टेट एजेंटों को सजा का प्रावधान है। रेरा एक्ट में प्रमोटर, रियल स्टेट एजेंट आदि के लिए अलग-अलग सजा है। जो रेरा एक्ट की उल्लंघन करने पर प्रोजेक्ट की लागत के हिसाब से 10 से 50 प्रतिशत जुर्माने के साथ एक से तीन वर्ष की जेल तक हो सकती है।

> जहां भी कृषि बंजर और सीलिंग की भूमि पर अवैध प्लाटिंग होगी कार्रवाई की जाएगी। मूलतः यह जिम्मेदारी अयोध्या विकास प्राधिकरण की है फिर भी तहसील प्रशासन द्वारा इसकी दिखवाया जायेगा। कृषि भूमि पर कदापि आवासीय निर्माण नहीं हो सकता है। **-राजकुमार पाण्डेय, एसडीएम, सदर।**

### इन क्षेत्रों में जमकर हो रही अवैध प्लाटिंग

सदर तहसील क्षेत्र के मसौधा उसरू, जनौरा, बाईपास, रेतिया, डूब क्षेत्र, लखनऊ रोड पॉलीटेक्निक के निकट, शहनवां, सुल्तानपुर रोड समेत नगर के भीतरी इलाके में जमकर खेल चल रहा है। इतना ही नहीं गोरखपुर - लखनऊ हाईवे के किनारे 48 से अधिक लोगों ने सैकड़ों एकड़ जमीनों की प्लाटिंग की है। इनका कोई प्रोजेक्ट रेरा में पंजीकृत नहीं है। सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदारों की तरफ से इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, ये अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

### जानिए क्या है रियल स्टेट अधिनियम

रियल स्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016, एक ऐसा अधिनियम है, जो घर खरीदारों की रक्षा करने के साथ-साथ रियल स्टेट उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने में मदद करता है। अधिनियम रियल स्टेट क्षेत्र के विनियमन के लिए प्रत्येक राज्य में एक रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) स्थापित करता है और त्वरित विवाद समाधान के लिए एक निर्णायक निकाय के रूप में भी कार्य करता है। रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन भूमि के प्लाटिंग का कारोबार जिले में धड़ल्ले से चल रहा है।

> रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए प्रकिया चल रही है। कोई आवेदन आता है तो परीक्षण के बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होगी। अवैध प्लाटिंग को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को भी जमीन खरीदते समय सावधानी बरतनी चाहिए। **-सतेंद्र सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण।**

## साइबर ठगों ने खाली किया ट्रैफिक दीवान का खाता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** साइबर ठगों ने अयोध्या विशेष ड्यूटी में आये यातायात शाखा के एक मुख्य आरक्षी का बैंक खाता खाली कर दिया। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। बागपत में यातायात पुलिस में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात मूल रूप से सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र स्थित सत्सरा शिव मंदिर के बगल निवासी रामबक्श की ड्यूटी अयोध्या में लगाई गई थी। वह विशेष ड्यूटी पर दो मार्च को रामनगरी आया था। मुख्य आरक्षी रामबक्श का कहना है कि यातायात विभाग के ही उपनिरीक्षक को आवश्यकता के चलते उन्होंने अपने फोनपे से रकम ट्रांसफर की थी, लेकिन किसी कारण रकम उनके खाते में नहीं पहुंची। जिसको लेकर उन्होंने गूगल से फोनपे का कस्टमर केयर नंबर खोजा और रकम ट्रांसफर न होने के कारण जानने के लिए सुबह सात से आठ बजे के बीच कई बार फोन किया। कुछ देर बाद उसी नंबर से फ़ोन आया और फोन करने वाले ने शिकायत सुनने के बाद मोबाइल से *401# डायल करवा कॉल और मैसेज अपने मोबाइल नंबर पर सक्रिय कर लिया तथा बैंक खाते से रकम निकासी शुरू कर दी। रकम निकासी का मैसेज आना शुरू हुआ तो उनको ठगे जाने की जानकारी हुई तथा साइबर हेल्प नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। बाद में लिखित शिकायत अयोध्या कोतवाली पुलिस को दी। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि शिकायत पर संबंधित मोबाईल नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। तहकीकात कराई जा रही है।

# रामजन्मभूमि के लॉकर से 14 मोबाइल व नकदी गायब

- आंध्रा के श्रद्धालुओं ने दो बैग में रख किया था जमा
- प्रदेश सरकार और ट्रस्ट से गुहार के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** रामजन्मभूमि मंदिर स्थित लॉकर से पहली बार मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आंध्र प्रदेश निवासी श्रद्धालु की प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से गुहार के बाद रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आंध्र प्रदेश के 140 श्रद्धालुओं का एक दल मार्च माह के अंतिम सप्ताह में धार्मिक पर्यटन के लिए निकला था। विशाखापत्तनम के दुर्गानगर अरिलोवा कॉलोनी निवासी के गनेश्वरी का कहना है कि वह लोग 31 मार्च को अयोध्या पहुंचे। दूसरी पहर रामलला के दर्शन करने के लिए राममंदिर गए थे। दल में शमिल श्रद्धालुओं का 14 मोबाइल और एक-दो हजार रुपये दो बैग में रखकर साढ़े चार बजे रामजन्मभूमि के लॉकर नंबर 12 में जमा किये थे। रामलला के दर्शन करने के बाद सभी लौटे और अपना गुलाबी व बिस्कुट रंग का बैग लेने पहुंचे तो सारा सामान गायब और लॉकर खाली मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया तो एक शख्स लॉकर नंबर 12 से उनके दोनों बैग निकालकर जाते दिखा। पीड़ित का कहना है कि दोनों बैग में कुल 11 स्मार्टफोन व तीन कीपैड फोन थे। रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि पीड़ित ने अपनी शिकायत ई-मेल से भेजी थी। अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से मिले सुराग के आधार पर आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी की कार्रवाई कराई जा रही है।


जन्मभूमि पथ पर बने लॉकर से सामान निकालकर वापस जाते श्रद्धालु। (फाइल फोटो)


### टाल मटोल करती रही पुलिस, अधिकारियों ने भी नहीं उठाया फोन

पीड़ित का कहना है कि शहर और इसकी भौगोलिक स्थिति से अपरिचित होने के चलते हम लोग थाने नहीं जा सके और उसी दिन वाराणसी लौट गए। वाराणसी में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर वापस भेज दिया। विशाखापत्तनम वापसी की ट्रेन होने के चलते वह लोग वापस चले गए तथा वहां पहुंचकर यूपीकॉप पर चोरी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से कार्रवाई कराने की गुहार की। उनका यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को फोन किया लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

## दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार, सजा पर सुनवाई आज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पीड़िता को बहला फुसला कर घर से ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल की अदालत से हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे ने बताया कि घटना 13 नवंबर 2020 की है। मवई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की भाभी अयोध्या में अस्पताल में भर्ती थी। उनके गांव का युवक फहीम उसके घर पहुंचा और कहा की तुम्हारी भाभी ने तुमको अस्पताल बुलाया है। बहकावे में आकर पीड़िता उसके साथ गई। युवक उसे अस्पताल न ले जाकर दूसरी जगह ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़िता को 20 नवंबर को खोजकर आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया।

**सार-संक्षेप**


छोटी देवकाली मंदिर में लगाई गई रेलिंग। अमृत विचार

### छोटी देवकाली मंदिर में भी लगी रेलिंग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल नवरात्र और रामनवमी मेला नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। राम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी सहित नवरात्रि में छोटी देवकाली मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। छोटी देवकाली मंदिर में भी प्रवेश के लिए रेलिंग लगाई गई हैं। आने वाले भक्त लाइन लगाकर ही दर्शन प्राप्त कर सकेंगे। अयोध्या रामपथ स्थित छोटी देवकाली मंदिर प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना गया है। शास्त्रों में इस मंदिर का वर्णन है कि माता सीता जब जनकपुर से भगवान राम के साथ विवाह कर अयोध्या आ रही थी तो उसी समय अपनी कुलदेवी माता गौरी की प्रतिमा को साथ लेकर आई थी। रामकोट क्षेत्र के उत्तर दिशा स्थित सप्तसागर कुंड के किनारे स्थापित किया था। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि रामनवमी मेला को देखते हुए मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था बनाई गई है। राम जन्मभूमि पथ पर दर्शन कराए जाने के लिए रेलिंग लगाई गई हैं। भक्ति पथ पर रेलिंग लगाने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। इसके साथ ही अयोध्या के अन्य प्रमुख मंदिरों को चिह्नित कर दर्शन की व्यवस्था कराई जा रही है। छोटी देवकाली मंदिर में भी रेलिंग की व्यवस्था कराई गई है।

### मेले से पहले तैयारी पूरी कराने का निर्देश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आयुक्त गौरव दयाल और डीएम नितीश कुमार ने संबंधित विभागों को मेला शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरा कराने का निर्देश दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से नगर निगम क्षेत्र और आसपास लगभग 100 एलईडी वाल लगवाएगा। उपनिदेशक सूचना डॉ.मुरलीधर सिंह ने बताया कि राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम रामनवमी का दूरदर्शन के नेशनल एवं डीडी न्यूज चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग भी लगभग 50 एलईडी वाल लगाने की तैयारी कर रहा है। एलईडी की स्थापना 14 अप्रैल से होगी। एलईडी वाल स्थापना की सूची बनाई जा चुकी है। कार्यों की समीक्षा अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार कर रहे हैं।

### महिला चिकित्सक की तैनाती की मांग


विधानपरिषद सदस्य हरि ओम पाण्डेय को मांग पत्र सौंपतें सभासदों के प्रतिनिधि मंडल।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला चिकित्सक की तैनाती, एक्स-रे अल्ट्रा साउंड और पैथलैब क़ो शुरु कराने की मांग क़ो लेकर रविवार क़ो सभासदों के प्रतिनिधि मंडल ने विधान परिषद सदस्य/पूर्व सांसद हरि ओम पाण्डेय को मांग पत्र सौंपा। सभासद आरती जायसवाल के नेतृत्व में पहुंचे सभासदों ने बताया कि इसके लिए कई बार अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति/डीएम को पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला डॉक्टर न होने से महिलाओं को परेशानी हो रही है। एमएलसी ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सभासद प्रशांत गुप्ता, तमसा बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष व सभासद एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव अशोक चौरसिया, सभासद ध्रुव भोजवाल, यंग्स क्लब के गिरजा शंकर सिंह, साहित्यकार डॉ. दिनेश कुमार चौधरी, शैलेश सिंह, दिनेश कुमार जायसवाल मौजूद रहे।

### पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा


पैदल मार्च करते सीआईएसएफ के जवान। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** आगामी रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सरयू घाट, राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा को लेकर बैरियर सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए रविवार की दोपहर सीआईएसएफ के जवानों ने पैदल मार्च किया।

# इंटरनेशनल क्वारनटाइन वार्ड बनाया गया


- विदेश श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती देख पांच बेड भी किए गए आरक्षित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यहां विदेशी श्रद्धालुओं के आने का क्रम भी जारी है। रामनवमी पर भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए जिला अस्पताल में इंटरनेशनल क्वारनटाइन वार्ड बनाया गया है। इन वार्डों में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

जिला अस्पताल के नए भवन के पीछे प्राइवेट वार्ड का संचालन किया जा रहा था। वार्डों के चार्ज को लेकर अभी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। अभी उसमें लगने वाले चार्ज को लेकर किसी भी तरह का जीओ नहीं आया है। इस वजह से वहां मौजूद पांच वार्डों को इंटरनेशनल क्वारनटाइन वार्ड में तब्दील कर दिया गया है। हर वार्ड में एक बेड, बेंच, स्टूल, चिलमची, अलग लेट्रीन-बाथरूम व किचन की सुविधा भी दी गई है।

सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि विदेशों की तुलना में भारत का मौसम काफी अलग होता है। इसे देखते हुए इन वार्डों को आरक्षित किया गया है।


वार्ड के बाहर इंटरनेशनल ट्रेवलर क्वारंटाइन की स्लिप लगा दी गई है।

### ओपीडी परिसर में तैयार हो रहा पर्चा काउंटर

गर्मी का मौसम आते ही मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इसे देखते हुए ओपीडी के निकट मरीजों के लिए बने शेड के नीचे एक पर्चा काउंटर बनाया जा रहा है। अभी तक इमरजेंसी के सामने और नए भवन में ओपीडी में चिकित्सकों को दिखाने के लिए पर्चा बनता था। इस नए पर्चा काउंटर के बनने से मरीजों को काफी सहुलियत मिल जाएगी। सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि परिसर में पर्चा काउंटर जल्द ही चालू कराया जाएगा।

## फोनकर बुलाया, हमला कर किया घायल

**अयोध्या।** फोनकर एक लड़के के चौराहे के पास बुला हमलाकर घायल किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली क्षेत्र के विनायकनगर नाका निवासी बंशीधर मिश्र का कहना है कि शनिवार देर रात किसी ने उनके लड़के अभिषेक को फोनकर नाका चुंगी पैट्रोल पम्प के सामने बुलाया। बेटा मौके पर पहुंचा तो पहले से मौजूद डाबर यादव, उसके भाई राज यादव व विशाल यादव निवासीगण पहाड़गंज और हैप्पी यादव निवासी उसरू व 10-12 अन्य ने लोहे की रॉड व रिवॉल्वर के बट से हमला बोल दिया। रंजिश में किये गये हमले से बेटे का सिर फट गया। नगर कोतवाल का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कक्षा एक से 12 तक के छात्रों के लिए 'पेन' किया अनिवार्य

- पर्सनल एजुकेशन नंबर के बिना अब टीसी भी नहीं मिलेगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अब कक्षा एक से इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों का पर्सनल एजुकेशन नंबर (पेन) अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश को लागू कराने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों व जिला विद्यालय निरीक्षकों को इसे बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। पेन के बिना विद्यार्थियों की गणना किसी भी प्रकार के शैक्षिक सरकारी रिकार्ड में नहीं हो स्कूलों सकेगी। शैक्षिक सरकारी रिकार्ड में नाम न होने के कारण विद्यार्थियों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) नहीं मिल सकेगी। छात्रवृत्ति व अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो जाएंगे। यही नहीं, शासकीय प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में भी पंजीकरण नहीं हो सकेगा। ऐसे में सरकारी , अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए यह बहुत जरूरी है। डीआईओएस ने कहा कि नए सत्र में इसका अनुपालन कराया जाएगा। अभी कैसे क्या होगा मंथन किया जा रहा है।

**रहें सर्तक** जिले में भी सक्रिय हुए ठग, दो दिन में चार परीक्षार्थियों के पास आए फोन, पूछने पर कहते बोर्ड से बोल रहा हूं, पास कराने का देते झांसा

# हैलो, प्रभाकर तुम्हारे गणित में नंबर कम हैं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अलर्ट जारी किए जाने के बाद जिले में भी परीक्षा में पास कराने वाले साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। अब तक चार परीक्षार्थियों के पास ऐसी फोन आ चुके हैं। जिसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में की गई है। जिले में इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में 82,076 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इसमें हाईस्कूल के 43,131 और इंटर के 38,945 बच्चे हैं।

दो दिन पहले ही माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सूचना जारी की गई थी कि परीक्षा में पास कराने के नाम पर साइबर ठगों का गैंग सक्रिय हैं। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी सभी प्रधानाचार्यों को पत्र जारी किया था। सूचना के अनुसार पूराबाजार के रहने वाले इंटरमीडिएट के एक परीक्षार्थी प्रभाकर त्रिपाठी के पास शनिवार रात एक फोन आया। फोन करने वाले ने हैलो के बाद सीधे प्रभाकर का नाम लिया और कहा तुम्हारे गणित में नंबर कम हैं। पास होना चाहते हो। प्रभाकर ने पूछा आप कौन, बोला बोर्ड से बोल रहा हूं। प्रभाकर द्वारा कोई उत्तर न देने पर फोन काट दिया। इसी तरह मिल्कीपुर के इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके मनोज विश्वकर्मा के पास भी एक कॉल आई और अंग्रेजी में फेल बताया। मनोज साइबर ठग वाली सूचना पा चुके थे इसलिए फोन काट दिया। बताया गया कि दोनों ही नंबर 07313 से शुरू होकर अलग-अलग थे। इसके बाद दोनों परीक्षार्थियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को सूचित किया। विभाग की ओर से सोमवार को आवेदन पत्र के साथ दोनों के अभिभावकों को बुलाया गया है। सूत्रों के अनुसार अब तक ऐसे चार परीक्षार्थियों को कॉल आ चुकी है। जिसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। बोर्ड के आदेश के बाद परीक्षा के दौरान चल रहे कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जा रहा है।



> परीक्षार्थी को पास कराने का झांसा देने वाले ठगों से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। कुछ मामले प्रकाश में आए हैं। लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। **-डॉ. राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस**

### रहे सावधान तत्काल दे सूचना

बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के बाद सक्रिय हुए साइबर ठगों को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। परीक्षार्थियों को कहा जा रहा है कि इस तरह पास कराने के लिए आने वाली फोन कॉल पूरी तरह फर्जी है। सभी परिक्षार्थी और उनके अभिभावक सर्तक रहें अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। किसी के पास भी अगर इस तरह का फोन आता है तो तत्काल इसकी सूचना अपने स्कूल-कॉलेज के प्रधानाचार्य और निकटतम थाने के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दें। ऐसे मामलों में कार्यालय द्वारा साइबर थाने को पूरा ब्योरा देकर कार्रवाई कराई जाएगी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा सादात के निकट सिंगल लेन पर रविवार सुबह बाइक सवार युवक की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। बाइक सवार लखनऊ से अयोध्या की ओर आ रहा था। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने सीएचसी रूदौली पहुंचाया। जहां डॉ. फहीम ने उसको मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया की युवक के जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान जाकिर अली (23) पुत्र युनुस अंसारी निवासी कोला जाफराबाद, आईटीआई रोड अलीगढ़ के रूप में हुई है। बताया जेब में मिले नंबर पर पता चला कि युवक मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। परिजनों को फोन पर सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919



**28वां रोजा**

**शिया**

सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

**सुन्नी**

सहरी : 04.19 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# विरासत में गद्दी मिल सकती है, बुद्धि नहीं : नंदी

## औद्योगिक विकास मंत्री ने अखिलेश पर बोला हमला, कहा-सपा अपराधियों को पालने व पोसने वाली पार्टी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है। नंदी भाजपा से अंबेडकरनगर लोकसभा उम्मीदवार रितेश पांडे के समर्थन में अकबरपुर नगर के तक्षशिला एकादमी में आयोजित सोशल मीडिया लोकसभा वालेंटियर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया।

भाजपा ने अपने कार्य और कार्यक्रम को सोशल मीडिया नेटवर्किंग के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोकसभा की बूथ स्तर तक के सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा उम्मीदवार रितेश पांडे, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, संयोजक अवधेश द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी राना रणधीर सिंह, सोशल मीडिया संयोजक शाश्वत मिश्र, कार्यक्रम संचालक मनीष मिश्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री नंदगोपाल नंदी ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को विरासत में गद्दी मिल सकती है बुद्धि नहीं। उन्होंने कहा कि अखिलेश की पार्टी के डीएनए में तुष्टिकरण जो विरासत में मिला है। सपा अपराधियों को पालने और पोसने वाली पार्टी है। पहले नारा लगता था जिस गाड़ी में सपा का झंडा समझो उसमें बैठा गुंडा। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी के घर अखिलेश का जाना उस पर चर्चा करना समय व्यर्थ करना हैं। हिंदुस्तान को चाहने वाले, सनातन को मानने वाले भाजपा और मोदी को स्वीकार कर रहें हैं। अखिलेश यादव द्वारा बार-बार प्रत्याशी बदले जाने पर निशाना साधा।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी व साथ में अंबेडकरनगर लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**भारत को आशा भरी नजरों से देखते हैं अन्य देश**

मंत्री ने कहा कि भाजपा के सोशल मीडिया कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के देश और जनहित की योजनाओं और कार्यों को पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। विश्व के हर देश संकटकाल में भारत की ओर आशा भरी नजरों से देखते हैं। भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, युवा, व्यवसाई सहित सभी की हितों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। विदेशों में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे को लाखों मतों से जीत दिलाने का आवाहन किया।

**सपा व बसपा की सरकारों में कानून व्यवस्था थी ध्वस्त**

लोक सभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है। देश की गरीब जनता को पक्का मकान, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, युवाओं को नौकरी और रोजगार दे कर उन्हें समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के लाखों गरीबों की नि:शुल्क इलाज के लिए स्मार्ट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास दिया है। सपा, बसपा की सरकारों में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। भाजपा सरकार में कानून का राज है।

# टैंकर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

- हादसे के बाद भागने के प्रयास में टैंकर ने पिकअप वाहन को भी मारी टक्कर, चालक घायल
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

आलापुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** स्थानीय सर्किल और थाना क्षेत्र के अछती बाजार में अनियंत्रित टैंकर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दो युवकों की टैंकर से कुचलने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद टैंकर लेकर चालक भागने का प्रयास किया। वहीं, पुलिस ने टैंकर का पीछा कर उसे करीब दो-दो किलोमीटर बाद पकड़ लिया और चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

बता दें कि आलापुर थाना क्षेत्र के रामनगर बसखारी रोड पर अछती बाजार में तेज गति से जा रहे पेट्रोलियम टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक सवार युवकों को कुचलने के बाद बाइक टैंकर में ही फंसी रही। इसके बावजूद भाग रहे टैंकर ने एक पिकप को भी टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिससे पिकप चालक भी घायल हो गया है। पुलिस ने बाइक सवार मृतक युवक की पहचान अरविन्द पुत्र स्व. राजा राम ग्राम बसहिया के रूप में की है। वहीं दूसरे युवक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मामले में थानाध्यक्ष आलापुर राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### घर में घुसकर चोरी

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** हंसवर थाना क्षेत्र के ग्राम ढेकवा में अज्ञात चोरों घर में घुस कर सोने चांदी के जेवरात व नगदी के साथ साथ अलमारी व पेटी भी उठा ले गए। इश्तियाक अहमद पुत्र यूसुफ ने बताया कि बीते दिवस रात्रि में अज्ञात चोर घर में घुसकर एक हार, सोने के कान की बाली, नाक की कील, अंगूठी, डेढ़ लाख रुपये नगदी व कपड़े के अंदर से 5 हजार रुपये चुरा ले गए हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार 25 लीटर शराब बरामद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


**अमृत विचार।** थाना आलापुर क्षेत्र में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे में 25 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। कांस्टेबल पवन रस्तोगी ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त कोमल पुत्र स्व. भग्गू निवासी लाडिलापुर थाना आलापुर के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं कांस्टेबल चन्द्रभूषण भारती ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त रामचरण पाल पुत्र स्व. रामकिशोर पाल निवासी हरपुर लखमीपट्टी थाना आलापुर के कब्जे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने असलहे के साथ अभियुक्त को दबोचा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निदेश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को थाना कोतवाली टांडा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर निकट एकता मैदान नैपूरा सकरावल थाना कोतवाली टांडा से एक अभियुक्त खुर्शीद उर्फ इस्टार पुत्र मुस्ताक अहमद उर्फ फेंकू निवासी रसूलपुर को एक अवैध असलहे और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र मणि द्विवेदी, कांस्टेबल राहुल सरोज, कांस्टेबल कृष्णानन्द सिंह, कांस्टेबल सर्फराज अली शामिल रहे।

# शिविर में 14 लोगों ने किया रक्तदान



शिविर में रक्तदान करता युवक। अमृत विचार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सददरपुर के रक्तकोष विभाग में सक्षम संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिनमें अजय शर्मा, आशुतोष वर्मा, पद्माकर सोनी, सौरभ, प्रदीप सैनी, आदित्य मौर्य, अर्पित श्रीवास्तव, अवनीश, बसंतराम, विमल पांडेय, राजेश कुमार, अनुराग सिंह, अनिल वर्मा, रंजीत कुमार ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी रक्तदानियों को भविष्य में समय-समय पर रक्तदान करने लिए ब्लड बैंक द्वारा शपथ दिलाया गया। इस मौके पर सक्षम संस्था के प्रांत सह सचिव मानस वर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है अपने जनपद में रक्त के अभाव मे किसी की जान ना जाने पाए। शिविर में रक्तकोष विभाग के काउंसलर दीपक नाग, नवीन दीक्षित, राजकुमार, अमित, रमेश, रुचि, रंजना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आचार संहिता उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : संतोष

- मीडिया सेल व सोशल मीडिया सेल को किया गया प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षित किया गया। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर सभी राजनीतिक विज्ञापन पूर्व प्रमाणन के दायरे में आते हैं। नामांकन भरते समय उम्मीदवारों को फार्म 26 में अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया खातों का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पर आने वाले खर्च का विवरण वरिष्ठ कोषाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को इंटरनेट आधारित मीडिया, सोशल मीडिया वेबसाइटों पर राजनीतिक विज्ञापनों को जारी करने से पहले पूर्व प्रमाणित करना आवश्यक है। ई-पेपर भी इसी श्रेणी में आता है। यह सुनिश्चित करेंगे कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा किए गए सभी राजनीतिक विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी द्वारा पूर्व प्रमाणित हो। एमसीएमसी का कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। इनके माध्यम से मीडिया और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं यदि किसी के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक दल और उम्मीदवार द्वारा सोशल मीडिया के खर्च को उसके खर्चे में जोड़ा जाएगा। लोकसभा के संभावित उम्मीदवार अपने सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी सोशल मीडिया सेल और वरिष्ठ कोषाधिकारी को उपलब्ध कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भ्रामक खबरों व सोशल मीडिया पर निर्वाचन से संबंधित अफवाहों को रोकने के लिए एमसीएमसी, कमेटी मीडिया सेल और सोशल मीडिया का गठन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी रोशनी यादव, उप जिलाधिकारी अरविंद त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमरेंद्र प्रसाद, ई-डिस्टिक मैनेजर एजाज रसूल, लेखाकार संतोष कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मौके पर उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी।

### नहीं रहे प्रधानाचार्य रईस अहमद खान

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद की प्रसिद्ध अल्पसंख्यक संस्था मुहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के प्रधानाचार्य रईस अहमद खान के आकस्मिक निधन पर शैक्षिक सामाजिक व साहित्यिक वर्ग में शोक की लहर दौड़ गई है। बीते दिवस उनके पैतृक निवास स्थान रामपुर बेनीपुर में उनका निधन हो गया। जबकि दो माह पहले वह गंभीर बीमारी से इलाज के इलाहाबाद में भर्ती थे। जिनकी नमाज जनाजा रविवार को रामपुर स्थित कब्रिस्तान में हजारों लोगों की मौजूदगी में नाम आंखों के साथ सुपुर्द खाक किए गए। मोहम्मद असलम खान, डॉ. फिरोज अख्तर, डॉ. हिमायतुल्लाह खान, शाह आलम, सिराज अहमद अंसारी, नसीम खान, एसबी नेशनल इंटर कॉलेज बसखारी के प्रधानाचार्य शकील अहमद खान सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# आग से 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

आलापुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गेहूं के खेत में अचानक आग लगने से कई किसानों के करीब 25 से 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। वहीं सूचना के काफी देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी को लेकर किसानों में काफी आक्रोश देखने को मिला। आगजनी की सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार आलापुर मय फोर्स के साथ पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है।

बता दें कि रविवार की दोपहर में हंसवर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोहिल में भूसा बनाने वाले मशीन से चिंगारी उठने से गेहूं के खेत में आग लग गई। सूचना पर हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लगभग दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची तब तक किसानों ने गेहूं के खेत में लगे आग पर काबू पा लिया था। आग की चपेट में आने से जय हिंद, विजय, रामचंद्र, रवि शंकर, विक्रम, नरेंद्र, मोहम्मद वसीम सहित अन्य कई किसानों के गेहूं की फसल जल का राख हो गई है। आग लगने की सूचना मिलते ही आलापुर उप जिला अधिकारी सदानंद सरोज, तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, नायक तहसीलदार राज कपूर, लेखपाल रविंद्र कुमार वर्मा, थाना अध्यक्ष आलापुर राकेश कुमार और थाना अध्यक्ष हंसवर सुनील कुमार पांडे घटनास्थल पर पहुंचकर किसानों के हुए नुकसान का जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है।



आग लगने से जली गेहूं की खड़ी फसल। अमृत विचार

### छप्पर में लगी आग से एक मवेशी की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** छप्पर नुमा गोशाला में अज्ञात कारण से लगी आग में जहां एक जानवर झुलस कर मर गया। वहीं तीन झुलसे जानवरों को बचा लिया गया। घटना मालीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत जफरपुर मुर्गजार गांव की है। गांव निवासी राजकुमार शर्मा के छप्पर नुमा गोशाला में रविवार दोपहर करीब एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके अन्दर चार जानवर बधे हुए थे। सूचना पर गांव के संजीव शर्मा समेत अन्य लोगों ने आग के लपटों के बीच गोशाला के अन्दर घुस गए। जहां से तीन जानवरों को झुलसे हुए हालत में निकालने में सफल हुए। सूचना पर फायर कर्मचारियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया और स्थानीय पुलिस भी पहुंच कर मौके का जायजा लिया।

### सरयू महा आरती और दीपदान में सम्मिलित होंगे श्रद्धालु

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारतीय परंपरा अनुसार नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि से माना जाता है। भारत में इस दिन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया जाता है। टांडा नगर में नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन सायंकाल सरयू महाआरती, दुग्धाभिषेक और पूजन के साथ इस संवत्सर का स्वागत किया जाता है। समिति के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया की हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप पतित पावनी सरयू की पावन जलधारा में भव्य रंगमंच बनाया जाएगा। जिसके ऊपर समारोह पुरोहित पंडित राकेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विधिवत वैदिक विधि विधान से पूजन आदि सभी कार्य संपन्न होंगे। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालु समारोह में सम्मिलित होने के लिए पूजा की थाली में 5 से 11 दीप सजाकर समारोह स्थल पर उपस्थित होंगे। समारोह की व्यवस्था में अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल, बजरंगी लाल सोनी, आकाश शाह, पं. काशीनाथ मिश्र, राकेश कनौजिया, दिनेश कश्यप, संतोष अग्रवाल, दीपक केडिया आदि सक्रिय रूप से जुटे हैं। दिनेश नारायण सिंह ने सभी से नव वर्ष के इस समारोह में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

निरीक्षण

**समीक्षा बैठक में विशेष रूप से प्लांट के बेहतर कार्य निष्पादन, मानव संसाधन प्रणाली व नैगमिक सामाजिक दायित्व पर दिया जोर**

# महारत्न कंपनी के रीढ़ हैं कर्मचारी : दिलीप कुमार पटेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक मानव संसाधन दिलीप कुमार पटेल व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर एन श्रीनिवास राव ने टांडा परियोजना का निरीक्षण किया। अपने प्रवास के दौरान सर्वप्रथम वह सरयू भवन अतिथि गृह पहुंचे। जहां पर टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक एके चट्टोपाध्याय ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ममता पटेल, वरिष्ठ सदस्या संयुक्ता महिला समिति भी उपस्थित रहीं। साथ ही क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख उत्तरी क्षेत्र अनिल कुमार डैंग, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं डॉ. उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक प्रचालन अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान भी उपस्थित रहे।

निदेशक मानव संसाधन दिलीप कुमार पटेल ने कार्यकारी निदेशक एके चट्टोपाध्याय और अन्य महाप्रबंधकों के साथ परियोजना के वैगन ट्रिपलर, कंट्रोल रूम, एफजीडी एरिया और ऐश डाईक एरिया का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होनें परियोजना में कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुविधा के लिए बनाए गए नवनिर्मित प्लांट कैंटिन का उद्घाटन भी किया। प्रवास के दौरान टांडा परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए पटेल ने कहा कि आप लोग इस महारत्न कंपनी के रीढ़ है और इसे और ऊंचाई तक पहुंचाना देशहित में आप सब का कर्तव्य है। पटेल ने प्रशासनिक भवन सम्मेलन कक्ष में सभी विभागाध्यक्षों के साथ परियोजना के वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक में विशेष रुप से प्लांट के बेहतर कार्य निष्पादन, मानव संसाधन प्रणाली एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व पर जोर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने युवा कार्यपालकों और यूनियन एवं एसोशिएसन के साथ भी वार्ता किया। प्रस्थान से पूर्व मुख्य अतिथि दिलीप कुमार पटेल और ममता पटेल ने सरयू भवन अतिथि गृह प्रांगण में पौधारोपण भी किया।



एनटीपीसी टांडा में नवनिर्मित प्लांट कैंटीन का उद्घाटन करते निदेशक मानव संसाधन दिलीप कुमार पटेल। अमृत विचार

### किशोरी को भगाने के मामले में महिला समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** किशोरी को बहला-फुसला कर भगाए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर दो महिला और एक पुरुष समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे 14 वर्षीय पुत्री को एक अप्रैल को लगभग 10 बजे दिन में पूजा, आरती निवासी गौरा कमाल व धीरज विश्वकर्मा भाऊकुआ थाना जलालपुर बहला-फुसला कर भगा ले गए। काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका और न ही यह सब कुछ पूछने पर बता रहे हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। सूत्रों की माने तो यह एक गैंग है, जो लड़कियों को बहला-फुसला कर भगाने का कार्य करते हैं। इससे पूर्व भी कई वारदात कर चुके हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### गरीब बच्चों को आर्थिक सहयोग देगी संस्था

**परसपुर, अमृत विचार :** समाज सेवी संस्था सहृदय फाउंडेशन आगरा ने सहृदय पाठशाला कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वामी नाथ टेक्नो स्कूल धर्मनगर सुसुंडा में नव प्रवेशित बच्चों की फीस की नैतिक जिम्मेदारी उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। सुसुंडा परिक्षेत्र के शोषित वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सहायता देगी। जो ग्रामीण परिवेश के बच्चों के वरदान साबित होगी। संस्थान के प्रबंध निदेशक ने विद्यालय के प्रबंधक को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि नवीन के प्रवेशित बच्चों के लिए यह सुविधा मुहैया करायी जायेगी।

### नाली विवाद में मारपीट को लेकर मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनुभुला निवासी स्वामीनाथ गौतम ने केस दर्ज कराया है कि शनिवार सुबह नौ बजे नाली विवाद को लेकर जयकरन, चंद्रप्रकाश मोनू व आशीष ने गाली–गलौज करते हुये मारपीट करने लगे जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आयी है। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोण्डा रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया है।

### कवि सम्मेलन से होगा भारतीय नववर्ष का स्वागत

**परसपुर, अमृत विचार :** भारतीय नववर्ष के स्वागत में नववर्ष की पूर्व संध्या पर नंदौर के संयुक्त विद्यालय परिसर में सोमवार की शाम 7 बजे से प्रथम होली मिलन समारोह एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक जय दीप सिंह सरस गोंडवी ने बताया कि इसी के उपलक्ष्य में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में लखनऊ से कवि योगेश चौहान, कवयित्री संध्या त्रिपाठी, गीतकार कवि देशराज सिंह मधुसूदन आदि शिरकत करेंगे।

### चार आरा मशीन संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**तरबगंज, अमृत विचार :** स्थानीय वन विभाग और प्रवर्तन दल की टीम ने सघन छापेमारी कर चार अवैध आरा मशीन संचालकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। वनरक्षक महेंद्र सिंह की तहरीर पर राहुल सिंह निवासी चंदीपुर उमेश्वर प्रताप सिंह निवासी काशीपुर रामेंद्र दुबे निवासी ढोढेपुर तथा श्यामू सिंह निवासी चंदीपुर के विरुद्ध अवैधरा मशीन संचालक का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

### गेहूं तौल कराने आए किसान का किया स्वागत

**रुपईडीह, अमृत विचार :** क्रय विक्रय समिति बड़गांव के तत्वावधान में संचालित गेहूं खरीद केंद्र कौड़िया पर तौल कराने आये पहले किसान शेषधर मिश्र का पीसीयू के जिला प्रबंधक जितेंद्र वर्मा व सचिव कृष्ण पाल तिवारी ने फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

# खेत में लगे आग तो मंडी समिति में करें आवेदन

## खेत-खलिहान अग्निकांड योजना के तहत नुकसान होने पर किसानों को मिलेगा मुआवजा

गोंडा कार्यालय



मंडी कार्यालय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गेहूं की फसल तैयार है। किसान कटाई में जुटे हैं। यदि किसी किसान की फसल में आग लगती है और उसका नुकसान होता है तो अब उसकी भरपाई मंडी समिति करेगी। आपको सिर्फ आवेदन करना है।

नियमानुसार मंडी समिति अन्नदाता को मुआवजा देगी। गर्मी आ गयी है। अन्नदाता अपने गेहूं की फसल की कटाई को लेकर जुटे हुए हैं। अक्सर देखा जाता है किसानों की खेत में खड़ी फसल में आग लग जाती है या मड़ाई, विद्युत तारों के टकराने से निकलने वाली चिनगारी से आग लग जाती है और किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। प्रशासन की ओर से लगातार बिजली विभाग को निर्देशित किया जाता है कि वह लोग खेत से गुजरने वाली लाइनों को सही कर लें बिजली विभाग सही भी करता है, लेकिन कभी-कभी अज्ञात कारणों से किसानों की फसल आग के लपेटे में आकर स्वाहा हो जाती है किसान परेशान हो जाता है। तमाम ऐसे भी हैं जो कर्ज लेकर खेती किसानी करते हैं उनके लिए यह आगजनी की घटना काफी परेशान करने वाली होती है। ऐसे किसानों को परेशान नहीं होना चाहिए। उनको मंडी समिति में जाकर घटना की सूचना देनी चाहिए और ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है उनमें से एक योजना मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना भी है। इसमें पीड़ित किसानों को मंडी समिति के माध्यम से मुआवजा देने का नियम है। किसान के आवेदन के बाद मंडी समिति नुकसान का आकलन कराएगी। उसके बाद नुकसान की भरपाई करेगी किसान को सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद मंडी अपने कर्मचारियों के माध्यम से घटना का सत्यापन करते हुए किसान को भुगतान करेगी। इस योजना में 2.5 एकड़ तक फसल जलने पर अधिकतम 30 हजार या जो भी वास्तविक आकलन हो। 2.5 एकड़ से लेकर 5 एकड़ तक 40 हजार या फिर वास्तविक आकलन, इसी तरीके से 5 एकड़ से अधिक फसल जलने पर 50 हजार या जो वास्तविक आकलन करके रिपोर्ट सौंपी जाएगी वह भुगतान मंडी समिति की ओर से किया जाएगा। मंडी प्रशासन की ओर से हर वर्ष अग्निकांड योजना के तहत किसानों को लाभ दिया जा रहा है। सरकार की ओर से इस योजना के प्रचार प्रसार का भी निर्देश है, लेकिन लापरवाही के चलते किसानों को इस योजनाओं का लाभ पूरी तरीके से नहीं मिल पा रहा है। माना जा रहा है कि यदि योजनाओं का प्रचार प्रसार हो तो किसानों को इस योजना का लाभ पूरी तरीके से मिल सके। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि खेत खलिहान अग्निकांड योजना के तहत किसानों को आवेदन करना होता है फिर सत्यापन कराया जाता है उसके बाद मंडी समिति की ओर से मजा देने का प्रावधान है कई किसान इसका लाभ भी उठा चुके हैं।

# युवक पर सोते समय जानलेवा हमला, केस

संवाददाता, कटरा बाजार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के पिपरी मांझा गांव में सो रहे एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घायल युवक की बहन की तहरीर पर गांव के ही एक युवक पर जानलेवा हमले का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

वहीं घायल युवक को गोंडा मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के पिपरी मांझा गांव की निवासनी ममता पुत्री राम गोपाल ने रविवार को थाने पर दी तहरीर में कहा है कि उसका भाई अजय कुमार अपने घर के बाहर सो रहा था। शनिवार -रविवार की रात लगभग डेढ़ बजे उसी गांव निवासी छन्नू उर्फ निरभय राम पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसके भाई अजय (30)पुत्र राम गोपाल को गम्भीर चोट आई जिसे परिजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां से उसे मेडिकल कालेज गोंडा भेज दिया गया। जहां उपचार के बाद हालत नाजुक देख डाक्टरों ने उसे लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि रंजिश को लेकर विवाद हुआ है।

# ट्रकों की भीषण टक्कर में एक चालक की मौत, दूसरा गंभीर

## गोंडा-अयोध्या मार्ग पर परसापुर मोड़ के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता, नवाबगंज



चालक बब्बन। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोंडा अयोध्या मार्ग पर परसापुर गांव के मोड़ के पास दो ट्रकों में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि दूसरे ट्रक चालक को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के परसापुर गांव में सहजानी चौकी मजरे में अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर शनिवार-रविवार की रात में दो ट्रक आमने-सामने टकरा गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गये। इस दुर्घटना में ट्रक चालक बब्बन (37) पुत्र मिट्ठी लाल निवासी सहती पुरवा सिरसा थाना नवाबगंज और सूरज (30) पुत्र स्व जगदीश प्रसाद निवासी थाना कूड़ेभार जनपद सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने दोनों घायल चालकों को उपचार के लिए गोंडा जिला चिकित्सालय भेजवाया। जहां बब्बन को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि सूरज का इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों ट्रक कटरा रेलवे स्टेशन से कोयला लादकर प्रतिदिन बजाज चीनी मिल में गिराने का कार्य कर रहे थे। जिनमें से एक ट्रक गोंडा से कोयला खाली कर नवाबगंज की तरफ वापस आ रही थी वहीं दूसरी ट्रक कोयला लादकर नवाबगंज से गोंडा की तरफ जा रही थी।

**सात साल की बच्ची पर चढ़ाई गाड़ी, हालत गंभीर: तरबगंज, अमृत विचार:** अनियंत्रित पिकअप चालक ने 7 वर्षीय बच्ची के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी। गंभीर हालत में बच्ची को लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के तीन दिन बाद तरबगंज थाने की पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रामपुर टेंगरहा निवासी प्रदीप पुत्र बाबूलाल ने स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि उसकी पुत्री बीते 4 अप्रैल को घर से 50 मीटर दूरी पर स्थित एक किरण की दुकान पर गई थी, जहां से जब वह वापस लौट रही थी तभी भोलेपुत्र रघुनंदन निवासी रामपुर टेंगरहा ने लापरवाही पूर्वक पिकअप चलते हुए सुरभि के पैर पर गाड़ी चढ़ा दिया। जब तक स्थानीय लोग पिकअप चालक को रोकने दौड़े वह तेजी से गाड़ी लेकर भाग गया। परिजन बच्ची को लेकर गोंडा स्थित एक निजी चिकित्सालय गए जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक बब्बन के दो बेटे पिंटू और रिंकू हैं। पिता की अचानक मृत्यु के बाद दोनों बेटों के सिर से पिता की छांव दूर हो गई है। वहीं परिवार के लालन–पालन का संकट भी खड़ा हो गया है। मृतक की पत्नी बिट्टन देवी गांव में ही आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत है।

### अंत्योदय राशनकार्ड सूची से हटा नाम, की शिकायत

**गोंडा कार्यालय :** अंत्योदय राशनकार्ड धारक का नाम विभागीय साइट से गायब है। पीड़िता ने डीएसको को मांगपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बड़गांव की रहने वाली मालती देवी ने पूर्ति महकमे से शिकायत में कहा है कि उनका राशनकार्ड अवध हरिजन उत्थान समिति के यहां प्रचलन में था। राशनकार्ड पुराना है। आरोप लगाया कि पूर्ति विभाग के कुछ कर्मचारियों ने उसका नाम सूची से हटाया है। जिससे उसे खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। पीड़ित का कहना है कि वह गरीब है। किसी तरीके से खाद्यान्न मिलने पर उसका गुजरा हो रहा था। पीड़ित ने जिलापूर्ति अधिकारी से पुन: अंत्योदय राशनकार्ड उसके नाम से करने की मांग की है।

### चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल

**मनकापुर, अमृत विचार :** नीलगाय को पकड़कर मारने के बाद उसका मांस काटकर पॉलीथिन में भरते समय चार आरोपियों को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। आरोप है कि चार लोग नीलगाय का शिकार करके उसका मांस पॉलीथिन में भर रहे थे। तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इस मामले में इंसान अली, शोहबत अली पुत्रगण नूर मोहम्मद निवासी रानीपुर मजरा चौकरवा तथा मुस्ताक पुत्र सफी उल्लाह निवासी सिसई भीखपुर, चांद अली पुत्र अब्दुल निवासी घुनाही थाना मनकापुर के खिलाफ आर्म्स एक्ट व वन्य जीव अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करके सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजा गया है।

# सरयू अभियान से जुड़ने का आह्वान



सरयू की सफाई कर निकाला गया कचरा। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** प्रकृति प्रेमियों ने रविवार को 125वीं बार कटरा घाट स्थित सरयू नदी पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को इससे जुड़ने का आवाहन किया।

टर्टल सर्वाइवल एलायंस इंडिया के नेतृत्व में नेचर क्लब फाउंडेशन व अन्य संगठनों तथा लोगों ने अभियान की शुरुआत की थी। साथ ही जिला प्रशासन से आग्रह कर कटरा घाट पर कछुओं के लिए संरक्षित क्षेत्र बनाने, पुल पर जाल लगाने आदि सफलताएं हासिल कीं। अभियान से प्रेरित होकर युवाओं ने अन्य स्थानों पर भी कई बार सफाई अभियान चलाकर जनमानस को जागरूक करने का काम किया है। इस बार सदस्यों ने कटरा घाट पुल के नीचे से कई कुंतल कचरा बाहर निकला। अभियान के दुर्गेश कश्यप ने बताया कि स्थानीय युवाओं को अधिकाधिक सरयू अभियान व नेचर क्लब गोण्डा के अन्य अभियानों से जुड़ना चाहिए। आवेश मौर्य ने बताया कि प्राचीन समय में लोग नदी के किनारे पैर धुलकर जाते थे लेकिन आज आस्था के नाम पर ही नदी में मूर्तियां, राख, प्लास्टिक आदि डालकर नदी की दुर्गति की जा रही है जो गलत है और सनातन परंपरा के विरुद्ध है। मनीष मिश्र ने लोगों ने नदी को निर्मल बनाए रखने और किसी प्रकार की चीज नहीं में न डालने का अनुरोध किया। अभियान में डॉ आशीष गुप्ता, मोहित महंत, अभिषेक दुबे तथा जेपी सिंह आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को किया जागरूक

## गैस एजेंसी के माध्यम से मतदाताओं से की जा रही अपील, अभियान को दिखाई हरी झंडी

गोंडा कार्यालय



मतदाता जागरूकता का बैनर लगाकर वाहनों को रवाना करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। अब प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर घर-घर में पहुंच बनाने के उद्देश्य से गैस एजेंसियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

श्री साई भारत गैस ग्रामीण वितरक पंडरी कृपाल एजेंसी पर पहुंचकर पूर्ति विभाग की टीम ने जागरूकता अभियान को तेज करते हुए जागरूकता से लगे स्लोगन वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि आगामी 20 मई को जनपद में लोकसभा चुनाव है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता जागरूक हो और मतदान करें इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में सभी गैस एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वह लोग भी गैस सिलेंडर व वाहनों पर बैनर आदि लगाकर मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि 20 मई को शतप्रतिशत मतदान जैसे स्लोगन के बैनर को लगाकर गैस एजेंसियों के वाहन घूम रहे हैं। ताकि लोग मतदान को लेकर जागरूक हो। उन्होंने बताया कि कई वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर ,गैस एजेंसी के प्रोपराइटर प्रेम कुमार मिश्रा लंबरदार शिवम मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# होली मिलन से बढ़ता है प्रेम

गोंडा कार्यालय



होली मिलन समारोह में मौजूद समाचार पत्र विक्रेता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** त्योहार प्रेम का प्रतीक होता है। होली इसमें प्रमुख है लेकिन जब होली मिलन समारोह होता है तो सभी लोगों का अभूतपूर्व मिलन होता है।

उक्त बातें स्थानीय मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉक्टर राकेश तिवारी ने भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कही। उन्होंने कहा विक्रेता संघ द्वारा किया गया कार्य अनुकरणीय है। कहा जितना मेहनत समाचार पत्र विक्रेता करता है शायद ही इस विधा में कोई करता हो। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विक्रेता संघ के मंडल अध्यक्ष राजित राम वर्मा व जिला अध्यक्ष रामप्रसाद तिवारी ने सभी का स्वागत किया। अतिथियों में संपत सिंह, हिमांशु तथा शशांक गुप्ता भी रहे। होली मिलन समारोह में सभी ने विक्रेता संघ को ऐसे आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान भारतीय समाज पत्र विक्रेता संघ के हाकिम यादव, जुबेर अहमद, मुरलीधर शुक्ला, दीनदयाल शुक्ला, पिंटू पांडे, बच्चू लाल, सनी कुमार, सौरभ, मोनू, प्रिंस यादव दुर्गेश सिंह, पंकज मिश्रा, शिवप्रसाद पांडे, रविंद्र तिवारी, अमन श्रीवास्तव व समाचार पत्रों के एजेंट गिरजा शंकर मिश्रा, सुमित अग्रवाल सहित दर्जनों की संख्या में समाचार विक्रेता व पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# साईं सेवादल प्रशिक्षण में साधना पर दिया बल

**खरगूपुर, अमृत विचार:** श्री सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में श्री गांधी आदर्श इंटर कॉलेज खरगूपुर में एक दिवसीय सेवा दल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष सचिन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामूहिक भजन के बाद जिलाध्यक्ष रामानुज शुक्ल ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान का अवतार और उनके उद्देश्य की जानकारी दी। अमिताभ सरन ने आत्म परिवर्तन के लिए दैनिक आध्यात्मिक साधना पर बल दिया। सेवादल के प्रदेश संयोजक साई किशोर ने सेवा दल कार्यकर्ताओं को मानव सेवा, माधव सेवा का अनुकरण करते हुए हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रदेश की पदाधिकारी कविता भटनागर, सुजॉय चटर्जी, छाया गर्ग, अमिताभ सरन, देवेन्द्र गर्ग ने भी संबोधित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद दूबे ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सभी जिलाध्यक्ष, राम शब्द मिश्रा, कन्हैया सिंह, राधेश्याम तिवारी, वासुदेव तिवारी, अखिलेश तिवारी, राज किशोर, राजेन्द्र सोनी सहित सैकड़ों साईं भक्त मौजूद रहे।

# स्वर्ग पर आक्रमण कर इंद्र को हराया



कथा के दौरान देवताओं के परिधान में सजे बच्चे। अमृत विचार

**परसपुर, अमृत विचार:** लोहंगपुर के सहजौरा में आयोजित 11 दिवसीय श्री शिव महापुराण के 9वें दिन पं. ईश्वर शरण मिश्रा ने शंखचूड़ बध की कथा सुनायी। कहा शंखचूड़ ने लोहितांग की सहायता से स्वर्ग पर आक्रमण कर इंद्र को पराजित कर दिया। वह स्वर्ग का राजा बन गया और उसने अपने दरबार में देवताओं और राक्षसों दोनों को स्थान दिया। नियति की करवट से उसने कैलाश पर आक्रमण कर दिया। नंदी, गणेश, कार्तिकेय और पिशाच लड़े लेकिन उसे हराने में असफल रहे। वहीं कथा में भगवान शिव, भगवान श्रीकृष्ण व हनुमानजी की झांकी निकाली जिसे देख कर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

**कथा श्रवण से होता है आत्मा से परमात्मा का मिलनः परसपुरः** श्री भागवत कथा से आध्यात्मिक और मानसिक विकास के साथ ही पूरे क्षेत्र से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। कथा श्रवण आत्मा से परमात्मा का मिलन कराता है। यह कहना है प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद विभाग सतीश शर्मा का। विधायक करनैलगंज अजय सिंह ने कहा साहित्य प्रेमी डाक्टर साहब का यह धार्मिक आयोजन सामाजिक सौहार्द का भी संदेश देता है। इस मौके पर राजीव मिश्रा, अमर किशोर कश्यप बमबम, आकाश, केपी सिंह, गजाधर सिंह, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, पीएन सिंह, संदीप सरोज, वंदना पांडेय, महेश नारायण तिवारी, राम अकबाल तिवारी, मुन्ना सिंह, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेहंदीपुर बालाजी की सजी झांकी, रात भर झूमे भक्त

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के गायत्री मुक्तिधाम मंदिर रेतवागाड़ा में आयोजित बालाजी जागरण कार्यक्रम में मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज सहित कई देवी-देवताओं की अनुपम झांकी सजाई गई। आयोजित भजन संध्या में बालाजी के भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। जागरण के बाद श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया। बालाजी महाराज के वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ किया गया। गायिका सोनी शर्मा, कानपुर से आए भजन गायक सनी सरताज व बहराइच के भजन गायक रमन गुप्ता के भजन सुनकर श्रद्धालु बालाजी की भक्ति से सराबोर हो गए। मास्टर मिंटू झांकी ग्रुप कानपुर की तरफ से बालाजी महाराज के साथ भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी, भगवान गणेश, खाटू श्याम जी, राधा कृष्ण व शिव पार्वती की अनुपम झांकी भी सजाई गई। इस मौके पर विनय कुमार द्विवेदी, राजेश सिंह, मंशाराम वर्मा, विशनु, राजकुमार सिंह, राजन सिंह, सुशील तिवारी सहित बालाजी सीमित के सदस्य व भक्तगण मौजूद रहे। नंदिता शुक्ला, गौरव रावत, राहुल शुक्ल, सुनील तिवारी आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पथ संचलन से राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

संवाददाता, नवाबगंज



नवाबगंज कस्बे में पथ संचलन में भाग लेते संघ के स्वयंसेवक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बे के श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज मैदान से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नंदिनीनगर जिले का वार्षिक पथ संचलन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में गणवेशधारी स्वयं सेवकों ने भाग लिया। बैंड के धुन पर पूरे नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए देर शाम वापस गांधी विद्यालय के मैदान पर पहुंच कर इसका समापन हुआ।

कस्बे के ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र के निकट रेखा दीदी की अगुवाई में बीके बहनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। घंटाघर के निकट गुरुद्वारा के सामने भी सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की अगुवाई में सिख समुदाय के लोगों ने स्वयंसेवकों पर फूलों की वर्षा की। यात्रा के मार्ग पर दर्जनो स्वागत द्वार विभिन्न संगठनों द्वारा सजाए गए थे। कस्बे के बाईपास रोड से शुरू हुई पथ संचलन कटी तिराहा, तिकोना पार्क, गांधी चौक, जवाहर चौक, झीलिया चौराहा, दूधनाथ मंदिर, थाना चौराहा, घंटाघर से गुजरते हुए पड़ाव के रास्ते वापस गांधी विद्यालय के मैदान पर पहुंची। इसमें विधायक रमापति शास्त्री, प्रेम नारायण पाण्डेय, प्रभात वर्मा, चेयरमैन डा सत्येन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, वेद प्रकाश दुबे, जनार्दन तिवारी, गिंडू सिंह, हर्षवर्धन पाण्डेय, अमरेश पाण्डेय, मधुसूदन सिंह, आशुतोष शाह, कलेबाज सिंह शामिल रहे। संचलन के संयोजन व निर्देशन में प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, दीपेश, जिला संचालक राम सुन्दर ने सहयोग किया।

# मारपीट के मामले में 12 पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, अमृत विचार:** अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला समेत 12 पर रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम उपाध्याय पुर ग्रंट निवासी राजू ने कहा उसकी मां का निधन हो गया था। तेरहवीं संस्कार में सभी को निमंत्रण दिया गया था। निमंत्रण में आए विजय चौहान, राम रूप, नंदकिशोर ने पुरानी रंजिश को लेकर वाद-विवाद करने लगे। मना करने पर मारे-पीटे व धमकी दिए। इसी क्रम में ग्राम चौहानपुर निवासी राम रूप का आरोप है कि वह गांव में ही एक परिचित के यहां निमंत्रण में गया था। जहां रंजिश को लेकर गांव के ही राजेश, नान बाबू, लाल बाबू, रमेश ने मारपीट कर चोटहिल कर दिया। ग्राम बेनीपुर निवासी रामावती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि घर पर वह खाना बना रही थी। इस बीच उसका छोटा बच्चा खेलते-खेलते घर के बगल पड़ोसी सुरकेश के यहां चला गया। जहां बच्चे ने लैट्रिन कर दिया। इस बात को लेकर विपक्षी सुरकेश, इनकी पत्नी रेखा व इनके बेटे अमन ने घर पर आकर अभद्रता करते हुए मारने-पीटने लगे तथा बर्तन तोड़ दिए। शोर मचाने पर गांव वाले इकट्ठा हो गए तब ऊक्त लोग जानमाल की धमकी देकर चले गए।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने पर दी तहरीर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर निवासिनी राजपति पत्नी मंगल यादव ने केस दर्ज कराया है कि जमीन जोतने के विवाद को लेकर गांव के ही केशव प्रसाद व बनवारी ने भद्दी-भद्दी गाली देते हुए मुक्का थप्पड़ से मारा है तथा जान से मारने की धमकी दी है एसओ अभय सिंह ने बताया है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पीएचसी पर जन आरोग्य मेला आयोजित

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पीएचसी पर जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया इस मेले में विभिन्न गांवों को मिलाकर 20 मरीजों का उपचार किया गया।

# मां बाराही मंदिर परिसर में अभी भी गंदगी का अंबार

## पंचायती राज विभाग ने ताक पर रखा जिलाधिकारी का आदेश, पुलिस ने सुरक्षा के किए सभी इंतजाम

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** मां बाराही मंदिर परिसर में गंदगी को लेकर डीएम की फटकार के बाद भी पंचायती राज विभाग की आंखें नहीं खुली है।

वहीं पुलिस ने सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली हैं। बीते शुक्रवार को डीएम मां बाराही दरबार पहुंची थीं और परिसर में गंदगी देख डीपीआरओ को फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया था। लेकिन फटकार के बाद भी परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मंगलवार से नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। रविवार को थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा की अगुवाई में क्षेत्रीय लोगों ने मंदिर परिसर का जायजा लिया और अपने सुझाव दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन अलग-अलग दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। क्षेत्रीय लोगों के लिए रूट डायवर्जन रहेगा।

नौ दिन तक मंदिर के बगल से निकलने वाली दोनों सड़कों पर आवागमन बंद रहेगा। ऐली परसौली निवासी विजय कुमार निषाद के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे के साथ परिसर की निगरानी के लिए दो ड्रोन कैमरा की व्यवस्था की गई है। इसी दौरान मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्रा से ग्रामीणों ने साफ सफाई के बाबत जवाब मांगा तो उन्होंने कहा कि सारी जिम्मेदारी प्रशासन की ही नहीं है, मेला प्रबंधक और दुकानदारों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। एडीओ पंचायत ने 24 घंटे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही।



बाराही देवी मंदिर परिसर में फैली गंदगी। अमृत विचार



उत्तरी भवानी मां बाराही देवी मंदिर पर मुस्तैद पुलिस। अमृत विचार

### खेत में लगी मोटर खोल ले गए चोर

**मनकापुर, अमृत विचार:** किसान के खेत में लगे सिंचाई मोटर को अज्ञात चोर ताला तोड़ कर उठा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस में तहरीर दी है।

कस्बा के राजेन्द्र नगर निवासी बनारसी लाल साहू ने रविवार को कोतवाली में दिए तहरीर में कहा है कि उसका ग्राम बेहलनिया दर्जीजोत में खेत है। जिसकी सिंचाई के लिए विद्युत मोटर लगा रखा था। शनिवार की रात अज्ञात चोर बाउंड्रीवाल के गेट का ताला तोड़ कर फाउंडेशन पर बंधे सिंचाई मोटर को खोल कर उठा ले गए। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मली है कार्यवाई की जाएगी।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी विजिल एप पर करें शिकायत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उपबन्धों के उल्लंघनों की शिकायत दर्ज करने के लिए सी विजिल एप विकसित किया गया है।

सी विजिल ऐप का अर्थ है जागरूक नागरिक और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिकों की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देता है। सी विजिल ऐप एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की घोषणा की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशेषता यह है कि यह केवल लाइव फोटो/वीडियों और ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि निगरानी टीम को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्ट फोन में इंस्टॉल किया जा सकता है जिसमें कैमरा, इण्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लीकेशन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल इसकी रिपोर्ट कर सकते है और इसके लिए उन्हे रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। यह ऐप निगरानी दलों के साथ जुड़ा है जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्यवाही और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या दो मिनट का वीडियों और संक्षिप्त में इसका वर्णन कर दें। शिकायत के साथ कैप्चर की गयी जानकारी स्वतः ही जिला नियंत्रण कक्ष में चली जाती है।

# पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो एसपी से लगाई गुहार

**परसपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम दयाल चौराहा पसका के रहने वाले देवशरण ने मारपीट मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नामजद पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बुधवार की शाम को विपक्षी जयकरन, नरेश, धनलाल, परशुराम व आसू ने एक राय होकर लाठी डंडा लेकर उसके घर पहुचे। गाली गलौज करने लगे। जानमाल की धमकी देते हुए मारने के लिये दौड़ा लिया। घर में घुसकर मुक्का थप्पड़ से मारने लगे। उसकी लड़कियां कोमल व विमल बचाने दौड़ीं, तो विपक्षियों ने उन्हें भी पीट दिया। थाने पर इसकी सुनवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं ग्राम चरहुंवा मरजाद की रहने वाली सुघरा कश्यप ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि जमीनी रंजिश को लेकर गांव के ही जगदीश कश्यप, मंटू कश्यप, रविशंकर कश्यप व स्वामी नाथ कश्यप रात दस बजे उसके घर पहुंचकर गाली गलौज किया और लाठी डंडे से मारने लगे। बचाने दौड़ी बहू कमला, पार्वती व लड़के विजय को भी मारापीटा।

# प्रमोद बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** कार्यवाहक के रूप में जनपद में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे प्रमोद मिश्रा को पार्टी ने पूर्णकालिक जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। रविवार को कांग्रेस भवन में उनका कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस के लिए समर्पित थे अब पार्टी ने पूर्णकालिक की जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के मजबूती के लिए सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का प्रयास करते हुए नया कीर्तिमान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को बुलंदी पर पहुंचाना उनका उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सगीर खान, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडे, महिला अध्यक्ष रमा कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, धर्मराज सिंह, संतराम पाल, सेवादल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, पूर्व युवा अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, बाबा राम सृंगार भारती, राम सिंह, वेद प्रकाश सिंह शकील अहमद, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अर्जुन वर्मा चंद्र, प्रकाश पांडे, अविनाश मिश्रा, अलीशा परवीन, सुहानी, रशीदा, परवीन, अरविंद कुमार शुक्ला, मुन्ना सहारा, चांद खान, शाहिद अली कुरेशी, शुभांगी पांडे, विवेकानंद शुक्ला, फूल मोहम्मद, सलीम कुरैशी, मोहम्मद सफी, राजू सेवादल, अयूब खान, सुरेश कुमार गौतम, लक्ष्मी देवी, शाहिद, समेत अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी सहित आसपास के जनपदों में ई-रिक्शा व टावर की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के चार शातिरों को कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए लोगों में लखनऊ के रंजीत, परमेश ऊर्फ पंचम व सतरिख के जाटा बरौली का रिंकू व दीपक उर्फ दीपू को लखनऊ रोड चमड़ा फैक्ट्री के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शातिरों के पास से पुलिस ने चोरी की पांच बैटरी, दो प्लास व साढ़े 10 हजार की नकदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ई-रिक्शा व टावर की बैटरियां चोरी करके ट्रक ड्राइवर को बेचते थे।

# 24 लाख रुपये ठगने वाला रेलवे में था चपरासी

## सेवानिवृत्ति के बाद से ही युवाओं को बना रहा था ठगी का शिकार, दोनों हाथों से दिव्यांग है आरोपी

**खरगूपुर, अमृत विचार:** रेलवे में नौकरी के नाम पर 24 लाख रुपये की ठगी करने वाला मिश्रौलिया गांव का आरोपी द्वारिका प्रसाद यादव बंगाल के आदरा में रेलवे में चपरासी के पद पर नौकरी करता था। नौकरी के दौरान पिता की आकस्मिक मौत होने पर इसे चपरासी के पद नियुक्ति मिली थी। वह पांच वर्ष पूर्व सेवा निवृत्त भी हो चुका था। आरोपी दोनों हाथ से दिव्यांग होने के करण इसी कोटे से नौकरी मिली थी। इनका बेटा देवेंद्र यादव असम के विश्व विद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

कोतवाली नगर के वंशापुर गांव के आकाश शर्मा ने बताया कि उनकी व उनके पत्नी की परीक्षा लखनऊ में ग्रुप सी पद के लिए कराया गया था।

कोतवाली देहात गोंडा अंतर्गत भदुआ तरहर गांव निवासी रंजीत तिवारी ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव के आरोपी द्वारिका प्रसाद यादव ने उसे कर्मचारी चयन आयोग में ग्रुप सी की परीक्षा 2021 में ग्रुप सुभाष चंद बोस हायर ऑफ एजुकेशन लखनऊ में दिलाई थी। परसपुर थाना क्षेत्र के पुरैना गांव निवासी चंद्र प्रकाश दुबे ने बताया कि उसकी आर्मी टेरिटेबिल पद की परीक्षा लखनऊ में दिलाई गई। कोतवाली देहात गोंडा अंतर्गत सुल्तान जोत गांव निवासी अखंड प्रताप सिंह व आकाश सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि सुभाष चंद्र बोस हायर ऑफ एजुकेशन लखनऊ में रेलवे रेलवे में नौकरी दिलाने के लिए ग्रुप सी की परीक्षा दिलाई गई। उन्होंने बताया कि दोनों लोगों से 60 हजार रुपये नकद मेडिकल कराने के नाम पर आरोपी ने ले लिया। इसी क्षेत्र अंतर्गत वीरपुर विशेन गांव के अंबरीश चंद शर्मा व गिरीश चंद शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि एस आर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी लखनऊ में रेलवे में ग्रुप सी की परीक्षा दिलाई गई। कोतवाली नगर अंतर्गत घोसियाना गांव के वाजिद खान व वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव के सुनील दत्त शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि उनकी परीक्षा एस आर ग्लोबल स्कूल सीतापुर रोड लखनऊ में कराया गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा कराए गए किसी हो परीक्षा का परिणाम अभी तक नहीं आया। आरोप है कि पीड़ितों का एडमिट कार्ड आरोपी द्वारिका प्रसाद द्वारा फर्जी बनाकर परीक्षा करा दिया जाता था। इसलिए परीक्षा का परिणाम नहीं आता था।



रेलवे में भर्ती के नाम पर ठगी के शिकार हुए युवक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष बने राजू गोस्वामी



**खरगूपुर, अमृत विचार :** समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी। क्षेत्र के निधिनगर गांव निवासी राजू गोस्वामी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकरन निर्मल की संस्तुति पर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाजवादी वाहिनी के जिलाध्यक्ष पंकज गोस्वामी, अजीत सिंह, दद्दन गोस्वामी, हजारी लाल, राजन गिरि, कृष्णाराम तिवारी, अमर गिरि, आशीष यादव, अखिलेश गोस्वामी, पप्पू यादव आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### पुलिस ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कौड़िया के थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त के साथ मतदान केंद्र कोचवा, भैरमपुर व गौसिहा का स्थानीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों से आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने मे बाधा डालने वाले व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के बारे में जानकारी हासिल की। ग्रामीणों से कहा गया कि वे मतदान के दिन पूरी तरह से निष्पक्ष होकर मताधिकार का प्रयोग करें।

### विधायक ने किया गांवों का भ्रमण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह व रघुकुल विद्यापीठ के प्रबंधक सुमित भूषण सिंह ने नवादा गांव का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीराम पाठक के पिता राम बदल पाठक 82 के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की। अवकाश प्राप्त दारोगा राम नरायन पाठक, भवानी भीख शुक्ल, जसवंत सोनकर, सूर्य नारायण दुबे, देवनारायण दुबे, सुरेश सोनी, बच्चा राम दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### एक लाख नकद व चेन न मिलने पर घर से निकाला

**खरगूपुर, अमृत विचार :** दहेज में एक लाख रुपए नकद तथा सोने की चेन की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने पति सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खनवापुर के मजरा कुटनहरिया गांव का है। यहां की रहने वाली शकुंतला देवी की शादी करीब छः साल पहले इसी गांव के चंद्रप्रकाश के साथ हुई थी। आरोप है कि उसकी विदाई होने के बाद से ही पति चंद्र प्रकाश, जेठ राजेंद्र प्रसाद तथा जेठानी कमलेश्वरी द्वारा दहेज के नाम पर एक लाख रुपए नकद तथा सोने की चैन मायके पक्ष से लाने का दबाव बनाते रहे। उक्त मांग की पूर्ति न होने पर विवाहित कौशिल्या देवी को प्रताड़ित करते हुए मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। पीड़िता ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि पति सहित तीनों आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया और उसके कमरे में ताला लगा दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न तथा धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 20 हजार कच्ची ईंट पर ट्रैक्टर चलवाकर किया नष्ट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** खनन विभाग की टीम द्वारा कर्नलगंज आर्यनगर मार्ग पर स्थित दो भट्ठों भारत ब्रिक फील्ड महादेव व राजा ब्रिक फील्ड महादेव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन विभाग की टीम ने पाया कि दोनों ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा बकाया विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया है। ईंट भट्ठा सत्र 2023-24 के लिए निर्गत शासनादेश के अनुसार ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क अग्रिम रूप से जमा कराए जाने के उपरांत ही ईंट भट्ठों का संचालन किये जाने अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाने का प्रावधान है। मौके पर ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा काफी मात्रा में ईंट मिट्टी का भंडारण करके ईटों की पथाई की जा रही थी तथा मौके पर चिमनी से धुआं निकलता मिला जिससे स्पष्ट हुआ कि भट्ठा स्वामियों द्वारा शासनादेश में उल्लखित प्रावधानों का उल्लंघन उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली 2021 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 का उल्लंघन एवं राजस्व की चोरी की जा रही है। खनन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पथाई की गई लगभग 20 हजार कच्ची ईंटों पर ट्रैक्टर चलवा कर नष्ट किया गया मौके पर उपस्थित ईंट भट्ठा स्वामियों को तीन दिन के भीतर बकाया विनियम शुल्क जमा किए जाने की नोटिस तामील कराया गया।

### बैठक में विहिप पदाधिकारियों का हुआ चयन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक नगर के सन राइज गार्डन में संपन्न हुई। इसमें पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री प्रांत समरसता प्रमुख धर्मेंद्र रहे। पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से रूपरेखा बनाई और सारे कार्यक्रमों को वृहद स्तर पर करने का आह्वान किया गया। इसी के साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन हुआ जिसमें नवीन दीक्षित कार्याध्यक्ष, तिलक राम सह संयोजक रोहित दीक्षित सहमंत्री, दीपांशी गुप्ता सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी को चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री धनंजय, नगर मंत्री संदीप, नगर सत्संग प्रमुख बसंत, रंजीत नगर कार्यवाह, विशाल, उमाकांत, अखिलेश, हेमा, शिवा पटवा, सिद्धांत शुक्ला, नैतिक, अनुभव, जगलाल, सुरेश कुमार, राम अभिलाष गोस्वामी, राजेंद्र, आनंद कुमार गोस्वामी, राजू सिंह, अनूप, नितिन, मनीष, सूरज, शिवम, किरण, वंदना आदि उपस्थित रहे।

# अवधी गजलों के संग्रह पचांगुर का लोकार्पण



लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मौजूद साहित्यकार। अमृत विचार

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उप्र साहित्य सभा एवं शिव गंगा साहित्य सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनेश उन्नावी, डॉ. अशोक अज्ञानी, अजय प्रधान, प्रदीप महाजन तथा राजकुमार सोनी के अवधी गजलों के सामूहिक संकलन पचांगुर, अजय प्रधान कृत शूर्पणखा उवाच, प्रदीप महाजन कृत अवधी बारहमासा तथा काव्य निषंग का लोकार्पण समारोह रविवार को एक मैरेज लॉन मसौली में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. श्यामसुंदर दीक्षित ने की। कवयित्री अंकिता शुक्ला की वाणी वंदना से समारोह की शुरुआत हुई। अवध भारती द्वारा पचांगुर के सभी रचनाकारों को अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

# मानक के विपरीत हो रहा मार्ग निर्माण

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बरौली ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे इंटरलॉकिग निर्माण कार्य में मानकों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कार्य में सुधार नहीं हुआ है।

बंकी ब्लॉक के बरौली में राधे वर्मा के घर से सुरेश के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के तहत प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में बाक्सिंग में घटिया व पुरानी ईंटें लगायी जा रही हैं। मसाले की गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखा गया है। बीडीओ जितेन्द्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी शुरू, नहीं ठीक कराये गए हैंडपंप

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत प्रत्येक वर्ष नलों की मरम्मत व रिबोर के लिए लाखों रुपये खर्च करती है। बावजूद इसके नगर में कई सार्वजनिक स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। शासन ने भी इस बार गर्मियों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया है लेकिन अधिकारी हैंडपंपों को ठीक नहीं करा रहे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के बाद लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। वार्डों में लगे सरकारी हैंडपंपों की ओर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान नहीं है। नगर पंचायत में लगे काफी हैंडपंपों के हलक सूखे पड़े हैं। नगर के धरौली वार्ड में पहला आंगनबाडी में लगा नल, दूसरा आबादी के बीच में लगा नल खराब पड़ा है। इसके साथ ही अनेक स्थानों पर हैंडपंप या तो दूषित पानी दे रहे हैं या फिर काफी देर तक चलाने के बाद पानी दे रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोग कई बार नगर पंचायत के अफसरों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष रामसनेहीघाट डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि हैंडपंपों की मरम्मत कराने के लिए सभी वार्डों के सभासदों को कहा गया है। अगर वह नहीं कराते हैं तो उनकी सूचना पर सही कराया जाएगा।



आंगनबाड़ी केंद्र पर खराब हैंडपंप।



गांव की आबादी में लगा खराब नल।

**कार्यक्रम** | होली मिलन समारोह में बरसाने की तर्ज पर खेली गई फूलों की होली

# दोसर वैश्य समाज को मिले राजनीतिक हिस्सेदारी : अवधेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 1978 के बाद यह पहला मौका था जब शनिवार शाम से देर रात तक शहर के एक निजी पैलेस में जिले के सभी तहसीलों व कस्बों से भारतीय दोसर वैश्य महासमित के लोगों ने होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि विहिप के गौरक्षा आनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय अपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता व दोसर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में होली मिलन का कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा दोसर वैश्य समाज को संगठित होकर राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग उठानी चाहिए। इस मौके पर संगठन के प्रान्तीय महामंत्री श्याम मूर्ति वर्मा प्रान्तीय प्रभारी, संगम लाल गुप्ता, युवा अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता व प्रान्तीय सलाहकार अजय गुप्ता ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में 25 वर्ष की आयु पूरी कर चुके संगठन के लिए अनवरत सेवा देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया और सामाजिक समरसता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला उपाध्याक्ष रविनन खजांची, जिला प्रभारी ब्रजेश वैश्य, महामंत्री राजेन्द्र दीपक गुप्ता व कोषाध्यक्ष आशीष सहित जिले के महिला व युवा संगठन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में दोसर वैश्य समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।



संगठन के राम किशोर गुप्ता को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## एक नजर

### केंद्रीय बलों के ठहरने की जगह जांची

**बहराइच,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा सीएपीएफ, सिविल पुलिस, पीएसी बल,होमगार्ड के ठहरने हेतु थाना रानीपुर 5 व थाना हुजूरपुर के 3 चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों में पानी, बिजली शौचालय,आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस बल के ठहरने हेतु चिन्हित विद्यालयों में यथा- पेयजल, बिजली, जनरेटर सम्बंधी जो कमियां पाई गई उसके सम्बंध में विद्यालय के व्यवस्थापक व सम्बंधित प्रभारी निरीक्षक को समय रहते पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में अवैध शराब बनाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सभी थानों की पुलिस को सख्त निर्देश जारी किए हैं इसी के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना राकेश कुमार सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मटखनवा तिराहे के पास से एक अभियुक्त लहरी पुत्र हरिराम निवासी अहिरन पुरवा दा0 किडियौना थाना इकौना को 20 ली अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना इकौना मैं धारा 60 आबकारी अधि. में अभियोग पंजीकृत कर जेल रवाना किया गया।

### परचून की दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इकौना थाना क्षेत्र के बलुहा पुल के पास एक दुकान में आग लग गई। जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। लालपुर खदरा के साईं पुरवा निवासी ननके दुकान बंद कर के शनिवार को अपने घर चला गया। शनिवार की रात में दुकान मे आग लग गई। दुकान से धुआँ उठता देख आस पास के लोगों ने दुकान मालिक को इसकी जानकारी दी दुकान मालिक के साथ पहुंचें आस पास के लोग जब तक आग को बुझाते तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था।

# चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे सरकार के बोर्ड

**हुजूरपुर, बहराइच**

**अमृत विचार:** हुजूरपुर चौराहा पर लोक निर्माण विभाग की ओर से दूरी का संकेतांक लगवाया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री का फोटो लगा हुआ है। इसे पुलिस और प्रशासन की ओर से हटवाया नहीं गया है। पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन हुजूरपुर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को चुनाव आचार संहिता नहीं दिख रहा है। जिससे चलते हुजूरपुर चौराहे पर लोक निर्माण विभाग की ओर से लगाए संकेंतांक पर दूरी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और




हुजूरपुर चौराहे पर लगा पोस्टर।

उप मुख्यमंत्री/पीडब्ल्यूडी मंत्री केशव प्रसाद मौर्य की फोटो लगी हुई है। इसको किसी के द्वारा हटाया नहीं गया है। जबकि क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत भी अधिकारियों के साथ पुलिस से की है। ऐसे में हुजूरपुर चौराहा पर लगे राजनीतिक बोर्ड से चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ रही हैं।

## बिना कार्ड धारकों को बुलाए लगा दी रिपोर्ट

**गायघाट, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के दौलतपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुए कोटेदार पर खाद्यान्न देने का आरोप लगाया था जांच के लिए पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने बिना शिकायतकर्ताओं के बुलाए ही कोटेदार के पक्ष में रिपोर्ट लगा दी। बलहा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर के कार्ड धारक अमेरिका प्रसाद समेत अन्य ने जनसुनवाई पोर्टल पर कोटेदार की शिकायत की थी। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बलहा के पूर्व निरीक्षक को जांच के लिए गांव भेजा। आरोप है कि शिकायत कर्ता समेत अन्य पीड़ितों को पूर्ति निरीक्षक ने जांच के दौरान नहीं बुलवाया। बल्कि कोटेदार पक्ष के लोगों का बयान दर्ज इसके पक्ष में रिपोर्ट लगा दी। ऐसे में पूर्ति निरीक्षक की कार्य शैली पर सवाल उठ रहे हैं

# धरा अंबर के बीचो-बीच हिंदुस्तान बन जाए...

**मोतीपुर, बहराइच**

**अमृत विचार:** जनपद के विधानसभा बलहा क्षेत्र के समय माता मन्दिर बेलहन में आयोजित कवि सम्मेलन मुशायरा में कवियों ने महफिल सजाई और अलग-अलग विधा पर लिखने वाले रचनाकारों ने अपनी अपनी रचना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संयोजन अमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदे पूजन विधि पूर्वक किया गया वही आमंत्रित कवियों का माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता साहित्य भूषण रामकरण मिश्र सैलानी ने एवं प्रमोद साधक ने की। कवि सूर्य प्रकाश मिश्र (सूर्या) के द्वारा सरस्वती वंदना



कवि सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साहित्य भूषण रामकरण मिश्र सैलानी ने पढ़ा मोर सोन चिरैया मोर कच्ची कली। आरएसडी चातक ने पढ़ा भूखे पेट कहां खुशियों के सपने पलते हैं। आरडी शर्मा ने पढ़ा तुम हमरे रुपयस सैर करव हम पैदल चल पैट्रोल द्याब। डॉ अमरीश अंबर ने पढ़ा धारा अंबर के बीचो-बीच हिंदुस्तान बन जाए। डॉ.ओपी वर्मा ओम बाराबंकी ने पढ़ा हल लिए खेत में किसान वंदे मातरम। पंकज शुक्ल नूतन ने पढ़ा प्रीत का जब से है व्याकरण पढ़ लिया ।सूरज त्रिवेदी ने पढ़ा जमाने को इसी रस्ते से अब बन करके दिखाना है । शायर आदाब हुसैन तंबौरी ने पढ़ा आईना टूट के मुमकिन है संवर जाएगा। प्रमोद साधक ने पढ़ा हमरे गउवा के मुरहा है बकाय दिहिन हो भौजी जितिहो प्रधानी चढ़ाय दिहिन हो। अमन सिंह ने पढ़ा कोई नहीं है धरा में मेरे राम सा कोई नगरी अयोध्या सी पावन आदि काावियों ने वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस आदि की रचनाओं को पढ़ा वही सैकड़ो की संख्या में साहित्य प्रेमियों ने जमकर श्रृंगार व हास्य की रचनाओं पर तालियां बजाते हुए पूरे महफिल को आनंदित कर दिया। महेंद्र नाथ तिवारी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेना, मुरारी सिंह, राजकुमार सिंह, बच्चा सिंह प्रधान बेलहन, रामकुमार सिंह पूर्व प्रधान, सतीश पोरवाल, नरेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ, मनोज अवस्थी पत्रकार,मंगरे यादव प्रधान खैरी, वसीम प्रधान दौलतपुर , बृजेश सिंह, डॉ पंकज सिंह, विश्वप्रताप सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में साहित्य प्रेमी श्रोता उपस्थित रहे।

# शार्ट सर्किट से फूस के दो मकानों में लगी आग

## दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

**खुटेहना, बहराइच**

**अमृत विचार:** जिले के हंसुवापारा गांव निवासी दो ग्रामीणों के फूस के मकान में रविवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसुवापारा के मजरा रंकीपुरवा निवासी सुखराम पुत्र राम समुझ के मकान में रविवार दोपहर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उठ रही तेज लपटों ने पड़ोसी उमेश उर्फ नानमून के मकान को भी



मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

आगोश में ले लिया। इस पर सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

लेकिन दो मकानों की पूरी गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गईं। आग लगने से कपड़ा, अनाज और अन्य सामान जल गया। एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर थाने की पुलिस ने मौके का मुआयना किया। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया राजस्व टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग गेहूं की फसल जलकर खाख



खेत में जलकर राख हुई गेहूं की फसल।

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया के जगदीशपुर शोखा में दो एकड़ गेंहू की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू किया,तब तक फसल जलकर खाक हो गई। रिसिया थाना क्षेत्र के जगदीशपुर शोखा में रिसिया से आसाम रोड को जोड़ने वाले खड़ंजालिंक मार्ग पर इमरान व सारुल पुत्र महबूब अहमद वर्तमान निवासी काजीपूरा तथा मूल निवासी ऋषि भूमि रिसिया, हाफिजमुनशरिफ निवासी ईट कौरी, रंगई पुत्र दीन मोहम्मद निवासी जगदीश पुर का खेत है। दोपहर दो बजे के आस पास इनके खेतो मे अचानक आग लग गई और देखते देखते विकराल रूप ले लिया। इस आग से इमरान, सारुल का पांच बीघा तथा हफीज मुनशरिफ का ढाई बीघा और रंगई का दो बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। मौके पर पुलिस प्रशासन एवम ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। अन्यथा यह आग कई बीघा गेंहू की फसल को चपेट में ले लेता, आग के कारणों का पता नही चल सका है। इमरान, सारुल पुत्र महबूब के खेत को अयाज खान पुत्र खबरदार ने ठेका पर ले रखा था।

# महिला ने मकान में आग लगाने का लगाया आरोप



मौके का जायजा लेते भीम आर्मी के सदस्य। अमृत विचार

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के नौसहरा गांव निवासी एक ग्रामीण के मकान में आधी रात को आग लग गई। जिसमें पूरा फूस का मकान धू धू कर जल गया ग्रामीण ने पड़ोसी लोगों पर रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाया है। सीओ ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौसहरा निवासी पूजा देवी पत्नी प्रमोद कुमार के मकान में शनिवार रात को कुछ लोगों ने आग लगा दी। थाने में तहरीर देकर महिला का कहना है कि पड़ोसी रवि, मिथिलेश और मनके लाल समेत अन्य ने उसके फूस के मकान में रंजिश में आग लगा दी। जिससे पूरा मकान जलकर राख हो गया। परिवार के लोगों ने भागकर जान बचाई। आग लगने से की सूचना पर रविवार सुबह भीम आर्मी के पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस से केस दर्ज किए जाने की मांग की। वहीं घटनास्थल का सीओ अनिल कुमार सिंह ने जायजा लिया। इस मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आग लगी है। लेकिन जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

## बैटरी के साथ दो गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि सीमा चौकी रंजितबोझा के जवान सीमा स्तम्भ संख्या 653/02 के निकट 20 मीटर अंदर पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी भारत की ओर से दो युवक नेपाल की तरफ साइकिल पर सामान को लेकर आते हुए दिखे। नजदीक आते ही गशत दल ने दोनों युवको को चारो तरफ से घेर लिया एवं युवको से सामान के बारे में पूछ ताछ किया। पकड़े गये व्यक्तियो से नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम शमसुद्दीन पुत्र अलीअहमद, सलीम पुत्र आजाद निवासी रंजितबोझा थाना रूपईडीहा बताया। दोनों ने बताया कि साइकिल पर उच्च क्षमता के बैटरी है, जिसे वह नेपाल में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। वह भारत से सस्ते दामो में सामान खरीदकर ज्यादा मुनाफा लेकर नेपाल में बिक्री करता हू। मौके पर उपस्थित गस्त दल ने अभियुक्त को सामान के साथ अग्रिम कार्रवाई हेतु कस्टम ऑफिस सुपुर्द किया। दल में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सहदेव कलिता, आरक्षी सामान्य- कमलेश कुमार व् मनोज कुमार शामिल रहे।

# रिसर्च स्कॉलर अजय ने कतर्नियाघाट सेंचुरी पर किया शोध

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के मजरा खुयहारेपुरवा निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार श्रीवास्तव ने प्रारंभिक शिक्षा जरवल रोड के ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज में की ।इसके बाद स्नातक किसान डिग्री कॉलेज बहराइच रिसर्च एवं अध्यापन कर एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर से किया। बलरामपुर एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के रिसर्च स्कॉलर अजय कुमार श्रीवास्तव को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदानकी गई है। अभी हाल ही में उनके निर्देशन में अजय कुमार ने स्टडीज आन फॉलिकल्स फंगी फ्राम कतनियाघाट वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी बहरइच उत्तर प्रदेश' विषय पर अपना शोध कार्य संपन्न करके पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनकी मौखिकी परीक्षा उत्कल विश्वविद्यालय उड़ीसा के प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी प्रोफेसर श्रीरूप गोस्वामी के द्वारा हुई। जिसमे अजय कुमार ने अपने शोध से संबंधित सभी प्रश्नों का सम्यक की है। उत्तर देकर महत्वपूर्ण उपाधि अर्जित की उक्त है। उनका यह शोध विभिन्न वनस्पतियों के पत्तों में लगने वाले रोगों के कारण और निदान पर आधारित रहा है। अजय कुमार ने अपने शोध में उक्त प्रजातियों में लगने वाले रोगों के मूल कारणों का पता लगा कर उन रोगों को दूर करने के उपाय वर्णित किए हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए विभाग के सभी सहयोगी शिक्षकों डॉ मोहम्मद अकमल, डॉ शिव महेंद्र सिंह, राहुल कुमार, श्रवण कुमार, राहुल यादव, डॉ वीर प्रताप सिंह, विपिन तिवारी, सौम्या शुक्ला, राशि सिंह, धर्मेश श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बधाई दी। इसके पूर्व में डॉ राजीव रंजन के निर्देशन में शिवदत्त तिवारी ने पुरावनस्पति विज्ञान से संबंधित शोध कार्य संपन्न करके पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।



शोध करने वाले प्रोफेसर ।

# उजड़े प्लास्टर व वायरिंग को करवाएं सही

**बहराइच**

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक, नगर रामानंद कुशवाहा ने कोतवाली देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक सप्ताह में अपूर्ण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने सलामी के बाद थाना परिसर का भ्रमण कर आरक्षी / महिला आरक्षी आवास के प्लास्टर व वायरिंग उखड़े हुए मिले, उसे सही करवाने के लिए निर्देशित किया। नाली की व्यवस्था न होने पर नाली बनवाने व थाने की बाउंड्री ठीक करवाने के प्रस्ताव बनवाने के लिए निर्देशित किया। थाना परिसर मे खड़े बेतरतीब वाहनों की सूची तैयार कर उनकी नीलामी करने के लिए एचएम व एसएचओ को निर्देशित किया गया। कार्यालय का निरीक्षण



कोतवाली में निरीक्षण करते एएसपी नगर। अमृत विचार

करते हुए महिला हेल्प डेस्क पर सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्रवाई के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया गया। थाने पर अर्दली रूम कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मालखाने का चार्ज किसी के पास न होने के कारण एसएचओ को चार्ज दिलवाने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यालय में अभिलेखों के अवलोकन में वर्ष 2023 के रजिस्टर में प्रविष्टियां अपूर्ण पाई गई, कमियों को पूर्ति के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए प्रभारी निरीक्षक एवं हेड मोहर्रिर को निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के लापता हिस्ट्रीशीटरो का पता लगाने तथा सक्रिय अपराधिया पर नजर रखने व शस्त्रधारकों के शस्त्र को जमा करवाने और चुनाव मे विघ्न पैदा करने वालो को चिन्हित करने के निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाल बीके मिश्रा, उप निरीक्षक समेत अन्य मौजूद रहे।

## गर्म पानी से बालिका झुलसी, मौत

**श्रावस्ती,अमृत विचार :** नवीन मॉर्डन थाना क्षेत्र के कटरा बाजार में एक बालिका के ऊपर गर्म पानी का भगोना गिरने से झुलसकर मौत हो गई। कटरा बाजार निवासी विक्रम की 3 वर्षीय बालिका सगुन रविवार को खेल रही थी। वहीं आंगन में कपड़ा धोने के लिए चौकी पर भगौने मे गर्म पानी रखा था। खेलते समय सगुन ने अपने ऊपर पानी गिरा लिया। जिससे वह झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनो ने आनन फानन में बालिका को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकत्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया है। बहराइच में इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई।

## नदी में डूबी बालिकाओं का 5 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** राप्ती नदी में डूबी बालिकाओं का आज तक सुराग नहीं लग सका है। पुलिस स्थानीय गोताखोर तलाश कर रही है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मध्यनगर निवासी विद्याराम की पुत्री प्रीती तिवारी बुधवार को भैंस चराने नदी के किनारे गई थी। भैंसे पानी पीने के लिए नदी में चली गई। इस पर प्रीती उन भैंसों को नदी से बाहर निकालने चली गई। गहरे पानी में जाने से वह बाहर नहीं निकली। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ भी पता न चला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस भी पाच दिनों से तलाश कर रही है। किन्तु अब तक उसका कोई पता नहीं चला ।इसी तरह से शुक्रवार को ग्राम अमवा निवासी वैधू की पुत्री निशा रात में शौच के लिए नदी के किनारे गई थी वहां पैर फिसल गया और वह नदी में डूब गई। परिजन व पुलिस तीन दिनों से उसकी तलाश में नदी का कोना कोना छान लिया किन्तु अब तक उसका कहीं सुराग नहीं लगा है।


## वर्ग पहेली-33

**बाएं से दाएं**

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



### वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ची | ल | ■ | 2 ओ | ■ | 3 पौ | ■ |
| ■ | ■ | 4 घ | न | घो | र | ■ |
| ■ | 5 म | ■ | च | ■ | ■ | 6 नौ |
| 7 घ | न | घ | ना | 8 ना | ■ | त |
| ■ | मा | ■ | ■ | 9 क | सू | र |
| ■ | फ़ि | ■ | ■ | ■ | ■ | णी |
| 10 ब | क | ल | स | ■ | ■ | य |

### सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू -111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि- अमावस्या 23 .50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग

गु. 1 बु. चं. मं. श. 11 10 2 शु. सू. रा. 12 3 9 6 4 के. 8 5 7

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10 .12 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

**वृष** – आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें,क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

**मिथुन** – आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं,जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** – आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा,जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

**सिंह** – आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

**कन्या** – आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

**तुला** – आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी,लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

**वृश्चिक** – आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**धनु** – आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

**कुंभ** – आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मीन** – आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता – सुबह : 10 .58
लाइफ की ऐसी की तैसी – शाम : 06 .22

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन – सुबह : 11 .21
रैमपेज – रात : 09 .00

**&pictures**
राउडी रक्षक – सुबह : 10 .16
वीरा द पावर – शाम : 04 .44

**ZEE CINEMA**
धमाल – सुबह : 11 .40
दिल मांगे मोर – रात : 07 .55

**colors CINEPLEX**
द वारियर – दोपहर : 01 .16
विजय राघवन – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है,अच्छा काम करने से पहले,मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।



**28वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04. 14 बजे
इफ्तार : 06. 36 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .27 बजे
इफ्तार :06.25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# बूढ़े पुल से नहीं उठ रहा बोझ, प्रतिदिन लग रहा जाम

विनोद शुक्ला,जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर घाघरा नदी पर बना संजय सेतु पुल चार दशक पुराना होने के कारण जर्जर हालत में है। पुल पर क्षमता से 60 गुना बोझ बढ़ जाने से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। लेकिन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा नदी पर 1984 में बना संजय सेतु 40 वर्ष की उम्र में ही पचास गुना ट्रैफिक बोझ उठाने में बूढ़ा होने के कारण कमजोर हो गया है। यही कारण है कि चार माह पूर्व 10 नम्बर कोठी अचानक बोझ न सहन कर पाई और खराब हो गई। जिसके कारण आवागमन वन वे होने पर राजधानी लखनऊ समेत दर्जन भर जिलों के अलावा नेपाल देश के यातायात पर जाम का प्रभाव पड़ने से हडकंप मच गया। संजय सेतु के बूढ़े होने की कहानी काफी दिलचस्प है, क्योंकि करीब तीन दशक पहले 09 अप्रैल 1981 को इस सेतु की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री विश्वनाथ सिंह ने रखी थी। उस समय बाराबंकी, लखनऊ समेत आसपास के करीब दर्जन भर जिलों में बनने वाला इतना लंबा पहला सेतु था। यही वजह है कि जब यह सेतु बनकर तैयार हुआ तो दूर-दूर से लोग इस सेतु को देखने आते थे। उस समय अत्याधुनिक तकनीक से बनाया गया यह पहला सेतु था, यही वजह है कि संजय सेतु पर्यटन स्थल बन गया था। अब तो लगता है यह बात सदियों की हो, पर हकीकत यह है कि संजय सेतु की उम्र 40 वर्ष हो चुकी है। अब इस सेतु पर बोझ की दास्तां का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग के जानकारों की मानें तो इस सेतु पर बीते चार दशक में साठ गुना ट्रैफिक बढ़ा है। वर्ष 2006 में स्टेट रोड से इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने के कारण इसे नेशनल हाईवे का दर्जा दे दिया गया है। दो लेन सेतु पर अब फोर लेन राजमार्ग के अंधाधुंध यातायात का भारी भरकम बोझ सहन न कर पाने में असमर्थता के संकेत मिल रहे हैं किन्तु जिम्मेदार विभाग पूरी तरह मौन है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लोगों से बात की गई तो समाजसेवी कृष्णकुमार गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षों में कई बार पुल में आई खराबी के चलते लगने वाले लम्बे जाम में लोगों की परेशानी का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।


लखनऊ -बहराइच मार्ग पर बना संजय सेतु पुल। अमृत विचार

### आपात कालीन सेवा भी प्रभावित



संजय सेतु पुल में विगत दिनों पुल में आई खराबी के चलते वन वे ट्रैफिक के दौरान गंभीर रूप से बीमार रोगियों को आपातकालीन स्थिति में ले जाने वाले एम्बुलेंस वाहनों को जाम का सामना करते देखा गया।

**-अशोक कुमार तिवारी, राम नगर**

### जाम में निकल गया मुहूर्त



शादी विवाह के मौसम में दूल्हा और बारातियों के वाहनों के जाम में फंसने पर विवाह का मुहूर्त निकल जाता है। यह दो बार हुआ है।

**-ओम प्रकाश अवस्थी**

### जन प्रतिनिधि दें ध्यान



जिले से राजधानी मुख्यालय तक समय से पहुंच कर कोर्ट कचहरी जाने वाले व मरीज़ लोग समय से नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में इस पुल के निर्माण पर जन प्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरूरत है।

**-संजय राव**

### कभी भी हो सकता है हादसा



घाघरा नदी पर चार दशक पहले बना पुल जर्जर हो चुका है, क्षमता से साठ गुना से अधिक भार झेल रहा पुल जर्जर हो चुका है। कभी किसी घटना दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**-अजय वर्मा, पूर्व प्रधान**

### आए दिन प्रभावित होती है ट्रैफिक



पुल पर प्रतिदिन लाखों दुपहिया चौपहिया सहित बड़े वाहनों का प्रतिदिन आवागमन होता है टू लेन सड़क होने के कारण यातायात व्यवस्था संकरे पुल के कारण प्रभावित हो जाती है तथा जाम लगने पर कई -कई की घंटे यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।

**-राहुल सिंह**

## बांध के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**बहराइच, अमृत विचार:** जनपद के किंधौली गांव में बांध के किनारे एक युवक का शव रविवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत किंधौली के लोग रविवार सुबह आवागमन कर रहे थे। तभी गांव के लोगों को सरयू नदी पर बने बांध के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए उसे जिला मुख्यालय स्थित मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

## एक नजर

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बहराइच :** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का शव घर में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़फोरन बेली गांव निवासी अनुज कुमार यादव पुत्र शिवप्रसाद का शव रविवार सुबह घर में फंदे से लटकता मिला। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने इसकी सूचना थाने में दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल की हुई मौत

**बहराइच :** बौंडी थाना क्षेत्र के बेलासपुर हाथी चक गांव निवासी उमाशंकर पुत्र खुशलाल अपनी पत्नी रीना देवी के साथ बाइक से 13 मार्च को सीतापुर की ओर से आ रहे थे। हरदी थाना क्षेत्र के वैशनपुरवा गांव के पास बाइक सवार रोडवेज बस की टक्कर से हादसे का शिकार हो गए थे। जिसमें पति पत्नी घायल हो गए थे। मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के बाद उमाशंकर को घर ले जाया गया शनिवार रात को उनकी मौत हो गई परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वारंटी को भेजा जेल

**खैरीघाट,बहराइच :** थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रविवार को वारंटी जुमई पुत्र सुलेमान निवासी सोगईपुरवा बौण्डी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया है। टीम में उप निरीक्षक राकेश कुमार यादव और अजय कुमार वर्मा शामिल रहे।

# रास्ता बंद करने से जनता में आक्रोश सांसद प्रत्याशी व एमएलसी का घेराव

## रेलवे क्रासिंग 41 सी खुलवाने और वैकल्पिक मार्ग देने की मांग


बहराइच में प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार


सांसद प्रत्याशी का घेराव करते मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** रेलवे और प्रशासन ने शहर के नईबस्ती बख्शीपुरा जाने वाले मुख्य मार्ग को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। जिससे मोहल्ले के 50 हजार लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। बीमारों को अस्पताल, बच्चों को स्कूल व आमजन को बाजार जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक लगातार मोहल्ले के हितों की उपेक्षा कर रहा है। इस कारण रविवार को मोहल्ले के सभासद अखिलेश यादव के नेतृत्व में हजारों आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये। सभी मोहल्ला वासियों ने भाजपा सांसद प्रत्याशी आनंद गोंड के आवास पर जाकर उनका घेराव किया और लगातार मोहल्ले की समस्या के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया। इसके बाद सभी ने भाजपा एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी का भी घेराव कर उन्हें भी समस्या से अवगत कराया।

मोहल्लेवासियों का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी मनीराम वर्मा ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बंद होने से समस्या है। इसलिए अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए वह जनप्रतिनिधियों के पास जा रहे हैं। हालांकि सभी जनप्रतिनिधि समस्या से अवगत हैं और समस्या के समाधान का आश्वासन भी देते हैं। लेकिन 2017 से न नाला बन सका न क्रासिंग खुल पायी। उस पर भी रेलवे व प्रशासन ने मिलकर जो वैकल्पिक मार्ग बनाया था, उसे भी बंद कर दिया। यह अन्याय की पराकाष्ठा है । लोकतंत्र में आमजन पर यह अन्याय स्वीकार नही है। अगर हमारी समस्याओं का समाधान नही किया गया तो हम सभी मतदान बहिष्कार करेंगे। मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि अखिलेश गोले ने कहा कि मोहल्ले की समस्याओं को लगातार बोर्ड बैठक में उठाया जाता है पर नगरपालिका की उदासीनता के कारण अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नही हो पाया है।

आंदोलनकर्ता समाजसेवी पीके सिंह ने बताया कि हमारे मोहल्ले ने सांसद से सभासद तक भाजपा को जिताकर भेजा है हमारे बूथों से हमेशा भाजपा जीतती है। लेकिन मोहल्ले की समस्याओं का कोई समाधान नही हो रहा है । इससे लोगों में भारी आक्रोश है और सभी मतदान न करने का मन बना रहे हैं। इस अवसर पर सुभाष चंद्र पांडेय , श्यामलाल दूबे , दद्दू मिश्र, सत्यदेव मिश्र, महेश पाठक, दीपू सिंह, बड्डू पांडेय, अंकुरेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, वंदना शुक्ला, दीपा श्रीवास्तव, ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## 50 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार:** राम गांव थाने की पुलिस ने जांच के दौरान बाइक सवारों को 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रूपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में राम गांव थाने के प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस टीम के उप निरीक्षक नरेंद्र चौधरी, हेड कांस्टेबल विजय शंकर सिंह, सिपाही विकास यादव और जय प्रकाश के साथ आने जाने वालों की तलाशी ले रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शनिवार शाम को थाना क्षेत्र के राजा मील चौराहे के पास एक बाइक सवार को रोक कर जांच की गई तो बाइक की डिक्की से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई जिस पर बाइक सवार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर थैलिया निवासी अभिषेक पाठक उर्फ भोलू पुत्र संजय पाठक और राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुआपारा निवासी सतीश मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद स्मैक और बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि दोनों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक राष्ट्र प्रगति में देते अमूल्य योगदान



विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच,अमृत विचार :** शिक्षक समाज का दर्पण तथा चरित्र दाता होता है, जिसके कंधो पर सुशिक्षित समाज के निर्माण का दायित्व होता है। यह बात जरवल ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित शिक्षक सेवानिवृत्ति व शैक्षिक संगोष्ठी कार्यक्रम में आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी जरवल एबी सिंह ने कही। विकास खण्ड के दो वरिष्ठ शिक्षक अमीर आलम खां प्रधानाध्यापक उप्रा विद्यालय धवरिया व निगार सुल्ताना प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय घूरनपुर का सेवाकाल गत 31 मार्च को पूर्ण होने के फलस्वरूप शनिवार को बीआरसी सभागार में शिक्षकद्वय का अभिनन्दन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति हुए दोनो शिक्षकों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह के साथ अंगवस्त्र फूल माला पहनाकर धार्मिक पुस्तक भेंट की। इस मौके पर सिंह ने कहा कि शिक्षक उस दीपक के समान होता है, जो स्वयं जलकर समाज में व्याप्त अशिक्षा व अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को दूर कर शिक्षा का उजाला फैलाता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह ने को दोनो शिक्षकों को मृदुभाषी व समर्पित शिक्षक बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन एआरपी मो0 अहमद ने किया। इस अवसर पर एआरपी अब्दुल मोमिन, कल्पना मिश्र, रियाज अहमद, दारा सिंह, विनय श्रीवास्तव, अलीम अहमद, विनय सिंह, संतोष वर्मा, शैलेन्द्र कुमार, आरिफ हाशमी, ख़लीकुज्ज्मा, सुनील यादव, सुरेश सरोज, उमाकांत, बृजेश पाठक, ज्योति कुमार, निरंकार तिवारी, मनीष मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे

### रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर विहिप की बैठक


बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**मोतीपुर, बहराइच :** रामोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जुट गया है। जगह-जगह बैठकों का आयोजन कर रामोत्सव कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। रामोत्सव कार्यक्रम 19 अप्रैल को राम जानकी मंदिर मिहींपुरवा में आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की एक बैठक प्रखंड मिहींपुरवा के खंड गोपिया के ग्राम पंचायत ककरहा में खंड अध्यक्ष रवि जायसवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर आयोजित हुई । जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह रहे। संदीप सिंह ने कहा कि राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भव्य तरीके से हो इसके लिए जगह-जगह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है सभी जनमानस से रामोत्सव के सफल आयोजन के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है । कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष मिहींपुरवा दिलीप मोदनवाल उर्फ बल्ले भैया, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक यादव ,प्रखंड मंत्री संतोष कुमार वर्मा, खंड अध्यक्ष रवि जायसवाल, तथा विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता अरविंद पासवान, नंदकिशोर राजपूत, अमन पासवान, मिथुन पाल, राहुल पासवान ,अमरजीत ,रामबाबू, रामकरन, इंद्रजीत ,बृज कुमार राजपूत शामिल रहे।

### घर मे घुसकर तोड़फोड़ मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने एक घर मे छह दिन पूर्व घुसकर तोड़फोड़ की। घर में रखी सीमेंट व मोरंग आदि बिखेर कर नष्ट कर दी। मौजूद युवक को जानमाल की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर घर में घुसकर बलवा, तोड़फोड़, धमकी व गाली गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है । तीन महिलाओं सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है। नगर कोतवाली के किला मोहल्ले निवासी धर्मेन्द्र लोधी पुत्र कुंवारे की रामगांव थाने के तमाचपुर में पुश्तैनी व व बैनामा की भूमि है। तमाचपुर स्थित मकान में दो अप्रैल सुबह दस बजे किला निवासी घनश्याम सहित आठ लोग घुस गए। आरोप है कि धर्मेन्द्र के छोटे भाई चंदन के साथ गाली-गलौज व धमकी दी। मारपीट को आमदा हो गए। घर में रखी सीमेंट बोरी फाड़ दी। मोरंग बिखेर दी। यही नही दीवार व पिलर तोड़ डाला। पीड़ित की तहरीर पर तीन महिलाओं सहित आठ लोग के विरूद्ध घर में घुसकर बलवा, तोडफ़ोड़, धमकी व गाली गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है ।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता


भाजपा की बैठक में मौजूद विधायक। अमृत विचार

**बहराइच अमृत विचार:** शहर के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री व लोकसभा प्रवासी भाजपा विनोद रहे। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाना है। उन्होंने उपस्थित सभी नुक्कड़ सभा संयोजको को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को लोकसभा के 400 सीटों का लक्ष्य जो मिला है, उसको अधिक से अधिक मतों द्वारा प्राप्त भी करना है। साथ-साथ में जनसंपर्क भी करते रहना है। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पन्ना प्रमुखों को प्रत्येक पन्ना सहित उनकी जिम्मेदारियां को आवश्यक जानकारी भी देना है, वह अपने पन्ना के सभी वोटरों को तथा प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क करके पहले मतदान फिर जलपान की बात बताते हुए मतदान अधिक से अधिक करने की प्रेरणा दें। इस अवसर पर सदर विधायक अनूपमा जायसवाल, बलहा विधायक सरोज सोनकर, श्रीनाथ शुक्ला, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा, लोकसभा संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, जिला मंत्री डॉक्टर डिंपल, जैन हेमा निगम, गौरव वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर अनीता जायसवाल, सौरभ मिश्रा, पवन तिवारी सहित लोकसभा क्षेत्र के नुक्कड़ सभा के सभी संयोजक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## मिलीबग कीट का समय से निदान करें किसान

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा ने बताया कि वर्तमान समय में पेड़-पौधो में मिलीबग कीट की समस्या काफी बढ गयी है। उन्होंने बताया कि मिलीबग कीट एक बहुभक्षी कीट है जो लगभग सभी प्रकार के पेड-पौधों को प्रभावित करता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि मिलीबग कीट की पहचान के पश्चात उचित प्रबन्धन से कीट के नुकसान को कम किया जा सकता है। मिलीबग कीट की पहचान के बारे में जानकारी देते हुए कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि यह कीट छोटे, अण्डाकार व मुलायम शरीर के सफेद रूई के समान दिखाई देते हैं। इस कीट में चूसने व चुभोने वाले मुखांग होते है, जिससे यह पेड-पौधो के कोमल भागो जैसे पत्तियो व तने से रस चूस कर पौधो को कमजोर कर देता है। जिससे पौधे पीले पड जाते हैं और सूख जाते हैं। मिलीबग कीट पौधों में जिस स्थान से रस चूसते है वहां पर मधुश्राव का उत्सर्जन करते है, जिससे आकर्षित होकर उस स्थान पर चीटिंयॉ एकत्र हो जाती है, जो कीटो को एक पौधे से दूसरे पौधे तक फैला देती है। मिलीबग कीट के प्रबंधन के सम्बन्ध में कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को सुझाव दिया है कि माह अक्टूबर में पौधों के जडों के चारो ओर पानी भरने तथा नवम्बर में पौधो के नीचे की मिट्टी की निराई-गुडाई कर कीट के अण्डे नष्ट कर सकते हैं।

# वृद्धाश्रम में वितरित किए कपड़े व मिष्ठान

बहराइच


वृद्धा आश्रम के लोगों को कपड़े और मिठाई देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के नगरौर में स्थित वृद्धा आश्रम में रविवार को शमा फाउंडेशन के द्वारा वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजनों को नए कपड़े और मिष्ठान वितरित किया गया। शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन ने वृद्धाश्रम में मौजूद 46 महिलाओं को साड़ी और 59 पुरुषों को गमझा वितरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल रहे। मुख्य अतिथि एवम संरक्षक खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल, भाजपा नेत्री सोनी श्रीवास्तव को शमा फाउंडेशन की प्रबंधक शमा परवीन ने उत्कृष्ट समाज सेवा कार्य के लिए कोहिनूर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। टीम ने सभी बुजुर्गों से बातचीत की उनका हाल-चाल लिया और उनके मन के भाव को प्रकट करने का मौका दिया। वृद्धाश्रम में तकरीबन 105 संख्या में बुजुर्ग उपस्थित रहे। सभी को शमा फाउंडेशन ने नए कपड़े और मिष्ठान वितरित किया। प्रबंधक शमा परवीन ने शमा फाऊंडेशन की टीम के साथ सभी को सम्मानित किया। शमा फाउंडेशन टीम में मोहम्मदअल्ताफ, मुशीर, ममता यादव, रजनी,नेहा द्विवेदी, रश्मि पांडेय, अर्शी हबीब,रुखसाना, शिवकुमार रैकवार,अब्दुल जिशान,राम गोविंद, विज्ञान श्रीवास्तव,हसीब,आशिफ, अनुपम कुमार सिंह, सहित अनेक सदस्य सहयोगी रहे। डायरेक्टर शमा परवीन और मोहम्मद अल्ताफ कोषाध्यक्ष द्वारा वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी को 105 माता पिता की पुनीत सेवा कार्य हेतु मेडल प्रदान किया गया। वृद्धाश्रम के संरक्षक कृष्ण कुमार, वृद्धाश्रम महिला अधिकारी रिंपी शुक्ला, रीना मिश्रा, पूनम शुक्ला सहित सभी स्टाफ को पुनीत कार्य हेतु सभी को मेडल प्रदान किया गया। शमा परवीन ने समाजसेवा कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को ममता यादव और रश्मि पांडेय को मेडल और रजनी,स्मिता श्रीवास्तव,अल्पना सहित सभी सहयोगी सदस्यों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

**बैठक** जिलाधिकारी की अगुवाई में प्रशिक्षित किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव पर रखें विशेष नजर

बहराइच


सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण को संबोधित करतीं डीएम।

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में आयोजित सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण में डीएम ने संबोधित किया। कहा कि ज़ोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट बुलन्द हौसले के साथ निर्वाचन कार्य के लिए सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निवर्हन करते हुए जनपद में फ्री एण्ड फेयर पोल सम्पन्न करायें। सभी को ओवरकांफिडेंस से बचते हुए पूरे विश्वास के साथ तटस्थ और निष्पक्ष रहकर कार्रवाई करने की हिदायत दी गयी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में 02 सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी यह निर्देश दिये। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पूरी स्थिति की जानकारी प्राप्त करें, भ्रमण के दौरान सभी ज़रूरी लोगों, गांव के चौकीदार व लेखपाल इत्यादि ग्राम स्तरीय कर्मचारियों से बात कर गांव व क्षेत्र के बारे में फीड बैंक अवश्य प्राप्त कर लें। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत की अनदेखी न की जाए। यदि कोई शिकायत प्राप्त हुई है तो उसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए ज़रूरत के अनुसार उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में भी लाए। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट की हौसला अफज़ाई करते हुए कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र के एक्ज़ीक्यूटिव मजिस्ट्रेट हैं, इसलिए लॉ एण्ड आर्डर पर प्रभावी नियंत्रण रखना उनकी जिम्मेदारी है। डीएम ने कहा कि जनपद में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध है, क्षेत्र भ्रमण के दौरान संभ्रान्त व गणमान्यजनों से सम्पर्क करें, क्षेत्र की स्थिति के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करें। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा, सहायक अध्यापक संदीप जायसवाल, नैमिष गिरी व अन्य द्वारा मतपत्र लेखा में दर्ज की जाने वाली प्रमुख प्रविष्टियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी, जिला कृषि अधिकारी टीपी शाही एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रिया के हत्यारोपी को फांसी देने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

बहराइच


कैंडल मार्च निकाल कर विरोध जताते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी रिया के हत्यारोपी सौतेले पिता को फांसी देने की मांग के समर्थन में शनिवार को नागरिकों ने कैंडल मार्च निकाला। कोतवाली नगर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी रिया ( 15 ) की बीती 31 मार्च को उसके सौतेले पिता संतोष वाल्मीकि ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी। बचाने दौड़े रिया के छोटे भाई पर भी हमला किया था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी सौतेले पिता को जेल भेज दिया था। रिया हत्याकांड के विरोध में शनिवार शाम को सात बजे उसके मामा मनीष की अगुवाई में सभी ने नगर पालिका से शहीद उद्यान पार्क तक कैंडल मार्च निकाला। हाथ में स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर सभी ने मार्च निकालते हुए हत्यारोपी सौतेले पिता को फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च में रिया की मां के साथ नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी शामिल हुए।

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

## संपादकीय

# बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

# 'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

## प्रसंगवश

# गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्मीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

# सबके अपने-अपने इतिहास

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

## सोशल फोरम

# अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

-फेसबुक वॉल से

# मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुयपों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

## आपका पत्र

### हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

-अनुज अग्रवाल,
सीईओ, बीमा घर



**28वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.14 बजे
इफ्तार : 06.36 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर



रूट मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल।

### पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया रूट मार्च

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आदर्श आचार चुनाव संहिता के नियमों का पालन कराने तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत रविवार को थाना क्षेत्र गोसाईंगज में सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह, थाना प्रभारी धीरज कुमार द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर निकले। कस्बा गोसाईगंज, कटका, सुदनापुर ,मूंगर, भटमई, जासापारा, सुरौली, उघरपुर समेत संवेदनशील स्थलों पर फुट पेट्रोलिंग किया गया।

### आधी रात को किशोरी घर से गायब, मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी घर से बीते बुधवार की आधी रात को घर से गायब हो गई थी। परिजन सगे संबंधियों तक खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पिता ने शनिवार को पुत्री के गायब हो जाने की तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया है।

### साहू राठौर के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के होली मिलन समारोह में खूब अबीर गुलाल उड़े। संगीतमय धुन मे आकर्षण झांकी से लोगों को आनंदित किया। होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को नगर के बघराजपुर के एक मैरिज लान मे आयोजित किया। जिला अध्यक्ष श्याम बहादुर गुप्ता के संयोजन मे कई तरह के कार्यक्रम किये गए, जिसमे बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# चुनौतियों से जूझ रहे डेरी व्यवसाय को नहीं मिल रही कोई राह

## गोकुल पुरस्कार प्राप्त तिराई मिल्क जोन में पशु चिकित्सा का अभाव, पशुपालन से भंग हो रहा लोगों को मोह, बढ़ती जा रही बेरोजगारी

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चुनौतियों से जूझ रहे क्षेत्र के डेयरी व्यवसाय को चार दशक से कोई राह नहीं मिल सकी। लगातार दो बार प्रदेश स्तर पर दुग्ध उत्पादन में गोकुल पुरस्कार प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित करने वाले तिराई मिल्क जोन में पशुपालन के उन्नयन के लिए सरकारी तौर पर पशु चिकित्सा की समुचित व्यवस्था भी नहीं बन सकी। पशुपालन आधारित जीवन गुजर बसर करने वाले क्षेत्र के हजारों परिवारों के आर्थिक उन्नयन के लिये चुने हुये जनप्रतिनिधियों मे भी इच्छाशक्ति का अभाव बना हुआ है। जिसके चलते



गाय के साथ औदहा के पशुपालक अशोक।



गोकुल पुरस्कार के साथ कुशला सिंह।

ठप हो रहे डेयरी व्यवसाय से ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ने के संकेत मिल रहे है। विकास क्षेत्र धनपतगंज ही नहीं जनपद में गोमती नदी के तटवर्ती गांव जिन्हें तराई क्षेत्र कहा जाता है, इस क्षेत्र के अधिकांश बाशिंदों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन है। दुग्ध व्यवसाय इनके रोजी-रोटी का आधार है। इसी क्षेत्र का एक हिस्सा धनपतगंज का तराई इलाका है। जिसके तहत नौगवां, सोती, मुडुवा, सडांव गया दत्त का पुरवा, जज्जौर माधवपुर, कोलिया, बगियवा जैसे सैकड़ों गांव हैं, जहां ग्रामीण गाय और भैंस पालकर दूध व्यवसाय लंबे समय से करते चले आ रहे हैं। पर, इस व्यवसाय को लेकर सरकारी उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की नजरअंदाजी के चलते ग्रामीण अर्थव्यवस्था का यह महत्वपूर्ण क्षेत्र अब बेरोजगारी की राह पर खड़ा हो रहा है। पशु चिकित्सा का अभाव और पशुपालन की नई उन्नत सील तकनीकी जानकारी के अभाव में पशुपालन की दुश्वारियां बढ़ गई है। डेयरी उद्योग का दायरा भी सिमटता जा रहा है। पशुपालन से लोगों का मोह भंग हो रहा है। सरकार भी इस क्षेत्र के मूल व्यवसाय को बचाने और उसके उन्नयन को लेकर कुछ बेहतर नहीं कर सकी है।

### क्या कहते हैं पशुपालक-

दो बार गोकुल पुरस्कारपाने वाली सडांव गांव की डेयरी संचालिका कुशला सिंह का कहना कि दुग्ध व्यवसाय से आय की असीम संभावनाओं को देखते हुये तीन दशक पहले जो सपना देखा था वह सब फेल हो रहा है। वर्ष 2002 में एक गाय से दुग्ध व्यवसाय शुरु किया और वर्ष 2007 में 110 विभिन्न हरियाणा, शाहीवाल, जर्सी, फ्रिजियन, गंगातीरी, थारपारकर जैसी नश्ल की गायों की डेयरी खड़ी की। प्रदेश स्तर पर प्रतिदिन 4 कुंतल से अधिक दुग्ध उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया। प्रदेश पशुपालन मंत्रालय से दो बार गोकुल पुरष्कार भी मिला। क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पशुपालन शुरू किया। लेकिन, समय के साथ चिकित्सा महंगी होती गयी। कैटल फीड के रेट भी चार गुना से ज्यादा बढ़ गये। लेकिन सरकारी तौर पर इलाके मे समुचित पशु चिकित्सा की व्यवस्था आज तक नहीं बन सकी। दूध के सरकारी रेट का निर्धारण भी नहीं हुआ। पशुपालकों को पशुपालन की नई तकनीकी के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था नहीं बन सकी। यहां तक कि संक्रामक रोगों के समय से टीकाकरण तक की व्यवस्था सरकार नहीं बना पाती है। पशु मृत्यु दर बढ़ी। पशु घटते गये। अब महज 35 गायों की डेयरी रह गयी है। आने वाले दिनों में इसे भी बंद करना पड़ेगा। औदहा गांव के पशुपालक अशोक कहते है कि पशुपालन अब घाटे का सौदा बन गया है। दुग्ध समितियां भी समुचित कीमत नहीं दे रही हैं। पशुओं के रखरखाव पर खर्च अधिक और चिकित्सा महंगी है। जन प्रतिनिधि वोट लेकर चले जाते है। लेकिन तराई मिल्कजोन में एक पशुचिकित्सालय तक की व्यवस्था नहीं बना पा रहे हैं। आने वाले दिनों में यह व्यवसाय बंद होगा और ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ेगी।

# प्रापर्टी डीलर विजय नारायण की गोली मारकर हत्या

## साथी अनुज शर्मा को भी लगी गोली, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर, चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में बेल पर था विजय

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट से जमानत पर छूट कर आए बहुचर्चित डा. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपी विजय नारायण सिंह की रविवार की रात शहर के दरियापुर तिराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से घायल उसका एक साथी गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रापर्टी डिलिंग के दौरान साथियों के साथ होटल में चल रही पार्टी के दौरान यह सनसनीखेज वारदात हुई है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर

> कुछ लोग एक साथ बैठकर पार्टी कर रहे थे। उसी में गोली चली है। एक व्यक्ति की मौत हो गई हैं, दूसरा बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। खुलासे के लिए चार टीमें लगी है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। **-सोमेन बर्मा,** पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर

पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। खुलासे के लिए तत्काल चार टीमें लगा दी गई है।

दरियापुर के पास स्थित पल्लवी होटल में कुछ प्रापर्टी डीलरों की पार्टी चल रही थी। रविवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे आपस में



मातहतों से घटना की जानकारी लेते हुए इमरजेंसी पहुंचे एसपी सोमेन बर्मा।

बहसबाजी में उसी में एक ने विजय नारायण सिंह पर गोली दाग दी। साथ में रहे अनुज शर्मा ने इसका विरोध किया तो उसे भी गोली मार कर घायल कर दिया और वहां से भाग निकला। गोली की तड़तड़ाहट से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आनन फानन में दोनों को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी लाया गया, जहां पर विजय नारायण को मृत घोषित कर दिया गया। अनुज को लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विजय को दो तो अनुज को तीन गोली लगी है।

### कौन था प्रापर्टी डीलर विजय नारायण

शास्त्रीनगर मोहल्ले में बीते साल 23 सितंबर की शाम संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी को आरोपियों ने पीटकर मरणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर शास्त्री नगर उनके घर भेज दिया था। घायल चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में चिकित्सक की पत्नी की तहरीर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के चचेरे भाई अजय नारायण सिंह अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने अगले दिन अजय के पिता जगदीश नारायण सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सातवें दिन अजय के सगे भाई विजय नारायण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद नौ अक्टूबर को अजय नारायण और उसके ड्राइवर ने पुलिस चौकी में सरेंडर किया था। विजय नारायण सिंह के वकील रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने बताया कि हाईकोर्ट से जमानत के बाद 14 मार्च 2024 को जेल से विजय बाहर आया था। मृतक विजय नारायण की पृष्टिभूमि भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी है।

## करंट की चपेट में आने से भाजपा नेता की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री रामचंद्र यादव की बिजली की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। कोतवाली के कोटिया गांव के निवासी रामचंद्र यादव (55) को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिला था। रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे वह नव निर्मणाधीन आवास की छत की तराई कर रहे थे। छत के ऊपर से 440 वोल्टेज की लाइन गई है। तरी करते समय अचानक वह बिजली की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रंजिश में मारपीट, दो महिलाओं समेत चार लोग घायल

▸▸ **तीन लोगों की हालत गंभीर मेडिकल कॉलेज रेफर**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के आलापुर गांव के राममिलन एवं राजमणि के बीच पुरानी रंजिश चली जा रही थी। आरोप है कि रविवार को सुबह करीब 11 बजे विपक्षीगण राममिलन के घर पर आए और गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे एवं कुल्हाड़ी से हमला बोल दिए। जिसमें राममिलन (53), पूनम (29), अनुज (31), विमला देवी (51) को चोटे आई। पूनम के दाहिने हाथ की उंगली कट गई। विपक्षियों ने घर में भी घुसकर मारा पीटा एवं घर में रखे सामान को भी तोड़ दिया। चिकित्साकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पूनम, राममिलन एवं अनुज को सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजमणि, सूरज, नीरज, राजकुमारी के विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## 26 अप्रैल तक फार्म-6 भरवाएं

● **अपर आयुक्त ने सभी बीएलओ को दिये दिशा निर्देश**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर अपर आयुक्त अयोध्या मंडल अजय कान्त सैनी ने रविवार को कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने 189 सदर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल कूरेभार, प्राथमिक विद्यालय कूरेभार, प्राथमिक पाठशाला सिद्धि गणेश, 190-लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रावि जादीपुर, प्रावि सराय अचल,



मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान बीएलओ को निर्देश देते अपर आयुक्त।

विक्षे भदैया व 188- सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश मीडियम प्रावि कटका खानपुर, केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कालेज मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला, एसडीएम जयसिंहपुर, एसडीएम लम्भुआ दीपक वर्मा, एसडीएम सदर टी. प्रसाद व संबंधित क्षेत्र के बीएलओ मौजूद रहे। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान करने योग्य युवाओं को 26 अप्रैल तक फार्म-6 जरूर भरवायें, जिससे मतदान प्रतिशत को बेहतर किया जा सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाये।

## सार-संक्षेप

### सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया में सड़क पर रविवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति पड़ा मिला। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से उसे बिरसिंहपुर अस्पताल भेजवाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेमरी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुजुर्ग की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसको लेकर संदेह बना हुआ है। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कैथी जलालपुर निवासी राम चन्दर यादव (50) पुत्र भागीरथी घर पर अकेला रहता था। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह घर से निकला था। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गौहनिया गांव के समीप प्राथमिक स्कूल के पास वह सड़क पर पड़ा था। ग्रामीणों ने इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से बिरसिंहपुर सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल बिरसिंहपुर भेजवाया। वहां चिकित्सक ने रामचन्दर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सेमरी पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सेमरी चौकी इंचार्ज संजय राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।



छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल विद्यार्थी। अमृत विचार

### 1531 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राज्यपाल से सम्मानित आदर्श शिक्षक पं. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा रविवार को तहसील के चार निर्धारित केन्द्र श्रीमती राजकुमारी मिश्रा इ.का. सूरापुर में 426, संत तुलसीदास पीजी कालेज कादीपुर में 976, सरस्वती इंटर कालेज उमरी में 260 व हीरावती मिश्रा इ. का. दोस्तपुर में 249 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सत्यपथ फाउंडेशन की तरफ से क्रमानुसार कक्षा 9 से 12 तक हर वर्ष 9 हजार, 10 हजार, 11 हजार और 12 हजार छात्रवृत्ति दी जाएगी। पहली बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों में गजब का उत्साह दिखा। सत्या माइक्रो कैपिटल के सीईओ व एमडी विवेक तिवारी ने बताया कि सत्यपथ फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित इस परीक्षा का परिणाम 25 अप्रैल को घोषित कर दिया जाएगा और 1 मई को उत्तीर्ण मेधावियों के खाते में छात्रवृत्ति भेज दी जाएगी। तहसील के चारों परीक्षा केंद्र पर 1531 बच्चे सम्मिलित हुए। परीक्षा हेतु 1916 छात्र- छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### निर्धन छात्राओं को दिया जाएगा निःशुल्क प्रवेशः डॉ. विनोद

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रतिष्ठित अशासकीय सहायता प्राप्त एमजीएस इंटर कॉलेज में अब बालिकाएं भी पढ़ेंगी। रविवार को सह शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 753 बच्चों एवं बच्चियों ने प्रतिभाग किया। प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज अपनी स्थापना के समय से ही मूल्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में किसी भी निर्धन छात्रा को शिक्षा से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए जो बालिकाएं निर्धन परिवार से प्रवेश के लिए आती हैं उनका प्रवेश नि :शुल्क रहेगा और उनके लिए नि :शुल्क पुस्तक और ड्रेस की भी व्यवस्था की जाएगी। यहां प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह व अन्य ने अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था से परिचय कराया।

### प्रतिभा खोज परीक्षा में अलंकृता व अनुराधा प्रथम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रतिभा खोज परीक्षा के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह आचार्य चाणक्य पीजी कॉलेज महमूदपुर सेमरी में किया गया। 7 जनवरी को आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के उपरांत रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के अध्यक्ष पंडित केशव प्रसाद मिश्र थे। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डा ओम प्रकाश त्रिपाठी रहे। प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम स्थान अलंकृता वर्मा व अनुराधा दुबे एवं द्वितीय स्थान शुभम यादव व उमाशंकर पांडेय एवं तृतीय स्थान शिवांश श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। 11 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमश : 5100, 3100 तथा 2100 एवं प्रमाण पत्र तथा पदक देकर सम्मानित किया गया। आये हुए अन्य कॉलेजों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यहां संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदु शेखर उपाध्याय, महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष राज नारायण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



छात्रवृत्ति परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित।

## जीत की नहीं, लीड की लड़ाई होगी

● **सांसद मेनका गांधी ने डेढ़ दर्जन जनसभाओं को किया संबोधित**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने रविवार को विधायक विनोद सिंह के साथ सुलतानपुर विधानसभा में डेढ़ दर्जन सभाओं को संबोधित किया। सांसद ने ग्राम सरवन, महिलो आशापुर, मोनू चौबे के संयोजन में शंकरगढ़, बरियौना, बटपरवा, मझवारा, सेमरौना,पिपरी साईनाथपुर, सैदखानपुर, कटका,नकराही मोड़ एवं उतुरी में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डिंपल सिंह के संयोजन में सभा आयोजित हुई।

सांसद ने विभिन्न सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़नी होगी।उन्होंने कहा 7 लाख वोट का लक्ष्य रखा है। उतुरी में आयोजित सभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा युवा महिला गरीब, किसान सब हमारी ताकत है। ब्लॉक प्रमुख डिंपल सिंह ने 500 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ अहिमाने से मेनका गांधी को लेकर सभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी सतीश दुबे, विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



सभा को संबोधित करती सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

## पिकअप की ठोकर से छात्र की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र वेवाना स्थित ग्राम मख्खा पुर निवासी धनश्याम धुरिया का 18 वर्षीय पुत्र विशाल गौड़ थाना दोस्तपुर अंतर्गत नयी बाजार स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ने के आता था। वह साइकिल से पढ़ने जा रहा था। कोचिंग सेंटर से सौ मीटर पहले तेज रफ्तार से पिकप ने पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया था। स्थानीय लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर में भर्ती कराया। जहां से उसे अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रास्ते में ही छात्र ने दम तोड़ दिया था। मृतक के भाई विकास की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।

## जानलेवा हमले के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

▸▸ **दो दिन पहले युवक को मारी थीं तीन गोलियां, लखनऊ में मौत से जंग लड़ रहा पीड़ित**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** दो दिन बीत जाने के बाद भी युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

शुक्रवार की शाम क्षेत्र के राई बिगो के अनुपम सिंह एवं कटसारी के विवेक सिंह के बीच कादीपुर सुलतानपुर मार्ग पर स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के दौरान मारपीट हुई थी। उसी रात दस बजे कटसारी गांव के भगत सिंह ने अनुपम के भाई अविनाश सिंह को फोन कर सुलह करने के लिए बुलाया और घर से थोड़ी दूर पर ही उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें वह पूरी तरह से घायल हो गए। उनका ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चल रहा है। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी, किंतु दो दिन का समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने दावा किया है कि पुलिस की टीम आरोपियों तक पहुंच चुकी है। किसी भी समय उनकी गिरफ्तारी हो सकती है।

## वॉलिंटियर्स को केंद्रीय मंत्री ने दिए टिप्स

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपने लोकसभा की सोशल मीडिया टीम को सक्रिय कर दिया है। इसके लिए भाजपा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख के संयोजन में रविवार को अमहट स्थित एक रिजार्ट में लोकसभा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद 1140 वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा आप समाज के सजग प्रहरी है। आपकी जिम्मेदारी है सरकार की योजनाओं को विभिन्न डिजिटल माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं।

**नवरात्र पर्व** | मंदिरों में साफ-सफाई कर की गई विशेष तैयारी

# कल घर-घर विराजेंगी माता रानी, बाजार में उमड़े खरीदार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** वसंतीय नवरात्र को लेकर माता रानी के भक्तों में उत्साह है। मंगलवार को घर-घर कलश स्थापना के साथ माता रानी विराजेंगी और पूजा पाठ शुरू हो जाएगा। नवरात्र को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई कर विशेष तैयारी की जा रही हैं। बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

हमारे सनातन धर्म में चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा का बड़ा ही महत्व है। इसी दिन से हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो जाता है। यह नव संवत्सर का प्रथम दिवस कहलाता है। यह दिन परम पुनीत माना जाता है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना का कार्य आरंभ किया था और भगवान का मत्स्य अवतार भी इसी दिन हुआ था। सतयुग का आरंभ दिवस भी चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा को ही माना जाता है। भगवान श्री राम और महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। भारतीय ज्योतिष के अनुसार इसी पक्ष में सूर्य मेष राशि पर आ जाता है और वसंतीय नवरात्रि का आरंभ भी आज के ही दिन से हो जाता है।



चौक इलाके में सजी पूजन सामग्री की दुकानें। अमृत विचार

भदैंया क्षेत्र के सौराई गांव के निवासी कथा व्यास संतोष जी महाराज ने बताया कि अबकी बार 9 अप्रैल दिन मंगलवार से रेवती नक्षत्र में इस नए वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह वर्ष पिंगल संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस वर्ष के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कलश स्थापना का उत्तम मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में दिन में 11:36 से 12:24 बजे तक है। कुछ विद्वानों के आधार पर वैधृति योग में घट स्थापना का विधान नहीं है। वैधृति योग दिन में 3:17 तक भोग कर रहा है। इसलिए वैधृति योग के मध्य में ही अभिजीत मुहूर्त निकाला गया है जो घट स्थापना के लिए नियुक्त किया गया है। विकल्प के अनुसार 3:17 बजे के बाद सूर्यास्त तक घट स्थापना हो सकती है। महाष्टमी का व्रत 16 अप्रैल को किया जाएगा। 9 दिन व्रत करने वाले श्रद्धालु नवमी तिथि में हवन पूर्णाहुति 17 अप्रैल को करेंगे। इसी दिन भगवान श्री राम का जन्म दिवस बड़े धूमधाम के साथ अयोध्या नगरी के साथ सारे देश में मनाया जाएगा। नौ दिन व्रत करने वाले श्रद्धालु पारण दशमी तिथि में 18 अप्रैल को प्रातः करेंगे।

# प्रतियोगिताओं से शरीर व दिमाग दोनों होते हैं स्वस्थ : सौम्या माथुर

## पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं का समापन, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने बांटे पुरस्कार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हो गया। सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोल्फ कोर्स एवं रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में चल रहे आयोजन के अंतिम दिन रविवार को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता टीमों व खिलाड़ियों को महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में ओवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्राफी, मुख्यालय गोरखपुर को प्राप्त हुयी।

इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि इस तरह के वार्षिक कार्यक्रम से खेल की भावना का विकास होता होता है। रेलवे अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़े उत्साह से भाग लेकर इस कार्यक्रम का आनन्द लिया। रेलवे के इस तरह के कार्यक्रम से सभी खुशी मिलती है तथा प्रतियोगिता से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। यह शरीर और दिमाग दोनों को स्वास्थ्य प्रदान करती हैं।

गोल्फ में 9 होल्स में डी. के. खरे को बेस्ट ग्रास एवं आर. के. सिंह को बेस्ट नेट एवं लॉगेस्ट ड्राइव का खिताब मिला। पुरूषों के चिपिंग फ्री इंट्री में एम. के श्रीवास्तव, एम. के. अग्रवाल एवं रेखा यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। महिलाओं के 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुटिंग फ्री इंट्री में रेखा यादव को प्रथम तथा डॉ. कल्पना दूबे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 50 वर्ष से कम आयु वर्ग में शालिनी एवं अनुकृति को प्रथम, प्रतिमा कुशवाहा, मंजू मिश्रा एवं पूजा खरे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरूष (सिक्स ए साइड) फुटबॉल मैच में मुख्यालय को विजेता एवं वाराणसी मंडल को उपविजेता तथा वॉलीबाल पुरूष में मुख्यालय को विजेता एवं इज्जतनगर मंडल को उपविजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। शतरंज (10 वर्ष आयु वर्ग तक) में मुख्यालय के अदविक शान को प्रथम, अनादि सिंह को द्वितीय एवं वाराणसी मंडल के हिमांश केशरवानी को तृतीय, बालक (21 वर्ष आयु तक) में इज्जतनगर मंडल के तेजस को प्रथम, मुख्यालय के दिव्यांश कुमार को द्वितीय एवं वाराणसी मंडल के कृयांश को तृतीय, बालिका (21 वर्ष आयु तक) में वाराणसी की याशिका सिंह को प्रथम, मुख्यालय की अन्या शर्मा को द्वितीय एवं अवनी शर्मा को तृतीय, शतरंज महिला वर्ग (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में लखनऊ की श्रीमती शोभा देहरिया को प्रथम, मुख्यालय की श्रीमती हर्षिता दूबे को द्वितीय एवं मुख्यालय की ही श्रीमती राखी गुप्ता को तृतीय, पुरूष वर्ग (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में मुख्यालय के पंकज कुमार सिंह को प्रथम, जतिन्द्र कुमार को द्वितीय, निकुंज सक्सेना एवं शैलेन्द्र पाण्डेय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर रेखा यादव ने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा की गयी व्यवस्था को सराहनीय बताया।




**वाकाथन:** वाकाथन पुरुष वर्ग (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में नीलमणि ने प्रथम एवं डॉ. बीएन चौधरी ने द्वितीय, आदित्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाकाथन पुरुष (50 वर्ष से कम आयु वर्ग) में राजकुमार को प्रथम, राहुल यादव को द्वितीय तथा सतेन्द्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में नन्दी चौधरी को प्रथम, अनुपमा को द्वितीय तथा कल्पना दूबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार महिला वर्ग (50 वर्ष से कम आयु वर्ग) में नीतू सिंह को प्रथम, शिवांगी को द्वितीय तथा शालिनी सिंह एवं प्रतिमा कुशवाहा को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महिलाओं के बॉस्केट द बॉल में नीतू को प्रथम, रेखा यादव को द्वितीय एवं अंकिता सिंह का तृतीय स्थान पर रहीं।

**बैडमिन्टन** बालक एकल (21 वर्ष से कम आयु वर्ग) में तेजस को प्रथम, इश्वाकु को द्वितीय, बालिका एकल (21 वर्ष से कम आयु वर्ग) में अनन्या पाण्डेय को प्रथम एवं मुक्ता मेहरा को द्वितीय, पुरूष एकल (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में राजेश कुमार गुप्ता को प्रथम, आदित्य प्रकाश को द्वितीय, महिला एकल (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में मौरी मिश्रा को प्रथम एवं रेखा यादव को द्वितीय, पुरूष युगल में शिखर दयाल एवं अभिनव कुमार सिंह को प्रथम, एपी पाण्डेय एवं अनिल कुमार को द्वितीय तथा मिश्रित युगल में रेखा यादव एवं शिखर दयाल की जोड़ी को प्रथम तथा राजेश कुमार गुप्ता एवं श्वेता यादव की जोड़ी को द्वितीय, पुरूष युगल में (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में अनिल कुमार एवं डॉ. फहीम की जोड़ी को प्रथम तथा श्री बी.एस. दोहरे एवं डी.के. खरे की जोड़ी को द्वितीय, पुरूष एकल में (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में डॉ. फहीम को प्रथम एवं श्री अनिल कुमार को द्वितीय, मिश्रित युगल (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में नन्दी चैधरी एवं सुनिल सिंह की जोड़ी को प्रथम तथा अनिल कुमार एवं शशि की जोड़ी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

**फन गेम्स** फन गेम्स के अन्तर्गत म्यूजिकल चेयर के महिला वर्ग में श्रीमती अंकिता सिंह को प्रथम, श्रीमती रंजिता सिंह को द्वितीय एवं श्रीमती मल्लिका को तृतीय, थ्री लेग रेस (कपल) में संदीप कुमार पाठक एवं श्रीमती हर्षिता दूबे को प्रथम, एम.के. सिंह एवं श्रीमती अंकित सिंह को द्वितीय, नदीम व श्रीमती नेहा, तथा रजत व प्रतीमा को तृतीय, बालक वर्ग के सेक रेस में अनन्या श्रीवास्तव को प्रथम, प्रीतु श्रीवास्तव को द्वितीय, अविका जैसवाल को तृतीय, बालक लेमन रेस (10 वर्ष तक आयु वर्ग) में आदित्य यादव को प्रथम, आद्या को द्वितीय, सवी सिंह को तृतीय तथा लेमन रेस (10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में तेजस को प्रथम, नोमान को द्वितीय, आदित्य मेहरा को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।


**मेंहदी प्रतियोगिता** मेंहदी प्रतियोगिता में अनुकृति को प्रथम, कुमारी इशिता खरे को द्वितीय एवं श्वेता यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में अनुकृति को प्रथम, डॉ. तनु वर्मा का द्वितीय एवं विभा सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सोलो सांग में श्रीमती सोनम गंगवार एवं राहुल पाण्डेय को प्रथम तथा आर.के. सिंह, श्रीमती नन्दी चैधरी एवं अल्का को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, स्कीट एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

**टेबल टेनिस** बालिका एकल वर्ग (10 वर्ष कम आयु वर्ग) में याशिका को प्रथम, तन्वी को द्वितीय, बालक एकल (21 वर्ष तक आयु वर्ग) में असद अहमद को प्रथम एवं नोमान अहमद को द्वितीय, बालिका एकल (21 वर्ष तक आयु वर्ग) में आदिति यादव को प्रथम एवं मुक्ता मेहरा को द्वितीय, टेबल टेनिस पुरूष एकल (21 से 50 वर्ष आयु वर्ग तक) में राजेश कुमार गुप्ता को प्रथम एवं श्री दीपक कुमार को द्वितीय महिला एकल (21 से 50 वर्ष आयु वर्ग) में आरती वर्मा को प्रथम एवं अंकिता शर्मा को द्वितीय तथा पुरूष एकल (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में डॉ. बीएन चौधरी को प्रथम एवं डॉ. कुमार उमेश को द्वितीय तथा महिला एकल (50 वर्ष से अधिक) नन्दी चैधरी एवं साधना गुप्ता को द्वितीय, पुरूष युगल (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में डॉ. कुमार उमेश एवं जीपी एस नारायण की जोड़ी को को प्रथम तथा डॉ. बीएन चौधरी एवं सुनिल कुमार गुप्ता की जोड़ी को द्वितीय, पुरूष युगल (50 वर्ष से कम) में राजेश कुमार गुप्ता एवं आदित्य की जोड़ी को प्रथम स्थान मिला।

### कैरम में आदित्य, नोमान और मुक्ता रहीं अव्वल

कैरम के बालक एकल (10 वर्ष से कम आयु वर्ग) में आदित्य यादव को प्रथम, आनादि सिंह को द्वितीय, बलिका एकल (10 वर्ष से कम आयु वर्ग) में कश्वी को प्रथम एवं यशी को द्वितीय, बालक (21 वर्ष तक) में मोहम्मद नोमान को प्रथम एंव मोहम्मद असद को द्वितीय तथा बालिका एकल (21 वर्ष तक) में मुक्ता मेहरा को प्रथम, आदिति यादव को द्वितीय, पुरूष युगल (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में जी.पी.एस. नारायाण एवं लईक अहमद की जोड़ी को प्रथम तथा सुनिल कुमार गुप्ता एवं अमीर खान की जोड़ी को द्वितीय, महिला युगल (21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) श्वेता यादव एवं रूबी की जोड़ी को प्रथम तथा राखी गुप्ता एवं अनपूर्णा गुप्ता की जोड़ी को द्वितीय, पुरूष एकल में जी.पी. एस नारायण को प्रथम एवं लईक अहमद को द्वितीय, महिला एकल में रोशनी को प्रथम एवं श्वेता यादव को द्वितीय, मिश्रित युगल में जी.पी.एस. नारायण एवं रोशनी की जोड़ी को प्रथम एवं लईक अहमद एवं रूबी की जोड़ी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

**क्रिकेट** क्रिकेट के पुरुष वर्ग में मुख्यालय को विजेता एवं लखनऊ मंडल को उपविजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार महिलाओं के क्रिकेट प्रतियोगिता मंडलों की संयुक्त टीम को विजेता तथा मुख्यालय की टीम को उपविजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया।



**28वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.20 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.18 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैग़ाम ए रमज़ान**

हर तरफ़ धूम है, आ रही ईद है,
मोमिनों की ख़ुशी क़ाबिल ए दीद है।
हर तरफ़ अम्न हो, प्यार ही प्यार हो!
रब की रहमत से बंदों को उम्मीद है।।
**नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर**

**एक नजर**

### 25 हजार का इनामी नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** मोहाना पुलिस तथा सर्विसलांस की संयुक्त टीम ने हत्या के आरोप में वर्ष 2022 से फरार चल रहे 25000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, जिंदा कारतूस, बाइक व फोन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस व सर्विलांस टीम ने अभियुक्त को नेपाल से डफलीपुर के रास्ते सीकरी बाजार में अपने रिश्तेदार से मिलने आए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त संजय लोध निवासी माया देवी गांव पालिका वार्ड नंबर 9 धमोली टोला थाना सूर्यपुरा जिला रूपंदेही, नेपाल का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# मतदान केंद्रों पर दुरुस्त करा लें कमियां

**लोकसभा चुनाव**

▶▶ एसडीएम ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश



सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील सभागार में निर्वाचन कार्य के संबंध में सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें एसडीएम संजीव दीक्षित ने मतदान केंद्र (मतदेय स्थलों) की सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। कहा कि जहां पर भवन की स्थिति और बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, रैंप आदि में खामियां हैं उसे एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करके रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

शनिवार देर शाम की बैठक में एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रभारियों को मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की रिपोर्ट देनी है। जिन मतदेय स्थलों पर अभी तक सभी सुविधाएं मुहैया नहीं हो पाई हैं, उसे एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त कर दिया जाए।

उन्होंने चेतावनी दिया कि निरीक्षण में मतदान केंद्र पर भवन तथा अन्य सुविधाएं अधूरी मिली तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम ने प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट से एक-एक कर मतदेय स्थलों पर मूल-भूत सुविधाओं के संबंध में सूचना प्राप्त की। उन्होंने पीने का पानी, विद्युत व्यवस्था, मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ता व शौचालय आदि की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान न्यायिक एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, सीओ अखिलेश वर्मा, तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल, नायब तहसीलदार महबूब आलम, थानाध्यक्ष मुकेश राय, बीईओ संजय कुमार, बीडीओ अमित सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, लिपिक हसन ताकिब रिजवी, निर्वाचन लिपिक अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# ग्रामीण ने की थी मंदिर में तोड़फोड़, गिरफ्तार

**खुलासा**

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम गेंगटा में बने शिव मंदिर में शिवलिंग और माता पार्वती की मर्ति को तोड़ने के मामले में पुलिस ने उसी गांव के सुनील पुत्र बाढ़ू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक निरंतर पूजा अर्चना के बावजूद उसके बेटे को स्वास्थ्य लाभ नहीं हो रहा था। इसलिए भगवान से नारज होकर सुनील ने यह कार्य किया। इसी को लेकर सुनील और मंदिर के पुजारी के बीच विवाद की बात भी सामने आया है।

बता दें कि बीते 3 अप्रैल को प्राचीन शिव मंदिर में किसी ने मूर्तियां तोड़ दी थीं। अगले दिन सुबह खबर लगते ही हिन्दू समुदाय में आक्रोश फैल गया था। लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए मूर्तियों की पुनः स्थापना की मांग की थी। घटना को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट था। पुलिस की जांच के दौरान गांव के सुनील के खिलाफ कई साक्ष्य पाये गए। सुनील का मंदिर के पुजारी से विवाद होने की बात भी सामने आयी। सुनील को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ के लिए शनिवार की शाम हिरासत में लिया गया। देर रात तक चली पूछताछ में सुनील ने मंदिर की मूर्तियां तोड़ने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष खेसरहा ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद रविवार को अभियुक्त सुनील को अवकाश मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बेटे की तबियत ठीक नहीं होने से था नाराज

सुनील ने बताया कि उसका बेटा काफी दिनो से बीमार रहता था, जिसके लिए उसने शिवमंदिर में मन्नत मांगी थी। लेकिन तमाम पूजा अर्चना के बाद भी बेटा ठीक नहीं हुआ। यही नहीं मंदिर के पुजारी ने भी लगातार आश्वासन दिया कि बेटा ठीक हो जायेगा। लेकिन काफी दिन बाद भी जब बेटा ठीक नहीं हुआ तो उसका विश्वास उठ गया। इसी को लेकर उसका पुजारी से विवाद भी हुआ था। इसके बाद गुस्से में उसने 3 अप्रैल को शराब पी और लगभग आधी रात को मंदिर में घुसकर वहां स्थापित शिवलिंग और मां पार्वती की मूर्तियां खंडित कर दी।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति पर छात्रा को दी साइकिल

सिद्धार्थनगर



पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा में आयोजित वार्षिकोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी बर्डपुर अरुण कुमार मौजूद रहे। स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति किया।

विद्यालय के पुरातन छात्र उमेश कुमार प्रजापति एवं वर्तमान छात्र श्याम सुन्दर प्रजापति ने योग की संगीतमई प्रस्तुति देकर सभी मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे वर्षभर में सर्वाधिक 230 दिन में 229 दिवस उपस्थिति वाली छात्रा सोनी कक्षा 8 को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। पठन पाठन की समीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कक्षा 6 के श्याम सुन्दर, गौरीशंकर, अंकित, अनामिका एवं गोविंद कक्षा 7 के विशाल, सूरज, सेजल, आराध्या एवं गौतम कक्षा 8 की कशिश शुक्ला, आकाश, इंद्रजीत, सीमा एवं आशीष को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत खैराटी के ग्राम प्रधान ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि सभी ग्रामीण अपने पाल्यो का नामांकन करवाकर सर्वांगीण विकास पर जोर दें। जिससे क्षेत्र का विकास हो। मानव सेवा संस्थान के डीसी जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के लिए सभी अभिभावकों को ध्यान देना

# संदिग्ध हालात में युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरवाठिया के करीब संदिग्ध हालात में रविवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। आशंका है कि ईंट से कूचकर युवक की हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान 35 वर्षीय बच्चाराम यादव के रूप में हुई है। वह पड़ोस के गांव बिठारिया का निवासी है।

परिजनों के अनुसार बच्चाराम बौद्ध शनिवार दोपहर को कहीं जाने के लिये बाइक से निकला था। रविवार को गांव वालों ने देखा कि उसका शव भरवाठिया और बिलरिया गांव के बीच सड़क के किनारे पड़ा है। चूंकि वह बगल के ही गांव का था इसलिये ग्रामीणों ने उसकी तत्काल शिनाख्त कर दी। उसके पैरों और शरीर के अन्य भाग पर ईंट से कुचलने के निशान थे। सूचना पाकर डुमरियागंज और भवानीगंज थाना पुलिस के अलावा एएसपी सिद्धार्थ भी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसओ डुमरियागंज ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**सार-संक्षेप**

### शाही ग्लोबल हॉस्पिटल में सेवाएं देंगे डॉ. आलोक

**गोरखपुर, अमृत विचार।** वेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के गैस्ट्रो लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार सिंह, गोरखपुर के शाही ग्लोबल हॉस्पिटल में प्रत्येक प्रथम और तीसरे रविवार को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे । डॉ. आलोक कुमार सिंह डीएम (गैस्ट्रो व लीवर रोग) ब्लॉक गगहा के ग्रामसभा हटवा निवासी व डीवीएन पीजी कॉलेज गोरखपुर में वनस्पति विज्ञान की प्रोफेसर डॉक्टर परीक्षित सिंह के पुत्र हैं। डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि गैस्ट्रो, लिवर, पेनक्रियाज, आंतऔर पाचन से संबंधित समस्या, खून की उल्टी या खून की टट्टी हो रही हो तो शुरुआती समय में ही हमें अपने चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए अन्यथा दूरगामी परिणाम खतरनाक हो सकता है। ऐसे मरीज संपर्क कर सकते हैं। वहीं शाही ग्लोबल के निदेशक डॉ. शिव शंकर शाही ने बताया कि बड़े अस्पतालों मेडिकल क्षेत्र के टॉपर द्वारा चिकित्सा होता है। गोरखपुर व बस्ती मंडल सहित बिहार के लोगों को लखनऊ और दिल्ली जैसे शहरों में चिकित्सा परामर्श के लिए जाना पड़ता है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए शाही ग्लोबल हॉस्पिटल ने अब चिकित्सक डॉ. आलोक कुमार सिंह को गोरखपुर में लाने का प्रयास किया गया है। वहीं मेदांता हॉस्पिटल के क्षेत्रीय प्रभारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि परामर्श सुविधा और मेदांता हॉस्पिटल से संबंधित सहायता प्राप्त करने के लिए 700743 7364 पर संपर्क कर सकते हैं ।

### पुलिस व पैरा मिलिट्री के जवानों ने किया पैदल मार्च

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। कस्बा में रविवार को ईद, रामनवमी आदि पर्व को लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स और उसका थाने की पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शांति व्यवस्था में लोगों से सहयोग की अपेक्षा के साथ संदिग्ध लोगों की जांच-पड़ताल की गई। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस कर्मी पैदल मार्च के लिए निकले। पुलिस फोर्स पहले चौराहे पर पहुंची। इसके बाद उसका राजा, तेतरी, परती बाजार आदि प्रमुख मार्ग पर मार्च किया। व्यापारियों व नागरिकों से संवाद बनाते हुए शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की।

### आज गोरखपुर आएंगे हिमाचल के राज्यपाल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 8 अप्रैल को गोरखपुर आएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद 10 को सुबह हिमाचल प्रदेश निकल जाएंगे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सुबह 9:40 बजे दिल्ली से गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे अपने बेतियाहाता स्थित आवास पर पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे कुशीनगर जिले के कोठी परिसया गांव निवासी राम प्यारे के घर पहुंचेंगे। वहां वे अपने निजी वाहन चालक राजकुमार के पुत्र के निधन पर परिजनों को ढांढस बधाएंगे। वहां से अपराह्न 5 बजे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। रात आठ बजे अंबेडकर चौक स्थित एडवोकेट अरविंद नाथ तिवारी के आवास पर जाएंगे। अगले दिन 9 अप्रैल को वे अपने आवास पर ही पूरे दिन रहेंगे। दस अप्रैल को सुबह गोरखपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए निकल जाएंगे।

### सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जखौली में ग्राम पंचायत बभनी माफी के एक निर्माणाधीन मकान के पास से आग लगने से बभनी माफी व राजस्व ग्राम रेहरा तथा राजस्व ग्राम सैदपुर तथा ग्राम पंचायत जखौली में 500 बीघा गेंहू का फसल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों का कहना है की फायर बिग्रेड की दो गाड़ी काफी देर बाद पहुंची, लेकिन दोनो बभनी के गांव वालों ने कॉपी मेंनहत किया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलापंचायत सदस्य, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव पत्रकार के घर के पेड़ो के से जलते वृक्ष को भी आग ने अपने आगोश मे ले लिया था लेकिन बच्चे-बूढ़े और जवान के साथ-साथ महिलायें तथा मौके पर पहुंचे डुमरियागंज पुलिस के बल के अथक प्रयास से जखौली ग्राम को जलने से बचाया जा सका।

**कार्यक्रम** बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज में स्थापनाकाल के 59 वर्षों में पहली बार किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# पुरातन छात्र समागम में बुजुर्गों ने अपने छात्र जीवन की यादें कीं ताजा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर स्थित बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज में स्थापनाकाल के 59 वर्षों में पहली बार पुरातन छात्र समागम हुआ। समागम में पहुंचे कालेज छोड़ चुके लोगों ने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया। सभी ने अपना परिचय देते हुए अपने छात्र जीवन से जुड़े संस्मरणों को शेयर किया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की उपलब्धियों का बखान किया।

नगर स्थित बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पुरातन छात्र नर्वदेश्वर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। पूर्व डीपीआरओ उमाशंकर मिश्र ने कहा कि वर्तमान छात्रों को पूर्व छात्रों के व्यक्तित्व कृतित्व, उनकी उपलब्धियों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पूर्व छात्र अपने पुराने शिक्षण संस्थानों से जुड़कर वहां के छात्रों को बहुत कुछ मार्गदर्शन दे सकते हैं। वरिष्ठ पत्रकार सतीश शुक्ला ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा, उनके संबंध, छात्रों का विकास करते हैं। वरिष्ठ सहायित्कार डॉ. विनयकांत मिश्र ने रचनाओं के माध्यम से कॉलेज की उपलब्धियों का जिक्र किया। पुरातन छात्र कर्मचारी नेता राम करन गुप्ता व सुजीत जायसवाल, सुधीर पांडे उर्फ फरसा बाबा, बृजेश मणि त्रिपाठी, संजीव श्रीवास्तव, सुशीला मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव ने भी अपने छात्र जीवन के अनुभव, संघर्ष व शिक्षकों के सहयोग की उपलब्धि बताई।



पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

महाविद्यालय के प्रबंधक राजेश चंद्र शर्मा ने भावी विकास के लिए सभी पुरातन छात्र-छात्राओं का आह्वान किया। अंत में पुरातन छात्रों का अभिनंदन करते हुए प्राचार्य प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की प्रगति के बारे में बताते हुए कॉलेज को बेहतर बनाने के लिए उनसे सुझाव भी आमंत्रित किया। संचालन प्रो. भारत भूषण द्विवेदी ने किया। पुरातन छात्रों के अभिनंदन के लिए महाविद्यालय की संध्या, अंशिका, कल्पना, मुस्कान, नेहा, अंशी, रितु आदि छात्राओं ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभासद अमित सिंह श्रीनेत, अधिवक्ता ऋतिक श्रीवास्तव, डॉ. रत्नाकर पांडेय, दीपकदेव तिवारी, विनोद कुमार, राघवेंद्र सिंह, गिरजेश चंद्र मिश्रा, सुनीता देवी, नवीन सोनी, अजय धर द्विवेदी, रेखा सिंह, अजीत पटेल, शुभम मिश्रा, रजनी सिंह, पूजा श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति जायसवाल, फलक खानम, शिशिर कुमार मिश्रा, ऋषि कुमार मिश्रा, करुणा सागर मिश्र, वसीउल्ला खान, अमन दुबे, अर्जुन प्रसाद, रमेश यादव, शमशाद अहमद, रामकेश, प्रदीप चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

**सम्मानित हुए छात्र**

बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर में आयोजित पुरातन छात्र समागम में 40 पुरातन छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इनमें जीजीआईसी की प्रधानाचार्य कल्पना पांडेय, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शशांक शेखर त्रिपाठी व मनोज कुमार गुप्ता, मिथिलेश अग्रहरि, सुचिता पांडेय, सुनीता गुप्ता, खुशी मिश्रा, अमिशा यादव के अलावा कार्यक्रम में शामिल वक्ता भी शामिल थे।

## एक नजर

### पुलिस लाइन में लगा स्वास्थ्य शिविर

**संतकबीरनगर।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर वामा सारथी के अन्तर्गत रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में पुलिस लाइन सभागार में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच किया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने स्वास्थ्य का परीक्षण करने के साथ ही उचित परामर्श और दवाएं वितरित किया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. ए.पी. गुप्ता, कुलदीप पासवान, लैब टेक्नीशियन रत्नेश आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण और दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित पुलिस लाइन में तैनात तमाम

# देवीपाटन मेला कल से, तैयारी पूरी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर लगने वाले एक माह के राजकीय मेला देवीपाटन में सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये है। मेला क्षेत्र को दो जोन वा 12 सेक्टर में बांटा गया है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की नजर रहेगी। इसके साथ ही तकरीबन 1500 पुलिस के जवान सुरक्षा लगाये गये है।

मेला प्रभारी राकेश पाल ने बताया मेला में श्रद्धालुओं के सुविधाओं उन्हें किसी प्रकार कोई समस्या ना हो जिसको लेकर पुलिस की तरफ से व्यवस्था पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर वा मेला क्षेत्र को दो जोन वा 12सेक्टर में बांटा गयि है। पुलिस के तरफ से 20सीसीटीवी कैमरे लगाए गये है इसके अलावा मंदिर के स्थाई रुप से 40 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिनके माध्यम से पूरे मंदिर वा मेला परिसर पर नजर बनी रहेगी। इसके साथ ही तकरीबन 15सौ पुलिस के जवान लगाए गये है। जो कि परिसर के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगें।


देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर का मंदिर। अमृत विचार

एक अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी एक, निरीक्षक 24, उपनिरीक्षक 160, महिला उपनिरीक्षक 20, आरक्षी 800, महिला कांस्टेबल 200, एलआईयू निरीक्षक 11, एलआईयू कांस्टेबल 31, निरीक्षक यातायात एक, उपनिरीक्षक यातायात पांच, यातायात कांस्टेबल 39, फायर कर्मी 35, चौकीदार 20, एपी गार्द एक, टीजी एक, एक कम्पनी पीएसी तथा मंदिर में पूर्व में ही तैनात होमगार्ड, पीआरडी के जवान लगे रहेंगे।

# आयुष्मानभव मेले में अनुपस्थित मिले 33 कर्मी

**बलरामपुर अमृत विचार।** रविवार को जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर, पीएचसी जोकहिया, सिसई में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया।


बलरामपुर में आयुष्मानभव मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल 33 कर्मी अनुपस्थित पाए गए ।सीएमओ ने सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के वेतन रोकने का निर्देश दिया है। जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 2408 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले आयुष्मान भव मेले जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 17 सितंबर से लगातार सप्ताह में एक दिन स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। निरीक्षण के समय डॉ. सुमंत सिंह चौहान, डॉ. जावेद अख्तर तथा सीएचसी तुलसीपुर पीएचसी जोकाहिया, सिसई के चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। बार्डर बूथ जरवा का भी निरीक्षण किया गया है, जिसमें 17 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई है।

▶▶ **सीएमओ ने दिया सभी का वेतन रोकने का आदेश**

# इस बार के लोकसभा चुनाव में 95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

## ▶ खर्च सीमा में 25 लाख रुपये की बढ़ोतरी से रोचक होगा मुकाबला

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को पैसा खर्च करने में संकोच नहीं करना पड़ेगा। निर्वाचन आयोग ने इस बार के चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च सीमा 25 लाख रुपए बढ़ा दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 70 लाख रुपए निर्धारित थी। लेकिन इस बार खर्च सीमा बढ़ाकर 95 लाख रुपए कर दी गई है। ऐसे में प्रमुख दलों के दमदार प्रत्याशी अब चुनाव जीतने के लिए दिल खोलकर खर्च कर सकेंगे।

### नामांकन से पहले अलग बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य

लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को नामांकन से पूर्व अलग से एक बैंक खाता खुलवाना होगा। इसी खाते से चुनाव में होने वाले सभी प्रकार के खर्च का



भुगतान करना होगा। चुनाव खर्च के लिए प्रत्याशी को रजिस्टर भी मेंटेन करना होगा। उसमें किस तिथि में कितना खर्च हुआ इस बात का सम्पूर्ण ब्यौरा दर्ज करना होगा। सभी खर्चों का बिल बाउचर भी रखना होगा। बीच-बीच में लेखा टीम द्वारा ब्यय प्रभारी की उपस्थिति में खर्च रजिस्टर की जांच की जाएगी। हर प्रत्याशी को ब्यय रजिस्टर और बिल बाउचर के साथ लेखा टीम के समक्ष उपस्थित होना होगा। चुनावी खर्च के हिसाब किताब में गड़बड़ी मिलने पर प्रत्याशी के लिए दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

### शपथ पत्र के हर कालम को भरना अनिवार्य

लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन करते समय प्रत्याशी को नामांकन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र के हर कालम को भरना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र कोई स्थान खाली रह गया तो प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया जा सकता है।

### निर्देशों का कड़ाई से होगा अनुपालन : डीएम

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए हर बिंदु पर बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। बीच-बीच में अधिकारियों के साथ बैठकें करके तैयारियों के बारे में जानकारी भी ली जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। मतदाता बिना किसी प्रलोभन या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें प्रशासन हर कदम पर साथ खड़ा मिलेगा।

### 29 अप्रैल से शुरू होगा नामांकन

देश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन सात चरणों में आयोजित हो रहा है। संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव छठवें चरण में होना है। ऐसे में आगामी 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित है। सात मई को जमा किए गए नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। चुनाव मैदान से बाहर हटने के लिए प्रत्याशी नौ मई को अपना पर्चा वापस ले सकेंगे। इसी दिन जिन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध होंगे उन्हें चुनाव चिन्ह का आवंटन भी कर दिया जाएगा। 24 मई को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगी और 25 मई को मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। मतगणना पूरे देश में 4 जून को सम्पन्न होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे।

# अचानक गर्मी से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

**उतरौला, अमृत विचार।** मौसम में आए एकाएक परिवर्तन और बढ़ रहे तापमान के कारण न केवल फसलों को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनमानस पर इसका काफी असर पड़ रहा है ।गर्मी व धूप के चलते बुखार, जी मिचलाना, उल्टी दस्त, सर्दी -खांसी, जुकाम की शिकायत व डीहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर गांव के लोगों में इसकी शिकायतें अधिक देखने को मिल रही हैं। गांव के लोगों का कहना है कि गर्मी अचानकक तेजी से बढ़ रही है और तेज धूप के कारण ऐसा हो रहा है। फिलहाल अस्पताल व डॉक्टर के पास बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। ऐसा बदलते मौसम के कारण ही हो रहा है।

**बचाव के लिए अपनाएं यह तरीका :** इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह का कहना है कि अभी तो यहां हीट स्ट्रोक की शिकायत नहीं आ रही है। लेकिन यदि ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो लोग इसके शिकार हो सकते हैं। खासकर मजदूर जो धूप में काम करते हैं। उनको ज्यादा परेशानी


डॉ. सीपी सिंह। अमृत विचार

होती है। उनका यह भी कहना है कि पश्चिमी जिलों की अपेक्षा तराई का तापमान कम है। बढ़ते गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, पेट का खराब होना, उल्टी दस्त और टाइफाइड की शिकायतें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सिर पर टोपी या गमछा बांधकर चलना चाहिए, खासकर मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग काफी लाभदायक रहेगा। घरों से निकलते समय पानी अवश्य पीना चाहिए । इस समय त खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, नींबू बाजार में उपलब्ध हैं जो कि शरीर के पानी की कमी को पूरा करते हैं और भूख भी समाप्त करते हैं इनका प्रयोग अधिक करना चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करना चाहिए इसके लिए ठंडी चीजें जैसे दही, मट्ठा, पानी का प्रयोग लाभदायक है।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर तीन सगे भाइयों पर मुकदमा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** महुली थानाक्षेत्र के कोल्हुआ गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई घटना को न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश पर महुली पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोल्हुआ गांव निवासी सच्चिदानंद उर्फ भल्लर ने कोर्ट को बताया कि बीते 27 मई 2023 को गांव के ही अपने मित्र बिपिन तिवारी की जमीन पर मिट्टी गिरवा रहा था। उसी समय पीड़ित के मित्र विपिन तिवारी से रंजिश के चलते गांव निवासी हेमंत तिवारी अपने सगे भाइयों श्रवण तिवारी और विजय तिवारी पुत्रगण स्व. रघुपति तिवारी ने लाइसेंसी बंदूक और लाठी डंडा से लैस होकर मौके पर आते ही उसे मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी उसे भी गालियां देते हुए मारने लगे। आरोप है कि उसी दौरान एक आरोपी ने अपने लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दिया था। गोली चलते ही भगदड़ मच गई थी। पीड़ित अपने मित्र बिपिन तिवारी और अन्य मजदूरों के साथ अपने घर भाग गया। पीड़ित का आरोप है कि उसने घटना की सूचना तत्काल मुकामी पुलिस को दिया। महुली पुलिस ने जब कोई कार्रवाई नहीं किया तो उसने घटना की जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को दिया, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों की ऊंची राजनैतिक पहुंच के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। आखिर में पीड़ित ने न्यायालय की शरण लिया। न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आदेश जारी किया। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को महुली पुलिस ने आरोपी हेमंत तिवारी, श्रवण तिवारी और विजय तिवारी के खिलाफ केस दर्ज करके विवेचना शुरू कर दिया है। वहीं जब इस पूरे प्रकरण पर प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी गई है। जल्द ही अभियुक्तों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कर दी जाएगी।

### तीन एडीजे समेत पांच न्यायिक अधिकारी स्थानांतरित

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में नियुक्त तीन एडीजे समेत पांच न्यायिक अधिकारियों का शनिवार की शाम गैर जनपदों के लिए स्थानांतरण कर दिया गया। उनकी जगह पर अलग अलग जनपदों से तीन एडीजे की जिले में तैनाती कर दी गई है जबकि दो न्यायिक अधिकारियों के पदों पर अभी कोई तैनाती नहीं की गई है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती द्वारा ज़ारी सूचना के अनुसार जिले में नियुक्त एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट जैनुद्दीन अंसारी का स्थानांतरण आजमगढ़ जिले में हो गया है। एडीजे पास्को एक्ट प्रथम दिनेश प्रताप सिंह व एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय कासिफ शेख का स्थानांतरण मुजफ्फरनगर जनपद के लिए कर दिया गया है। स्थानांतरित इन एडीजे के स्थान पर मेरठ में तैनात देवेन्द्र नाथ गोस्वामी, प्रयागराज से कृष्ण कुमार प्रथम और कासगंज से गगन कुमार भारती को संतकबीरनगर के लिए स्थानांतरित किया गया है। इनके अलावा जनपद में नियुक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन के पद पर तैनात स्वेता श्रीवास्तव का स्थानांतरण बरेली और सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक प्रथम व न्यायिक मजिस्ट्रेट अक्षिता का स्थानांतरण लखीमपुर-खीरी के लिए कर दिया गया है। इनकी जगह पर अभी किसी की नियुक्ति नहीं की गई है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में जली गेहूं व गन्ने की फसल


धमौली गांव में आग लगने से जली गेहूं और गन्ने की फसल। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** धमौली गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से दस किसानों की 15 बीघे गेहूं व 10 बीघे गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। धमौली गांव निवासी हुकुम अली, तैस मोहम्मद, साईं मोहम्मद, तसीरिफुन निशा, मोहम्मद हनीफ की गेहूं व खेत में खड़ी पानी मशीन भी जल गई। निजामुद्दीन, अब्दुल्ला, सुनील यादव मंशाराम पिंटू यादव की गन्ने की फसल जल गई। रविवार को दोपहर में अज्ञात कारणों के चलते उनके खेतों में आग लग गई। आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों ने आग लगने पर दमकल विभाग व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि क्षति का अकालन कराया जा रहा है शीघ्र ही किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया बाबा गंगाराम वन्दना महोत्सव

## आस्था

▶▶ **भक्ति गीतों पर जमकर झूमे श्रद्धालु**

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** भगवतीगंज नगर में झुंझनूं वाले विष्णु अवतारी बाबा गंगाराम जी वंदना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विशाल शोभायात्रा श्री बाबा गंगाराम सेवा समिति भगवतीगंज बलरामपुर द्वारा निकाली गयी।

शोभायात्रा सुबह 10 बजे श्री राम जानकी ठाकुरद्वारा मंदिर भगवतीगंज से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए महाराजा अग्रसेन मंदिर अग्रवाल भवन भगवतीगंज में संपन्न हुई। प्रसाद वितरण भी किया गया। सहयोगी समितियां श्री राणी सती दादी मंगल समिति, श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम युवक संघ, मारवाड़ी युवा मंच, श्री राणी सती दादी महिला समिति एवं समस्त भक्तगण व कार्यक्रम के संरक्षक मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष महेश जी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनूप सर्राफ, मंत्री अजय अग्रवाल, उप मंत्री अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेंन्द्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, हरिओम माहेश्वरी, मनीष कुमार तुलस्यान, अशोक माहेश्वरी शिव शंकर अग्रवाल, सुरेश गोयल दीपक अग्रवाल, सत्य नारायन अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल अंकुर अग्रवाल, विजय अग्रवाल सूरज अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय मानव कल्याण, प्रवीण, संगीता अग्रवाल, गुड़िया गुप्ता व कंचन गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शोभायात्रा में मौजूद रहे।


भगवतीगंज में विष्णु अवतारी बाबा के जुलूस में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# अग्निकांड पीड़ितों से मिले विधायक

**संतकबीरनगर।** धनघटा क्षेत्र के भाजपा विधायक गणेश चौहान रविवार को क्षेत्र के ग्राम मरवाटिया पहुंचे। यहां शनिवार को भीषण अग्निकांड में दर्जनों बीघे गेहूं की फसलें जलकर राख हो गई थीं। विधायक ने पीड़ितों के पास पहुंच कर उन्हें सांत्वना देते हुए अधिकारियों से बात कर अविलम्ब क्षतिपूर्ति दिलाए जाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि किसान अपने खून पसीने के दम पर फसलों को तैयार करता है। खेतों में लहलहाती फसलें किसान की आमदनी और जीविकोपार्जन का प्रमुख जरिया होती हैं। फसल पककर तैयार होने पर किसान अपनी पैदावार के सहारे पूरे साल के पारिवारिक खर्च का प्रबंध करता है। वही फसल अगर आंखों के सामने आग की भेंट चढ़ जाती है तो फसलों के साथ ही किसानों के सारे अरमान भी जलकर राख हो जाते हैं। विधायक गणेश चौहान ने जले हुए खेतों में पहुंच कर अग्निकांड की भयावहता का आंकलन किया और कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे परिवार का सदस्य है। आप सभी का बेटा और भाई बनकर हर संकट में साथ खड़ा मिलूंगा। इस मौके पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष दिनेश चौधरी, मंडल महामंत्री रामबचन राजभर, ग्राम प्रधान दीनदयाल राय, प्रधान सुशील राय, प्रधान राहुल, इंद्रसेन चौधरी, जनार्दन यादव, शुभम पांडेय, मनोज चौहान, वीरेंद्र चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आग की चपेट में आकर बच्ची समेत 6 बकरियों की मौत

## दर्दनाक

▶▶ **दुधारा थानाक्षेत्र के ग्राम बाघनगर की घटना**

▶▶ **गांव के लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनपद के दुधारा थानाक्षेत्र के ग्राम बाघनगर में रविवार को एक मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से पांच बकरियां तथा डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में गृहस्थी का सारा सामान भी जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंचे राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने हादसे की जानकारी लिया। बच्ची की मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस उपाधीक्षक खलीलाबाद बृजेश सिंह ने बताया कि दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम बाघनगर में रविवार की दोपहर में एक पक्के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग इतनी तेज थी कि मोहल्ले के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पक्के मकान के सटकर रखा लल्ला का छप्पर भी आग के चपेट में आ गया। छप्पर के नीचे सो रही डेढ़ वर्षीय बच्ची रहनुमा पुत्री लल्ला उर्फ अहमद जलकर मर गई। इसके साथ ही छप्पर में बंधी आधा दर्जन बकरियां भी जलकर मर गईं। गांव के लोगों ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

सूचना पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दुबे, पुलिस उपाधीक्षक खलीलाबाद बृजेश सिंह, तहसीलदार जनार्दन समेत, दुधारा थाने की पुलिस व राजस्व विभाग की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। अधिकारियों और राजस्व कर्मियों ने इस घटना में हुए नुकसान का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्ज़े मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हर्षोल्लास

**त्योहार को लेकर व्यापारियों में उत्साह, अच्छे कारोबार की बढ़ी उम्मीद**

# चांद का इंतजार, ईद की खरीदारी से बाजार गुलजार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बीते शुक्रवार को अलविदा की नमाज होने के बाद अब चांद का इंतजार है। चांद दिखते ही ईद मनाई जाएगी। ईद की तैयारी ने अब रफ्तार पकड़ ली है। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ दिखने लगी है। सेवईं और तरह-तरह के व्यंजनों के साथ-साथ कपड़े ,जूते व आभूषण खरीदने के लिए बच्चों और महिलाओं में काफी उत्साह दिख रहा है। हर कोई अपनी तरह से ईद को यादगार बनाने में जुटा हुआ है।

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारियों को इस बार की ईद में अच्छे व्यापार की उम्मीद है। नगर के चौक बाजार, चौक रोड, मेजर चौराहा तथा फरास खाना व सराय फाटक आदि जगहों पर सुबह से लेकर देर रात तक दुकानों खुल रही हैं। गारमेंट की दुकानों तथा शॉपिंग मॉल में कपड़ों की खूब खरीदारी हो रही है। साथ ही साथ जूते चप्पल आभूषण तथा सौंदर्य प्रसाधन के दुकानों पर भी खरीदारों की भारी भीड़ दिख रही है।


बलरामपुर में ईद के लिए सजी सेवईं की दुकान। अमृत विचार

चौक रोड पर सेवईं की दुकान करने वाले शाहिद ने बताया ईद के त्यौहार में मिठास घोलने के लिए तरह-तरह की सेवईं बिक रही है। सेंवई की कीमत 80 से लेकर 120 रुपए तक है। पिछले साल के मुकाबले इस साल सेवईं की कीमत बढ़ी है। गर्मी बढ़ने के चलते रोजेदार शरबत, खजूर व अन्य ड्राई फ्रूट्स की खरीदारी कर रहे हैं। मुख्य बाजार में सब्जी मंडी के पास कपड़े की दुकान करने वाले शिव ने बताया कोलकाता, दिल्ली, लुधियाना वह मुंबई के नए फैशन के डिजाइनर कपड़े लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। रेडीमेड कुर्तों की डिमांड भी बढ़ी है। इससे पहले होली में भी अच्छा कारोबार हुआ था। ईद के त्यौहार में भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। कॉस्मेटिक की दुकान करने वाले लकी गुप्ता ने बताया ईद के त्यौहार में चूड़ी ,कंगन व तरह-तरह के सौंदर्य प्रसाधन की खरीदारी महिलाएं खूब कर रही हैं। मंगलवार से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र को लेकर भी लोगों ने बाजार में खरीदारी शुरू कर दी है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

**अधिग्रहण सूचना**
(नियम 8 (1)
अचल सम्पत्ति हेतु

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (2002 का धारा सं. 54) की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने को कहा था।
ऋणी के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया गया है।
ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और नीचे वर्णित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का बकाया धनराशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। **अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान के अनुसार ऋणी को अवगत कराया जाता है कि दिये गये समय के अन्तर्गत भुगतान करके बंधक आस्ति को मुक्त करा लें।** जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | ऋणी / जमानतकर्ता का नाम एवं पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण | देय सूचना /अधिग्रहण की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| शाखा: बस्ती मुख्य शाखा | | | |
| 1- | **ऋणी- श्री शेष राम चौधरी,** पुत्र राम मिलन चौधरी, हवेली खास, माधवनगर, उत्तर प्रदेश-272001 **जमानतकर्ता: 2.(ए) श्रीमती सुभावती देवी,** हवेली खास, माधवनगर, उत्तर प्रदेश-272001 **2(बी) श्री शेषराम चौधरी,** हवेली खास, माधवनगर, उत्तर प्रदेश-272001 | संपत्ति के सभी भाग स्थित न्यू प्लॉट नंबर 538, क्षेत्रफल 0.078 हेक्टेयर (2720 वर्ग फीट), पुराना प्लॉट नंबर 324, खाता नंबर 353, हवेली खास, टप्पा हवेली परगना बस्ती पूर्व, तहसील बस्ती, उत्तर प्रदेश, 272001, **चौहद्दी: उत्तर:** कमलेश सिंह की भूमि, **दक्षिण:** जुगुल किशोर की खाली भूमि, **पूर्व:** शेओ कुमार की बाउण्ड्री, **पश्चिम:** 12 फीट रास्ता फिर इंद्रजीत कुमार का मकान | **06.12.2023** **02.04.2024** रु. 13,68,921.76 एवं उसपर ब्याज |

दिनांक : 08.04.2024, स्थान: बस्ती
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# राजग की भितरघात मिशन-80 की राह में चुनौती

## पश्चिम से पूरब तक कहीं रालोद तो कहीं सुभासपा से भाजपाइयों की खटपट की सूचना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



**अमृत विचारः** पश्चिमी उप्र. से लेकर पूरब तक लोकसभा सीटों पर राजग में भितरघात और अपसी मनमुटाव से पार पाना मिशन-80 के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। जाटलैंड में रालोद और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों में गुटबाजी और अंतर्कलह हावी दिख रही है तो, पूरब में घोसी विधानसभा के उपचुनाव जैसी कहानी सुभासपा प्रत्याशी के सामने है। हालांकि बड़े नेता इस आपसी मनमुटाव को अपने तरीके से दूर करने में जुटे हैं। इन सबके बीच राजग के सहयोगी दलों की मुस्लिम लीडरशिप खुलकर इंडी गठबंधन की मददगार बनती दिख रही है।

जाटलैंड में हो रहे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की सक्रियता उतनी नहीं देखी जा रही है, जितनी भाजपा नेताओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में चुनावी रैली के जरिए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, लेकिन मंच पर जयंत चौधरी नदारद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी के साथ सहारनपुर के बाद अपनी रैली बिजनौर और नगीना में की, इन इलाकों में जाटमतों का खासा प्रभाव है, लेकिन रालोद नेता दूर ही रहे। हालांकि तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर में गृहमंत्री अमित शाह के साथ जयंत ने मंच साझा किया था।

**कैरानाः सहयोगी से ही भितरघात का डर-** कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा एक कद्दावर नेता समेत कई दावेदार थे, मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भाजपा ने दो मंत्रियों लक्ष्मीनारायण व नरेंद्र कश्यप समेत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को मैदान में उतारा है। रालोद का असर यहां भी है, 2014 में रालोद-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 42706 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के हुकुम सिंह ने 565909 मत पाकर जीत दर्ज की थी। 2019 में गठबंधन प्रत्याशी के रूप में तबस्सुम हसन को मैदान में उतारा गया था। लेकिन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसबार वे मजबूत प्रत्याशी है, सहयोगी दल से भितरघात का डर सता रहा है।

**बिजनौर व नगीना सीटः गठबंधन संग चलना चुनौती-** बिजनौर रालोद के हिस्से में जाने से भाजपा के दावेदार मायूस हैं। ऐसे में रालोद को भाजपा नेताओं को साथ लेकर चलना चुनौती हो गई है। नगीना सुरक्षित सीट भाजपा के हिस्से में है, वहां ज्यादा गुटबाजी नहीं दिख रही है। हालांकि राजग का जीत के लिए एकजुट प्रयास हो, इसके लिए आपस में ही मान-मनौव्वल हो रहा है।

**घोसीः माफीनामा से भाजपा का वोट साध रही सुभासपा-** मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट बसपा के कब्जे से लेने के लिए राजग ने अपने सहयोगी सुभासपा को कमान सौंपी है। यहां पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरविंद राजभर को छड़ी निशान से मैदान में उतारा है। हाल में यहां विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की पिछली सरकार वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही सपा के सुधाकर सिंह के हाथों हराने में भिरतघात किया। ऐसा दोबारा न हो, इससे बचने के लिए हाल ही में भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर अरविंद राजभर से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माफी मंगवाई।

### राजनीति

- रालोद व सुभासपा के मुस्लिम नेता खुलेआम अपने समर्थकों को दे रहे बगावत और भितरघात का संदेश
- घोसी में अंतर्कलह से हार चुकी है भाजपा, इस बार सुभासपा प्रत्याशी से माफी मंगवाकर सहेज रही वोट

### मुजफ्फरनगरः राहत जरूर, मगर भितरघात हावी

पश्चिमी उप्र का मिजाज बताने वाले मुजफ्फरनगर जिले में 2022 के विधानसभा चुनाव में चरथावल, बुढ़ाना, खतौली और सरधना सीट भाजपा हार गई थी। इसबार रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राहत में हैं, मगर भितरघात हावी दिख रहा है। पूर्व विधायक संगीत सोम और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के बीच वजूद की लड़ाई से नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से मामला जरुर संभला है। 2019 में भाजपा से दूसरी बार भी संजीव बालियान सांसद चुने गए थे। सपा, रालोद के गठबंधन के प्रत्याशी अजित सिंह को हार का सामना करना पड़ा। रालोद 2014 में असरदार नहीं थी, रालोद-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के पंकज अग्रवाल को मात्र 12937 वोट मिले थे। वह चौथे स्थान पर थे।

### सहारनपुरः राजपूत समाज की नाराजगी

यहां भाजपा के प्रति राजपूत समाज में नाराजगी है। राजपूत समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी से दिक्कत नहीं है, लेकिन संगठन में अनदेखी के चलते रोष है। इसको लेकर राजपूत समाज ने सात अप्रैल को नानौता में कार्यक्रम रखा है। भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 के चुनाव में रालोद-कांग्रेस से इमरान मसूद को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ने जीत दर्ज की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन से हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 मत पाकर जीत दर्ज की थी।

### बागपतः आपसी खींचतान से रालोद परेशान

दो बार से भाजपा के कब्जे में रही इस सीट पर रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। इससे स्थानीय भाजपा नेताओं की नाराजगी देखी जा रही है। रालोद को भाजपा से भितरघात का डर तो सता ही रहा है, उसके कई अपने कद्दावर नेता भी टिकट न मिलने से नाराज हैं। 2014 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह, कांग्रेस-रालोद से अजित सिंह मैदान में उतरे थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 423475 वोट लेकर जीत गए थे। अजित सिंह 199516 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह और सपा-बसपा-रालोद से जयंत सिंह चुनाव लड़े थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 525789 वोट लेकर जीत गए और जयंत सिंह 502287 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

# चुनाव प्रचार में साइकिल व बैलगाड़ी ही थी शान की सवारी

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज गोंडा



कृष्ण गोपाल वैश्य

**अमृत विचारः** नगर के लगभग 82 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण गोपाल वैश्य बताते हैं कि 1966 व 72 के दौर में पार्टियां ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाती थीं, जो शिक्षित, सामाजिक और जन सरोकार से ताल्लुक रखता था। तब प्रचार-प्रसार पैदल साइकिल एवं बैलगाड़ी से होता था। आवागमन का रास्ता नहीं होने के कारण प्रत्याशी गांव के चौपाल में बैठकर मुखिया और गांव के सम्मानित लोगों को बुलाकर बात कर लिया करते थे। उस समय के कार्यकर्ता घर से सत्तू, चूड़ा, मूली, नमक एवं गुड़ को पोटली में बांधकर प्रचार के दौरान अपने साथ रखते थे। उस समय बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, कट आउट का प्रचलन नहीं के बराबर था। चुनाव के दौर में तामझाम बिल्कुल ही नहीं था। कृष्ण गोपाल वैश्य कहते हैं कि 1966 से लेकर अब तक सभी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपना मतदान सभी कामकाज छोड़कर दिया। लेकिन अब उम्र का तकाजा व अस्वस्थ होने के चलते दिक्कत आ रही है। उस वक्त के लोकसभा चुनाव में यही कोई कुल एक लाख रुपए से भी कम खर्च होते थे। वर्तमान समय के चुनावी क्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उस वक्त व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं चलता था। नेता और प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता काफी शालीन स्वभाव के थे। पार्टी की नीति को लेकर नेता एवं कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाते थे।

आज राजनीति में गिरावट क्षोभ का विषय है। शब्द बाण मर्यादित और शालीन रहती थी। लेकिन अब भाषा मर्यादा वाला नहीं रह गया। पहले के नेता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे। लेकिन वर्तमान में सभी नेता स्वार्थी हो गए हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि पहले यहां से दिवाकर दत्त तिवारी जो मूल रूप से किसान थे और परवल की खेती करते थे। इसलिए वे परवल तिवारी के नाम से प्रसिद्ध भी थे। जनसंघ पार्टी से चुनाव लड़े थे। यह आपातकाल के समय के आसपास की बात है। तब नगर के हंसराज जैन, पंडित बंशीधर, केशव प्रसाद व गणेश प्रसाद तिवारी आदि मिलकर साईकिल से रामकुशल सिंह व राम नरेश सिंह के यहां जाकर चुनावी रणनीति बनाया करते थे। चुनाव से लेकर मतगणना तक सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगे रहते थे।



# बाहुबल और बॉलीवुड के आकर्षण से दूर होता चुनाव

## कभी जनसभाओं में भीड़ जुटाने को बुलाए जाते थे फिल्मी सितारे | अब गिनती के सिने सितारे प्रत्याशी तो हैं, लेकिन प्रचारकों की सूची में नहीं

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव इस बार बाहुबलियों और बॉलीवुड की हस्तियों दोनों की ही चमक-धमक से दूर है। बीते चुनावों में राजनीतिक दलों ने इन दोनों के जन-आकर्षण को जमकर भुनाया। मुख्तार हों, अतीक हों या उन जैसे अपराध के दलदल से उबरकर राजनीति के पटल पर आकर धमक दिखाने वाले अन्य। फिलहाल इनके राजनीतिक दबदबे की सुगबुगाहट तक नहीं। वहीं, फिल्मी हस्तियों के चेहरे भी पहले की तरह न प्रचार में नजर आने वाले और न ही चुनावी लड़ाई लड़ने में। ऐसे चेहरे भी हैं तो, उंगलियों में गिनती के।

केवल फिल्मी सितारों की ही बात की जाए तो राजनीति से फिल्म जगत के सितारों का नाता पुराना रहा है। दरअसल, ऐसे सितारों का प्रयोग राजनीतिज्ञ चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए आते रहे हैं। इस बार मामला उल्टा है। सिनेमाई सितारे कम और लंबा राजनीतिक कॅरियर रखने वाले ज्यादा हैं। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सूची देखें तो पाते हैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से सिने तारिका हेमा मालिनी जबकि सपा की ओर से जया भादुड़ी ही चुनावी जनसभाओं में अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के साथ खड़ी दिखेंगी। इन दोनों का राजनीतिक कॅरियर लगभग दो दशक से भी ज्यादा का है, इसीलिए संभवतः स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल हुईं।

राजनीतिक दलों में सत्तासीन दल भाजपा पर मंथन करें तो पहले चरण के चुनाव में वोटर्स को आकर्षित करने के लिए रविकिशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' जैसे भोजपुरी सितारों को आगे नहीं किया है। वैसे तो उप्र. की मेरठ सीट से रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल और हिमाचल की मंडी सीट से सिने तारिका कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया ।लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान वाली सूची में नाम दर्ज नहीं किया है।

वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा की स्थिति देखें यहां पार्टी का कर्ताधर्ता यादव कुनबा ही स्टार प्रचारक है। उप्र. के सबसे बडेस इस राजनीतिक यादव कुनबे से चार सदस्यों अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, डिम्पल यादव और प्रो. रामगोपाल यादव सभी आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते दिखेंगे। सपा के साथी दल कांग्रेस की भी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शामिल हैं।

बीते चुनावों के पन्ने पलटें तो एक समय ऐसा भी था जबकि, सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह ने राजनीति को फिल्मी सितारों से हराभरा कर दिया था। जयाप्रदा को सांसद बनवाया। उस वक्त प्रचार में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसी बॉलीवुड हस्तियों को पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में उतरवा दिया। यानि एक दौर था जब चुनावी प्रचार में अमिताभ बच्चन से लेकर नये कलाकारों में सोनाक्षी सिन्हा तक नजर आयीं। फिलहाल इस बार ऐसा कुछ नहीं।

उस वक्त बॉडीवुड से चुनाव में किस्मत आजमाने वाले राजबब्बर, जयाप्रदा, हेमा मालिनी के लिए गोविंदा, चंकी पांडेय, नगमा, अमीषा पटेल, शमिता शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, शिल्पा शेट्टी जैसे तमाम सिने कलाकारों ने उत्तर प्रदेश चुनावी वातावरण को चकाचौंध किया था।


### जीत कर भी राजनीति की मंशा पूरी न कर सके

तमाम फिल्मी सितारों ने भले ही चुनाव जीता हो लेकिन वे राजनीति की जमीन पर उतर कर जनआकांक्षाओं पर सफल नहीं रहे। इस बार भी 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के प्रवेश और गोविंदा की वापसी चर्चा में है। सच पूछा जाए तो इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने का आत्मिक लक्ष्य लेकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब इन सितारों से संबधित क्षेत्र की जनता को उनके कार्य से संतुष्ट हुई हो। ऐसे में अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र इसका बड़ा उदाहरण रहे। दोनों का ही राजनीति से मोहभंग ही हो गया।

### नवाबों के शहर से भी सफल नहीं हुए सितारे

नवाबों के शहर लखनऊ से भी तमाम फिल्मी सितारों ने राजनीति की दुनिया में कदम रखने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। सबसे पहले 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने राजबब्बर को चुनाव में उतारा था। लेकिन, उस वक्त भाजपा के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी के आगे वे टिक नहीं सके। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिल्मकार मुजफ्फर अली को मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें भी अटल बिहारी के सामने हार का सामना करना पड़ा।


2009 में सपा ने भाजपा नेता लालजी टंडन के खिलाफ अभिनेत्री नफीसा अली को उतारा, लेकिन वह चौथे नंबर पर रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लखनऊ की जनता ने उन्हें भी नहीं स्वीकारा।



अमिताभ बच्चन




अमीषा पटेल



राज बब्बर


# आईना : सीतापुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राजेश वर्मा, विजेता | 5,14,528 |
| नकुल दुबे, उपविजेता | 4,13,695 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजेश वर्मा | 4,17,546 |
| बसपा | कैसर जहां | 3,66,519 |
| सपा | भरत त्रिपाठी | 1,56,170 |

सीतापुर के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952, 1957 | उमा नेहरू, परागी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सूरज लाल वर्मा | जनसंघ |
| 1967 | शारदा नन्द | जनसंघ |
| 1971 | जगदीश चंद्र दीक्षित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हर गोविंद वर्मा | जनता पार्टी |
| 1980,84 व 89 | राजेंद्र कुमारी बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | मुख्तार अनीस | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999, 2004 | राजेश वर्मा | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | कैसर जहाँ | बहुजन समाज पार्टी |

**2019** 8,873 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

**2014** 12,682 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# आधी हिस्सेदारी का दावा फिर भी नहीं मिल रही उम्मीदवार

## महिला प्रत्याशी उतारने में अब तक सपा आगे, भाजपा पीछे व कांग्रेस व बसपा में मात्र एक- एक प्रत्याशी




पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और बसपा को महिला उम्मीदवार मिल नहीं रहे या फिर उन्हें राजनीति में सक्रिय किसी महिला में योग्यता नजर नहीं आ रही? हालांकि प्रदेश में सपा से गठबंधन कर लड़ रही कांग्रेस ने हिस्से की 17 सीटों में से, अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में मात्र एक महिला को (गाजियाबाद सीट) मौका दिया है। वहीं बसपा ने भी घोषित तीन दर्जन उम्मीदवारों में एक मात्र लालगंज की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंदु चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा खुद को चुनाव से अलग कर लेने के बाद प्रियंका गांधी के भी चुनाव लड़ने पर संशय बना है, अगर प्रियंका ने रायबरेली से नामांकन नहीं किया तो गाजियाबाद सीट से कांग्रेस की एकमात्र महिला प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ चुनाव में होगी। कांग्रेस के पास सीटें भले कम हों लेकिन पार्टी के घोषणापत्र में अगर तमाम सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का दावा है तो इसकी तस्वीर भी घोषित उम्मीदवारों में दिखनी चाहिए।

उप्र. के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने है। भाजपा ने अब तक आधा दर्जन महिला प्रत्याशी समेत 62 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दूसरी तरफ सपा ने अपने हिस्से में आई 62 सीटों में से आठ सीट पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। यह संख्या यहां अन्य किसी भी दल से ज्यादा है। सपा की घोषित महिला उम्मीदवारों पर नजर डालें तो मेरठ की सीट पर दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद सुनीता वर्मा को, मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को और मुरादाबाद सीट पर एसटी हसन के स्थान पर रूचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने गोरखपुर से काजल निषाद, गोंडा से श्रेया वर्मा, उन्नाव से अन्नू टंडन, हरदोई से उषा वर्मा और कैराना से इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही जौनपुर सीट पर बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को भी उतारने की चर्चा है। वहीं, भाजपा ने अमेठी से स्मृति ईरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और लालगंज सीट से नीलम सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही घटकदल से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी एनडीए से चुनाव लड़ रहीं है। साथ ही मुलायम परिवार की बहु अपर्णा यादव को भी भाजपा द्वारा टिकट दिये जाने की चर्चाएं चल रही है।

▸▸ प्रियंका नहीं उतरीं तो कांग्रेस को दूसरी महिला प्रत्याशी मिलना मुश्किल

## चुनावी गतिविधियां

- **दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित :** भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रचार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित किया है। राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर लगभग 10 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 241 मिनट, कांग्रेस को 148 मिनट, माकपा को 54 मिनट, आप को 47 मिनट, एनपीपी को 45 मिनट और बसपा को 64 मिनट का समय मिलेगा। इसी तरह, राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों पर कुल 15 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 362 मिनट, कांग्रेस को 222 मिनट, माकपा को 81 मिनट, आप को 71 मिनट, एनपीपी को 68 मिनट और बसपा को 96 मिनट का समय मिलेगा। समाजवादी पार्टी को 53 मिनट और अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट का समय मिलेगा।

# रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** जाटलैंड की बिजनौर संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा तो जमा लिया था लेकिन 2019 के चुनाव में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के उम्मीदवार को पटखनी दे दी थी। भाजपा ने इस बार एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को यह सीट दी है। पार्टी ने यहां से विधायक चंदन चौहान को मैदान में उतारा है तो सपा ने दीपक सैनी को अपना चेहरा बनाया है। बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तीनों दलों से दमदार उम्मीदवार होने से यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। वैसे तो 2004 और 2009 के चुनाव में इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल काबिज रह चुकी है। अब देखना यह है कि मोदी की गारंटी, राम मंदिर निर्माण से उपजी लहर और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर चंदन चौहान जीत दर्ज कर पाते हैं फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।


**मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहानः** भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

**हर दल को मतदाताओं ने अपनायाः** यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार



### दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद- भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।


### मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।


चौधरी विजेंद्र सिंह।


दीपक सैनी।


चंदन चौहान।




**2019 का वोट प्रतिशत**

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44 .67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2 .36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

**26 % मुस्लिम मतदाता**

**22 % दलित मतदाता**

**18 % जाट मतदाता**

**06 % गुर्जर मतदाता**

**28 % अन्य वोटर**

**17,33,372** बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

### सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगतार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

# कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।


छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।



| | |
|---|---|
| अनुसूचित जनजाति आबादी | 37% |
| अनुसूचित जाति की जनसंख्या | 12% |
| कुछ अधिक मुस्लिम आबादी | 5% |

**74%** ग्रामीण मतदाता

**26%** शहरी मतदाता



**16** लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

**08** लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

### कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

**08** लाख 10 हजार महिला मतदाता

**53** हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

### लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल-2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

### प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।



**तेवर दिखाए**

नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

# शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

### विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

**पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी** जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

# पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

**जलपाईगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया,भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।



जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

## कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

**झुंझुनूं।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।





**सड़क पर सीएम**

बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

## मुफ्त बिजली देने पर फंस जाएंगे पंजाब जैसे राज्य : केंद्र

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्री आरके सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन में लागत आती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

# अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

### विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ का निवेश

**खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी**

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है। एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से आएगी।

### 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

## एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

## पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा


**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। उसे बहुत सी फ्लाइट कैंसिल भी करनी पड़ी है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। साथ ही, सैलरी स्ट्रक्चर में भी जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

## बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी**



टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

# सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

*मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब बढ़कर 645.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर ये जानकारी दी है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार छठे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। आरबीआई ने बताया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।*



### इससे पहले के आरबीआई के आंकड़े

इससे पहले पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा कोष 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.354 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 570.618 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

## वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

# एक वर्ष में 13 प्रतिशत बढ़ा भारत का कोयला आयात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

### वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3.41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3.43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

### महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

**गडचिरोली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

### हैदराबाद में अचानक बंदूक चलने से एक पुलिसकर्मी की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में रविवार को 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पुलिसकर्मी हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। मृतक पुलिसकर्मी नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने बगल में एसएलआर बंदूकों को लेकर सो रहा था, तभी अचानक गोलियां उसके गले में धंस गई। जहां उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है।

# करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी।

कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए, मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं। ये सभी वकील हैं और इन्हें विशेष यूनिक आईडी दी गई है। इन्हें मानदेय भी मिलेगा। ये लोग हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों की कानूनी मदद करेंगे।

# पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें**



राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है। किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

किशोर ने कहा, राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके। यह संभव नहीं है। 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के गांधी के फैसले का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद ने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को काम करने देंगे।

### गुलजार लाल चौक ...



**श्रीनगर :** ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य मे ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

## सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

**सुविधा पोर्टल** आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को समान अवसर के लिए 44 हजार से अधिक अनुरोधों को दी मंजूरी

# प्रचार गतिविधियों के लिए मिले 73 हजार आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे ज्यादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा।

सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

### दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च) में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही।

कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समर्थित है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28.1 लाख, मुद्दे की बात ने 20.2 लाख और सीधा चश्मा ने 9.5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10.58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8.04 करोड़ और डीएमके ने 4.31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# स्टोइनिस और यश ठाकुर चमके एलएसजी की लगातार तीसरी जीत

## लखनऊ के मार्कस स्टोइनिस ने 58 रन और यश ठाकुर ने पांच विकेट झटके

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (58 रन) के अर्धशतक के बाद यश ठाकुर (30 रन देकर पांच विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया।

गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल (19 रन) और साई सुदर्शन (31 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत करायी लेकिन लगातार विकेट गंवाने से टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गयी। इन दोनों के अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाये। एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किये जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में आठ रन देकर अपनी ही गेंद पर एक शानदार कैच लपककर एक विकेट हासिल किया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की टीम ने स्टोइनिस (43 गेंद) के इस आईपीएल चरण के पहले अर्धशतक और उनकी कप्तान केएल राहुल (31 गेंद में 33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 73 रन की साझेदारी की मदद से यह स्कोर खड़ा किया। जिसमें अंत में पूरन ने 22 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। गुजरात टाइटंस के लिए उमेश यादव और दर्शन नालकंडे ने दो-दो विकेट झटके। राशिद खान को एक विकेट मिला। उमेश यादव (22 रन देकर दो विकेट) के पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक ने स्क्वायर लेग पर बाउंड्री जड़ दी लेकिन एक गेंद बाद यह बल्लेबाज पवेलियन पहुंच गया। डिकॉक उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर थर्ड मैन पर नूर अहमद को कैच देकर पवेलियन लौटे जो टीम के लिए बड़ा विकेट था। उमेश के अगले ओवर की पहली गेंद पर देवदत्त पडीक्कल ने चौका लगाया लेकिन इस गेंदबाज ने अगली ही गेंद पर बदला चुकता करते हुए उन्हें बल्ला छुआने के लिए ललचाया और विजय शंकर ने स्लिप में कैच लपकने में गलती नहीं की। इससे तीन ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 18 रन था। राहुल ने संयम से खेलते हुए स्पेंसर जॉनसन पर तीन आकर्षक चौके जड़े जिससे चौथे ओवर में 13 रन जुड़े। राहुल को स्टोइनिस के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला।



यश ठाकुर

### लखनऊ 163/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव | 06 | 04 | 0/1 |
| केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे | 33 | 31 | 3/0 |
| देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव | 07 | 07 | 1/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे | 58 | 43 | 4/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 32 | 22 | 0/3 |
| आयुष बदोनी का यादव बो राशिद | 20 | 11 | 3/0 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2


### गुजरात 130/10 — 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या | 31 | 23 | 4/0 |
| शुभमन गिल बो यश ठाकुर | 19 | 21 | 2/0 |
| केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई | 01 | 05 | 0/0 |
| बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या | 02 | 05 | 0/0 |
| विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर | 17 | 17 | 0/1 |
| दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या | 12 | 11 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर | 30 | 25 | 2/2 |
| राशिद खान का सब बो यश ठाकुर | 00 | 03 | 0/0 |
| उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक | 02 | 04 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |
| नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर | 04 | 02 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1

## मैच में आखिरकार नहीं हुई हार्दिक पंड्या की हूटिंग

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए दिवस पर खेला जा रहा है, जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार के मैच से एक दिन पहले कहा था कि दर्शकों को पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि अगर उन्हें कप्तान के तौर पर टीम में शामिल किया गया है तो यह उनकी गलती नहीं है। गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है।''



टिम डेविड रोमारियो शेफर्ड

# मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

### मुंबई 234/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6/3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4/2 |
| सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 39 | 33 | 3/1 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1/0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2/4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3/4 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

### दिल्ली 205/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ बो बुमराह | 66 | 40 | 8/3 |
| डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3/7 |
| ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1/0 |
| ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

### भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

### पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

### एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

**सेविले।** एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानिस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।

## बॉलीवुड हलचल

# वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफिलक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे।उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है – हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

# कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।



# संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

**मुबई, मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

● प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आज करेंगे परिवर्तन चिंतन सम्मेलन की अध्यक्षता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। बयान में कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के अपने प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि यह चिंतन सभी त्रि-सेवा संस्थानों, सैन्य कार्य विभाग, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ और तीनों सेवाओं के प्रमुखों का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी अपनी विविधतापूर्ण समझ तथा अनुभव के आधार पर वांछित 'संयुक्तता एवं एकीकरण' के अंतिम लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के उपायों के बारे में सुझाव देंगे।

# इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

**जयापुरा।** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए।

पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में कई अन्य विद्रोही घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हालांकि घायल विद्रोही जंगल में भागने में सफल रहे। समूह के प्रवक्ता से अभी इस संबंध में प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

# बेहतर अर्थव्यवस्था को डिजिटलीकरण अहम : डेनिस

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



● यूएनजीए अध्यक्ष ने भारत में डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचे में निवेश की सराहना की




संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैंहैरान हूं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मैं जिस विशिष्ट उदाहरण का उल्लेख कर सकता हूं, वह है भारत में डिजिटलीकरण का उपयोग। उन्होंने देश के पर्यटन वाक्य अतुल्य भारत का जिक्र किया। फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर तथा मुंबई की यात्रा भी की।

उन्होंने गरीबी को कम करने तथा सिर्फ एक हैंडसेट और डिजिटलीकरण मॉडल के उपयोग से लाखों लोगों को औपचारिक आर्थिक प्रणाली में लाने के लिए भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा किया कि डिजिटलीकरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लागत को कम करता है, अर्थव्यवस्थाओं को अधिक कुशल बनाता है और सेवाओं को सस्ता बनाता है। फ्रांसिस ने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है। इस क्षेत्र में भारत को स्पष्ट रूप से तुलनात्मक लाभ है और इसमें ऐसे सबक हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी भारत यात्रा के दौरान वह देश भर में बुनियादी ढांचे के विकास में किए जा रहे निवेश के स्तर से प्रभावित हुए।

## एक नजर

### लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

### चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30 .07 मीटर (98 .6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

### रूस सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संघीय आपात स्थिति घोषित की

**मॉस्को।** रूस सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार, उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में से एक ओर्स्क पहुंचे। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार मंत्री ने कहा, मैं ओरेनबर्ग क्षेत्र के हालात को आपात स्थिति के रूप में वर्गीकृत करने और एक संघीय स्तरीय प्रतिक्रिया का प्रस्ताव रखता हूं।

### चीन के शिनजियांग में 5.4 तीव्रता से आए भूकंप के झटके

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिमी चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के बाइचेंग काउंटी में रविवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार (बीजिंग समयानुसार) रविवार शाम 4 :46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .4 आंकी गई। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप का केंद्र 41 .94 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 82 .14 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन से 17 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

# रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

## जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।



हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

### कुछ फिलिस्तीनियों को गाजा जाने दे इजराइल : अमेरिका

**वाशिंगटन।** दक्षिणी गाजा शहर राफा में आगामी इजरायली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच, बिडेन प्रशासन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के लिए इजरायल पर दबाव बना रहा है। शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाल ही में आधे घंटे की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली नेता से एन्क्लेव में तत्काल युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त करने के साथ-साथ वार्ता करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में नागरिकों के खतरे को समाप्त करने और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के जोखिमों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर भी बल दिया।

### इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।



# आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी



● पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

# सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

# ग्रीस के जंगल में 2024 में लगी पहली बड़ी आग, तीन घायल

**एथेंस।** दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी। उच्च तापमान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हीटवेव और आगजनी के कारण ग्रीस में प्रत्येक वर्ष गर्मियों में कई जंगलों में आग लग जाती है।

## हैं तैयार हम...



भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

तकनीक से बदलाव | भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

# अगले पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पंचायत या ग्रामीण स्तर पर पूर्वानुमान प्रदान करना है... कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी उपलब्ध कराना है। आईएमडी प्रमुख ने आसानी से सूचना उपलब्ध होने वाले युग में डेटा के आधार पर निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। महापात्र ने कहा कि एआई और 'मशीन लर्निंग' को शामिल करने से हम मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए पिछले डेटा का उपयोग कर पाते हैं और पारंपरिक भौतिकी-आधारित मॉडलों पर निर्भर रहे बिना पूर्वानुमान सटीकता में सुधार कर पाते हैं।

### समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

# अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी




चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।